भाद्रपद शुक्ल पक्ष नवमी 11:33 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 12 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 297, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



प्रेसिडेंशियल डिबेट : ट्रंप पर भारी पड़ीं हैरिस 16
देवरा में जान्हवी ने सर्वश्रेष्ठ काम किया : करण 15

## केदारनाथ में हेलमेट पहनकर होगी यात्रा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** केदारघाटी में भूस्खलन का खतरा बरकरार है। सरकार ने अब पैदल यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्णय लिया है। गौरीकुंड-केदारनाथ मार्ग पर स्लाइडिंग एवं डेंजर जोन अब यात्रियों को हेलमेट पहनाकर पार कराए जाएंगे। साथ ही ऐसे स्थानों पर अनाउंसमेंट और अलर्ट लाइट्स का भी सहारा लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारघाटी में बेहतर सुरक्षा इंतजाम करने के लिए 30 करोड़ की धनराशि दी है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में मास्क एवं हेलोजन लाईट लगवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि पैदल यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग, जंगलचट्टी, रामबाड़ा, भीमबली सहित अन्य डेंजर जोन में यात्रियों को अब सुरक्षा हेलमेट पहन कर यात्रा करवाई जाएगी।

### बदरीनाथ-केदारनाथ की पहाड़ियों पर बर्फबारी



**देहरादून।** बदरीनाथ और केदारनाथ की ऊंची पहाड़ियों पर सीजन का पहला हिमपात हुआ। इसी के साथ दोनों धाम में ठंड में इजाफा हो गया है। ऊंचे पर्वतीय इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। मंगलवार रात को हुई बारिश के बाद ऊंची चोटियों पर बर्फबारी भी हुई। बुधवार की सुबह बदरीनाथ-केदारनाथ की ऊंची चोटियों पर मौसम का पहला हिमपात दिखाई दिया। ऊंची चोटियां बर्फबारी की वजह से चमचमा रही थीं। माणा क्षेत्र के पास भी बर्फबारी हुई है। राज्य में मानसून आखिरी चरण में है लेकिन पर्वतीय जिलों में लगातार हो रही बारिश से तबाही मची हुई है। मौसम विभाग ने 14 सितंबर तक पर्वतीय जिलों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। बारिश और ऊंची चोटियों पर हिमपात से दोनों धाम में ठंड एकाएक बढ़ गई है।

## देश को तोड़ने वालों के साथ खड़े होना राहुल गांधी की आदत

### गृहमंत्री अमित शाह ने आरक्षण संबंधी टिप्पणी के लिए नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने विदेशी धरती पर दिए बयानों को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहरा किया और कहा कि देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल और कांग्रेस पार्टी की आदत बन गई है।

अमित शाह ने कहा कि देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत-सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के देश विरोधी और



आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल ने हमेशा देश की सुरक्षा और भावना को आहत किया है। उन्होंने कहा कि भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गांधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कहकर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

### संविधान कायम रखने की बात राष्ट्र विरोधी कैसेः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी को लेकर अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि संविधान को कायम रखने की बात करना राष्ट्र विरोधी कैसे है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह सवाल भी किया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश जाकर भारत और भारतीय नागरिकों के खिलाफ भयावह टिप्पणियां करते हैं, तो क्या वह राष्ट्र-विरोधी नहीं हैं? भारत संबंधी विवादास्पद रुख के लिए चर्चित डेमोक्रेट इल्हान उमर से गांधी की मुलाकात को लेकर उनकी आलोचना किए जाने पर कांग्रेस ने कहा कि भाजपा (केंद्र) सरकार में है, इसलिए वह अमेरिकी राजदूत को तलब करे और अगर उसे ऐसा कुछ लगता है तो कार्रवाई करे। खेड़ा ने सवाल किया कि हम भारत के संविधान को कायम रखने की बात कर रहे हैं तो यह राष्ट्र-विरोधी कैसे है? ऐसा क्यों है कि जब भी हम संविधान को कायम रखने की बात करते हैं तो भाजपा को दिक्कत होती है? वे संविधान के इतने खिलाफ क्यों हैं?

LAST 7 DAYS
ALL CHILDREN & TEENAGER WEAR
7 DAYS OPEN
Jeans, T-Shirt
Top, Boy Suit
Girl Dress,
Gown,
Track Suit
Kurti, Plazo,
Selex
& Footwear
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## एक नजर

### कठुआ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दो आतंकवादी मार गिराए। मुठभेड़ की शुरुआत के बाद से सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी थी। खबर लिखे जाने तक ऑपरेशन जारी रहा। उधमपुर और कठुआ जिलों के इन संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने गहन तलाशी अभियान शुरू किया है। इलाके में भारी बारिश के बावजूद सुरक्षाबल आतंकवादियों को ढूंढ़ने में सफल रहे हैं। इलाके में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है और लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकियों के पास से एक एम-4 राइफल, एके राइफल और पिस्टल समेत विभिन्न हथियार बरामद किए हैं।

## हमारा सपना दुनिया की हर डिवाइस में हो भारत में बनी चिपः प्रधानमंत्री

### मोदी ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 की शुरुआत की

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेमीकंडक्टर के घरेलू विनिर्माण में निवेश को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन और कृत्रिम मेधा (एआई) तक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हर उत्पाद का आधार है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि दुनिया के हर उपकरण में भारत में बनी चिप लगी हो। हम भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'सेमीकॉन-2024' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से आपूर्ति श्रृंखला की अहमियत का अहसास सबको हुआ है। उन्होंने भविष्य में इस तरह के किसी भी व्यवधान पर काबू पाने के लिए कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया। कोविड-19 महामारी के समय दुनिया को आपूर्ति संबंधी बड़े झटके झेलने पड़े थे। चीन में उठाए गए सख्त कदमों ने उस देश से आयात पर निर्भर उद्योगों और क्षेत्रों को खासा प्रभावित किया था। इससे भारत में भी सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत पैदा हो गई थी, जो सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अहम हिस्सा है।



सेमीकॉन इंडिया की एक प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी।

प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर उद्योग के हितधारकों से कहा कि यह भारत में मौजूद होने का सही समय है। आप सही समय पर सही जगह मौजूद हैं। आज का भारत दुनिया को यह भरोसा देता है कि जब हालात ठीक न हों तो आप भारत पर दांव लगा सकते हैं।

**आयात पर निर्भरता कम करने को 76000 करोड़ की योजनाः** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने चिप निर्माताओं और उनके आपूर्तिकर्ताओं को लुभाने और मौजूदा जरूरतें पूरा करने और ताइवान जैसे देशों पर आयात निर्भरता कम करने के लिए 76,000 करोड़ रुपये का कार्यक्रम बनाया है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश घोषित हुआ है और प्रतिदिन लगभग सात करोड़ चिप के उत्पादन की योजना है। प्रधानमंत्री ने भारत को सेमीकंडक्टर चिप का बहुत बड़ा उपभोक्ता बताते हुए कहा कि कहा कि यह छोटी-सी चिप भारत में अंतिम छोर तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े काम कर रही है।

### यूपी में आज निवेश के ढेर लगे हैंः मुख्यमंत्री

सेमीकॉन इंडिया 2024 की शुरुआत के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्र सरकार के आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को साझा प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कहा कि 2017 के पहले जहां उप्र. में कोई निवेश नहीं करना चाहता था, वहीं आज यहां के बदले हुए वातावरण निवेश के ढेर लगे हैं। आज यूपी में कानून का राज है। निवेश के अनुकूल नीतियां हैं। व्यापार के अनुरूप वातावरण है। इसके चलते आज हर कोई राज्य में निवेश के लिए आना चाहता है। योगी ने कहा कि उप्र. को निवेश के अनुकूल राज्य बनाने के लिए बीते सात साल में सभी ने काफी मेहनत की है। आज हम निवेशकों की प्रत्येक समस्याओं का निश्चित समय में समाधान करते हैं। पहले भी सिंगल विंडो सिस्टम की बात की जाती थी, लेकिन हमने इसे गंभीरता से लागू किया।

## अवैध धर्मांतरण कराने वाले 12 को उम्रकैद, 4 को 10-10 साल की कैद

### एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने सुनाई सजा

विधि संवाददाता, लखनऊ

- उमर ने करीब एक हजार लोगों का कराया था धर्मांतरण

**अमृत विचारः** अवैध धर्मांतरण मामले में एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने दोषी करार दिए गए 16 में से 12 अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं, चार दोषियों को दस-दस साल कारावास की सजा दी है। इनमें से कई पर जुर्माना भी लगाया है। बीते मंगलवार को न्यायालय ने इन सभी अभियुक्तों को दोषी करार दिया था।

विशेष जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने मो. उमर गौतम, इरफान शेख उर्फ इरफान खान, सलाहुद्दीन जैनुद्दीन शेख, प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा, कौशर आलम, डॉ. फराज बाबुल्लाह शाह, मौलाना कलीम सिद्दीकी, धीरज गोविंद राव जगताप, सरफराज अली जाफरी, मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी व अब्दुल्ला उमर को आईपीसी की धारा 121ए में उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं, उम्रकैद की सजा पाए अभियुक्तों के साथ-साथ मो. सलीम, राहुल भोला, मन्नू यादव व कुणाल अशोक चौधरी को धारा 5,



मौलाना उमर गौतम

यूपी विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत दस-दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने अवैध धर्म परिवर्तन के पीड़ित आदित्य गुप्ता व मोहित चौधरी को दो-दो लाख रुपये का प्रतिकर दिए जाने के भी आदेश दिए हैं। अभियुक्तों को दूसरे अन्य आरोपों में भी एक वर्ष से लेकर पांच वर्ष तक के कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। उल्लेखनीय है कि एटीएस ने इन अभियुक्तों को देश के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया था। 20 जून, 2021 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में उप निरीक्षक विनोद कुमार ने दर्ज कराई थी। इन सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 417, 120बी, 121ए, 123, 153ए, 153बी, 295ए व धारा 298 के साथ ही उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3/5/8 में आरोप तय हुआ था।

### विदेशों से हो रही थी फंडिंग

अभियुक्तों द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, विद्वेष तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मांतरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था। इनके तार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी जुड़े हैं। इसके लिए इन्हें विदेशों से हवाला के जरिए रकम भेजी जा रही थी। इनके द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं व दिव्यांगजनों को बहला-फुसलाकर व अनुचित दबाव डालकर नियोजित तरीके से जनसंख्या संतुलन बदलने के लिए बड़े पैमाने पर धर्मांतरण किया जा रहा था। ये धर्म विशेष के लोगों को मृत्यु के बाद की दुनिया में जहन्नुम की आग जैसी अवधारणाओं का हवाला देकर भयभीत भी करते थे। अभियोजन का आरोप था कि इनका उद्देश्य देश में शरीयत आधारित सरकार की व्यवस्था कायम करना था।

## खीरी : गन्ना बांधने गए श्रमिक को बाघ ने बनाया निवाला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- 15 दिन में दूसरी घटना होने से लोगों में आक्रोश
- बढ़ता जा रहा वन्यजीव और मानव संघर्ष

**अमृत विचारः** महेशपुर रेंज के ग्राम मूड़ा अस्सी में मजदूरी पर गन्ना बांधने गए श्रमिक पर बाघ ने हमला कर निवाला बना लिया। 15 दिन में दो घटनाएं होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने छह घंटे तक गोला सिकंद्राबाद रोड पर शव रखकर जाम लगाया। अधिकारियों के शासकीय सहायता दिलाने और बाघ को शीघ्र पकड़ने के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ।

मोहम्मदी वन रेंज और थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव मूड़ा अस्सी निवासी जाकिर हुसैन (45) पुत्र रोज अली गांव के ही रामनिवास के खेत में गन्ने की बंधाई करने गया था। खेत में बैठे बाघ ने जाकिर पर हमला कर मार डाला। ग्रामीणों ने जाकिर के अधखाए शव को गोला-सिकंद्राबाद रोड पर रखकर 25 लाख रुपये का मुआवजा दिलाने, बेटे को सरकारी नौकरी और आश्रितों को आवास दिलाने की मांग की। अधिकारियों ने शासकीय सहायता और तीन दिन में बाघ पकड़ने का आश्वासन दिया, तब छह घंटे के बाद शव सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा सका। प्रभागीय वनाधिकारी संजय कुमार विश्वाल ने बताया कि बाघ पकड़ने के लिए एक्सपर्ट टीम तैनात कर दी गई हैं।

### बदायूं : भेड़िया समझ सियार को अधमरा किया

**बदायूं।** बुधवार तड़के एक सियार शहर में गद्दी चौक मोहल्ला में घुस आया और यहां गायों पर हमला कर दिया। लोगों ने उसे आदमखोर भेड़िया समझ लिया और घेरकर उसे पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। बेदम हो चुके सियार का वन कर्मियों ने इलाज कराने के बाद पिंजरे में बंद कर जंगल में छोड़ दिया।

### पीलीभीतः घास काटने गई महिला पर सियार का हमला

**बरखेड़ा।** गांव पतरासा कुंवरपुर के मंगली प्रसाद की पत्नी गया देवी अपनी देवरानी नीलम देवी के साथ गन्ने के खेत में घास काटने गई थीं। इसी बीच एक सियार ने गया देवी के ऊपर हमला कर दिया। गया देवी का सीएचसी में उपचार कराया गया। ग्रामीणों ने सियार की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं लग सका।

### बहराइच : दो किशोरियों पर भेड़िए का हमला

**भगवानपुर।** महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िए का आतंक जारी है। मंगलवार रात अलग-अलग गांवों में भेड़िए ने दो किशोरियों पर हमला कर दिया। हरदी थाना क्षेत्र के मजरा गडरियनपुरवा निवासी सुमन परिवार के लोगों के साथ सो रही थी। तभी भेड़िए ने हमला कर दिया। दूसरी घटना में खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम भिवानीपुर निवासी शिवानी पुत्री किशोरी लाल पर बुधवार तड़के 4 .45 बजे भेड़िए ने हमला कर दिया।

## पटरियों पर नजर रखने के लिए ट्रेनों में लगाए जाएंगे कई कैमरे

- रेलवे के खिलाफ साजिशों के बीच रेलमंत्री वैष्णव का ऐलान

**नई दिल्ली।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के इरादे से पटरियों और आसपास के क्षेत्र पर नजर रखने के लिए ट्रेन में कई कैमरे लगाए जाएंगे। वैष्णव का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब कई ऐसी दुर्घटनाएं घटी हैं, जिनमें संदेह है कि ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश की गई। वैष्णव ने बताया कि ट्रेन के इंजन और गार्ड कोच के अगले-पिछले हिस्सों और दोनों किनारों पर कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डिब्बों में और इंजन के अगले हिस्से में जानवरों से बचाव के लिए लगे 'कैटल गार्ड' पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। ट्रेन को बेपटरी करने की हालिया कोशिशों को बेहद गंभीर करार देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे प्रशासन विभिन्न राज्यों के पुलिस प्रमुखों से संपर्क कर उनसे पटरियों की सुरक्षा के लिए सतर्कता बढ़ाने का आग्रह कर रहा है।

## रील बनाने के चक्कर में ट्रेन से कटकर दंपती और बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मेला देखने आए थे, उमरिया नहर पुल पर रील बनाने लगे

**अमृत विचारः** रेलवे लाइन पर रील बना रहे दंपती और बच्चे की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। दंपती सीतापुर के रहने वाले थे। वे ढाई साल के बेटे के साथ 40वें का मेला देखने आए थे।

सीतापुर के कस्बा लहरपुर के मोहल्ला शेख टोला निवासी मोहम्मद अहमद (30) पत्नी नाजमीन और ढाई साल के पुत्र अकरम के साथ बुधवार सुबह क्वेंटी कलां गांव में चल रहे 40 वें का मेला देखने आए। इस दौरान दंपती उमरिया रेलवे नहर पुल पर चले गए और मोबाइल से रील बनाने और सेल्फी लेने लगे। नाजमीन की गोद में बच्चा था। इसी बीच सीतापुर से लखीमपुर खीरी जा रही ट्रेन धड़धड़ाती आ गई। दंपती पुल पर बच नहीं सके और ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शवों के चीथड़े करीब तीन सौ मीटर दूर तक बिखर गए। पुलिस और आरपीएफ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पहचान होने के बाद मृतकों के घर वालों को खबर की गई। खबर मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और रिश्तेदार पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव सौंप दिए।

> काफी दुखद हादसा है। पति-पत्नी और बच्चे की मौत हुई है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दंपती रेलवे पुल पर मोबाइल से रील बना रहे थे और सेल्फी ले रहे थे, तभी सीतापुर की तरफ से ट्रेन आ गई जिसकी चपेट में दोनों आ गए।
> –**पवन गौतम,** एएसपी पूर्वी

## 70 साल से ऊपर सभी नागरिकों को मिलेगा आयुष्मान कार्ड

### केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, छह करोड़ से ज्यादा बुजुर्ग होंगे लाभान्वित

#### बीमा कवर

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी आय वर्गों के लोगों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। इस कदम से 4.5 करोड़ परिवारों के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को एक नया अलग कार्ड जारी किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 70 साल से ज्यादा उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कवर करने का फैसला लिया है। इस फैसले में मानवतावादी सोच है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल के ऊपर का हर बुजुर्ग चाहे वह गरीब हो, चाहे मध्यम वर्ग के हों, चाहे उच्च मध्यम वर्ग के हों, ये नया दायरा होगा, जिनको 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। वैष्णव ने कहा कि इस स्कीम में आज नया अध्याय जुड़ा है। कई परिवार ऐसे हैं, जो पहले से दायरे में आते हैं और इसमें वरिष्ठ नागरिक जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, मान लीजिए कि कोई गरीब या मध्यम परिवार है, जो आयुष्मान योजना के दायरे में आते हैं और इसमें वरिष्ठ नागरिक भी हैं तो ऐसे में अतिरिक्त साझा टॉप-अप कवर पांच लाख का मिलेगा। कोई परिवार इसके दायरे में नहीं आता है तो 70 साल से ज्यादा वाले लोगों के लिए नया कवर पांच लाख रुपये का होगा।




### किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार हर भारतीय के लिए किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका यह बयान केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दिए जाने के बाद आया है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'हम हर भारतीय के लिए सुलभ, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस संदर्भ में, मंत्रिमंडल ने आज 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे का और विस्तार करने का निर्णय लिया है।'

## शेर अली जाफरी बेटे समेत गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खुसरो कॉलेज के चेयरमैन पर सैकड़ों छात्रों को फर्जी डिग्री देकर 3.69 करोड़ ठगी का आरोप

**अमृत विचार :** खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज अली जाफरी को 379 छात्रों को डी फार्मा की फर्जी डिग्री देकर 3.69 करोड़ की ठगी करने के मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों के खिलाफ प्रारंभिक तौर पर छात्रों से धोखाधड़ी करने की पुष्टि हुई है। इस मामले में फरार तीसरे आरोपी डॉ. विजय शर्मा की तलाश में भी लगातार दबिश दी जा रही हैं।

खुसरो कॉलेज प्रबंधन ने वर्ष 2019 से 2023 तक 379 छात्रों के डी फार्मा और पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश लिए थे। कोर्स पूरा होने के बाद सभी को डी फार्मा की फर्जी मार्कशीट और डिग्री दे दी गईं। कुछ छात्रों ने नौकरी के आवेदन के साथ ये मार्कशीट लगाई तो सत्यापन में उनके फर्जी होने का खुलासा हुआ। कॉलेज से कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर छात्रों ने थाना सीबीगंज में तहरीर दी। पुलिस ने भी टालमटोल की तो तमाम छात्रों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से शिकायत की।

एसएसपी की ओर से मामले की गहन जांच के लिए एसपी दक्षिणी मानुष पारीक के नेतृत्व में एसआईटी बनाई गई। एसआईटी ने कई दिन लगातार जांच के बाद छात्रों के साथ की गई धोखाधड़ी में शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज का हाथ होने की पुष्टि की। इसके बाद बुधवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक छात्रों से ली गई फीस शेर अली और फिरोज के ही बैंक खातों में जमा की जाती थी।

> खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज के खिलाफ सैकड़ों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने की प्रारंभिक पुष्टि के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। एसआईटी और दोषियों का भी पता लगा रही है। –**अनुराग आर्य,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

## एक नजर

### हत्या के प्रयास का अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन एसओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त सुरेन्द्र पाल सिंह निवासी तालिमगंज थाना दातागंज जिला बदायूं के खिलाफ एक सप्ताह पूर्व हत्या के प्रयास आदि की धारा का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार की सुबह दस बजे पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र पाल को जगतियापुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### तमंचा के साथ युवक किया गिरफ्तार

**जलालाबाद।** गांव डुही जदीद निवासी देवसिंह को पुलिस ने बेहटा जंगल-मलूकपुर से रात नौ बजे गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर और एक कारतूस बरामद किया गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि अभियुक्त तौसीफ निवासी अंटा थाना सदर बाजार के खिलाफ एक सप्ताह पूर्व गोवध अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस ने बुधवार की दोपहर गोविंदगंज रेलवे फाटक की पार्किंग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में सिपाही नरेंद्र कुमार व राजू सैनी थे।

### पुलिस से कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर।** बाबा शिव त्रिलोकीनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय महाराज ने सिंधौली थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर बताया कि बाबा शिव त्रिलोकीनाथ धाम ट्रस्ट पैना बुजुर्ग के किसी पदाधिकारी के वाहन पर ट्रस्ट के पद का नाम नहीं लिखा है और न ही लिखने की अनुमति है, अगर कोई व्यक्ति ट्रस्ट के पद का नाम अपने वाहन पर लिखता है, तो उस पदनाम को वाहन से हटवाकर उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### एक वारंटी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** कलान थाना उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि अभियुक्त जितेंद्र निवासी वसई थाना कलान के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट था। अभियुक्त के ऊपर पहले से तीन मुकदमे विभिन्न धाराओं के पंजीकृत है। पुलिस ने वारंटी को गांव के बाहर से गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

# प्राथमिक शिक्षामित्र संघ में रार, अब रामपूत जिलाध्यक्ष

## जिला इकाई पुनर्गठन के विरोध में आयोजित बैठक में चुनाव कराने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संगठन के वायलॉज के अनुरूप पुरानी इकाई भंग किए बिना नहीं बन सकती नई इकाई
- बैठक में पुराने पदाधिकारियों समेत सभी ब्लॉक अध्यक्ष शामिल होने का दावा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन को लेकर विवाद जारी है। दूसरे दिन बुधवार को शिक्षामित्रों ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा घोषित कार्यकारिणी के समानांतर नई कार्यकारिणी घोषित कर दी। इसमें रामपूत पाल को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष घोषित कर पुरानी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को ही बहाल कर दिया। रामपूत पाल का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अभी तक पुरानी कार्यकारिणी भंग नहीं की गई है। इसलिए पुरानी कार्यकारिणी अपना काम करती रहेगी।



रामपूत पाल।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा 10 सितंबर को ऊषा मिश्रा के नेतृत्व में घोषित कार्यकारिणी का विरोध शुरू हो गया है। शिक्षामित्र गुटों में बंटते नजर आ रहे हैं। अगर विरोध की यही स्थिति रही तो जिले में तीसरा संगठन खड़ा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। खास बात यह है कि प्रांतीय नेतृत्व द्वारा घोषित नवीन जिला इकाई में जिलाध्यक्ष को छोड़ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी इससे खुश नहीं हैं। उनका कहना है कि नियमानुसार पहले पुरानी इकाई भंग होनी चाहिए, फिर नवीन इकाई का गठन किया जाए।

बुधवार को रोटी गोदाम स्कूल परिसर में शिक्षामित्रों ने नवीन इकाई में महामंत्री और उपाध्यक्ष बनाए गए पदाधिकारी रामपूत पाल और वेद वर्मा के नेतृत्व में बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से रामपूत पाल को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष घोषित कर पुरानी इकाई में शामिल शिक्षामित्रों के वही पदाधिकारी घोषित कर दिए गए, जो पहले थे। बैठक में शिक्षामित्रों ने प्रदेश नेतृत्व से मांग की है कि संगठन के वायलॉज के पैरा 64 में स्पष्ट वर्णित है कि जनपदीय इकाई को भंग किए बिना कोई भी नई कमेटी गठित नहीं की जा सकती। शिक्षामित्रों ने 31 मार्च वाले पत्र में पत्रांक नहीं होने पर इसे फर्जी करार दिया है। दावा किया गया है कि बैठक में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों समेत पुरानी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हुए। साथ ही प्रदेश नेतृत्व से मांग की गई कि जिले में उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए चुनाव कराए जाएं। चुनाव होने तक रामपूत पाल कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।



रोटी गोदाम स्कूल में बैठक के लिए जुटे शिक्षामित्र। ● अमृत विचार

बैठक में पुरानी जिला इकाई के पदाधिकारियों आलोक वर्मा, वेद वर्मा, सुबोध वर्मा, मुकेश पाल, राजीव यादव, मिथलेश यादव, अवधेश यादव, जितेंद्र वर्मा, जगरूप बाबू समेत ब्लाक अध्यक्ष शिशुपाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अनंगपाल सिंह, विचित्र पाल वर्मा, अकरम अली, सुबोध वर्मा, अरुण शुक्ला, सिकंदर खां, विपिन मिश्रा, सचिन सिंह, बृजनंदन सिंह, अनुज पाल, मनोज यादव, मुकेश पटेल, चांद खां, संदीप गंगवार, मीनाक्षी खन्ना को मौजूद होने का दावा किया गया है। इनके अलावा रीमा देवी, केके प्रजापति, राम गोपाल, रंजीत सिंह, विवेक शर्मा, यशवीर, कुलदीप, राकेश कुमार, रामगोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिक्षामित्रों का विरोध असंवैधानिक

प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक का दायित्व पाने वाले पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रत्नाकर दीक्षित ने कहा कि शिक्षामित्रों का विरोध असंवैधानिक है। ऐसे कोई भी स्वयं को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष घोषित नहीं कर सकता। संगठन से बड़ा कोई व्यक्ति नहीं हो सकता। इसलिए प्रांतीय नेतृत्व ने जो इकाई घोषित की है, उसे सभी को मानना चाहिए। नवीन जिला इकाई का विरोध अनुशासनहीनता है। जो शिक्षामित्र विरोध करेंगे, उनके विरुद्ध संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को हुई बैठक में जो ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित दिखाए गए हैं, दो-चार को छोड़ कोई भी बैठक में नहीं था। उनके हस्ताक्षर भी फर्जी बनाए गए हैं।

# भारोत्तोलन में चमके अंश प्रभात और अवनीश



सम्मान पाने के बाद प्रधानाचार्य व शिक्षकों के साथ भारोत्तोलन प्रतियोगिता के विजेता।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- क्षेत्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**अमृत विचार:** शिकारपुर में हुई क्षेत्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रतिभाग कर विभिन्न श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए। विजेता छात्रों को बुधवार को प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने सम्मानित कर बधाई दी।

प्रधानाचार्य ने बताया कि क्षेत्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में तरुण वर्ग में छात्र अंश सक्सेना ने प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी वर्ग में प्रभात शुक्ला ने तृतीय स्थान पर रहकर ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। गोल्ड मेडलिस्ट अंश सक्सेना अब अखिल भारतीय स्तर पर भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इनके अलावा किशोर वर्ग में छात्र अवनीश ने द्वितीय स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल प्राप्त कर कालेज को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य वसंत कुमार त्रिवेदी, आचार्य वेद प्रकाश, योगेंद्र सिंह, रोहित सक्सेना, अशोक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# शर्मा क्रिकेट अकादमी की टीम ने 78 रनों से जीता मैच

संवाददाता, जैतीपुर

**अमृत विचार :** बरेली जनपद के फरीदपुर कस्बे के कृष्णा पब्लिक स्कूल मैदान में जैतीपुर शर्मा क्रिकेट अकादमी और फरीदपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल के बीच सीरीज खेली गई। जिसमें शर्मा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

बल्लेबाजी करते हुए जय कौशल ने 10 रन, दीपांशु ने 57, संगीत मिश्रा ने 55, विशाल सिंह ने 21 रनों की मदद से सभी विकेट होकर 168 रनों का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए कृष्णा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी 90 रन ही बना सके। शर्मा क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए धनंजय त्रिपाठी ने एक विकेट, दीपांशु ने दो, विशाल सिंह ने चार तथा जय कौशल ने तीन विकेट लिए। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच विशाल सिंह रहे।

### एंटी लार्वा का छिड़काव कराए जाने की मांग

**शाहजहांपुर।** तिलहर निवासी कौशल गुप्ता ने सीएमओ को पत्र भेजकर गलियों में मच्छरों को नष्ट करने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव कराए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने कहा कि नालियों में जलभराव होने की वजह से मच्छर पनप रहे हैं और इसी वजह से लोग मच्छर जनित रोग मलेरिया, डेंगू आदि बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव कराए जाने की जरूरत है। लोगों का कहना है कि अगर दवा का छिड़काव नहीं किया गया तो बीमारियां तेजी से फैलने का खतरा है।

# बस खाई में घुसी चालक घायल हालत गंभीर

**मदनापुर, अमृत विचार :** बुधवाना गांव के निकट अचानक बस सड़क के किनारे में खाई में घुस गयी। चालक समेत आठ लोग घायल हो गए थे। सभी के मामूली चोटें आई थी। मंगलवार की देर रात बदायूं डिपो की रोडवेज बस आनंद बिहार से शाहजहांपुर आ रही थी। बस में एक दर्जन सवारियां थी।

बुधवाना गांव के निकट अचानक बस सड़क के किनारे खाई में जाकर घुस गयी। चालक और दस सवारियां घायल हो गयी थी। घायलों को सीएचसी पर लाया गया था। सवारियों के मामूली चोटे आई थी। गंभीर रुप चालक मोनू को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। सवारियों को दूसरी बस से भेज दिया। हादसे की सूचना परिवार वालों को दे दी गई है।

# हॉकी ट्रायल के बाद जिला स्तरीय टीम चयनित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बेसिक व माध्यमिक स्कूलों की वार्षिक खेल प्रतियोगिता के लिए बुधवार को जनपदीय हाकी प्रतियोगिता का आयोजन परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में किया गया। राजकीय इंटर कालेज के संयोजन में ट्रायल आधारित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। विजेताओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।

ट्रायल में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर मंडलीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय टीम का चयन भी किया गया। अंडर-14 का फाइनल मैच जीआईसी और कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग के बीच हुआ, जिसमें विजेता



बैडमिंटन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ी।

जीआईसी विजयी रहा। इसी तरह अंडर 19 वर्ग में इस्लामिया इंटर कालेज और एसपी कालेज के बीच मैच हुआ, जिसमें इस्लामिया कालेज विजेता बना। अंडर 17 वर्ग में एस पी कालेज विजेता घोषित किया गया। जिला स्तरीय टीम में बालिका वर्ग में वर्षा, अंशिका, खुशबू, मानसी, गीत, अरुको, नेहा, रोशनी, दुर्गा तथा

- नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में जीआईसी के संयोजन में हुई जनपदीय प्रतियोगिता

बालक वर्ग में प्रदीप, अनुराग, धीरज, निखिल, कुलदीप, अंकित, विशाल, नितिन मौर्य, अभय मौर्य, हैदर, अनस, अरमान अली, आदिल का चयन हुआ। चयन ट्रायल में रत्नेश शुक्ला, राहुल कुमार, दीपशिखा आदि का सहयोग रहा।

### राज्य में चमके जिला के बैडमिंटन खिलाड़ी

**शाहजहांपुर।** प्रयागराज में हुई राज्य स्तरीय बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में बरेली मंडल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया है। क्रीड़ा सचिव कैप्टन राम कुमार ने बताया कि अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल बरेली और प्रयागराज के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें बरेली मंडल उपविजेता बना। मंडल टीम में शाहजहांपुर के ऋषभ कुमार दिनकर, ओम अरोड़ा और अटल शामिल थे। खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर बरेली मंडल और जनपद को गौरवान्वित किया है।

# लव अध्यक्ष व सोनम पांडेय कॉलेज मंत्री बनीं



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एसएस कॉलेज की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय इकाई का गठन किया गया है। जिला प्रमुख ब्रजेश कुमार सावर्ण ने कार्यकारिणी की घोषणा की। महाविद्यालय इकाई में लव शर्मा को अध्यक्ष और सोनम पांडेय को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इनके अतिरिक्त रिद्धि, नव्य शर्मा, जया मौर्य एवं दीक्षांत भोजवाल को सहमंत्री, आर्यन को आंदोलन प्रमुख, रवि शर्मा को एसएफएस संयोजक, अरुण सिंह को सह संयोजक, श्रेया को एसएफडी संयोजक, श्वेता को सह संयोजक, पूजा गौतम को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, प्रिंस को खेलो भारत संयोजक, गौरव को सह संयोजक, मायापति शुक्ला एवं कोमल मिश्रा को महाविद्यालय इकाई की कार्यकारिणी का सदस्य घोषित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में प्रांत मंत्री अंकित पटेल, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. अनुराग अग्रवाल, प्रांत कोषाध्यक्ष मचकेंद्र सिंह, खेलो भारत प्रांत प्रमुख एवं जिला सह प्रमुख रविकांत शुक्ला, महानगर अध्यक्ष डॉ. बरखा, संदीप सागर, योगेंद्र मिश्रा, अभिषेक पांडेय, आयुष श्रीवास्तव, वैभव सक्सेना, अंकित राजपूत, आशुतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# ससुराल गई महिला रास्ते से लापता, गुमशुदगी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला अफरीदी निवासी अनीता यादव ने बताया कि उसकी पुत्री शिवानी यादव पत्नी विशाल यादव निवासी गहौरिया थाना चनेहटी जिला बरेली रक्षा बंधन पर अपने मायके आई थी। 29 अगस्त को दिन में एक बजे शिवानी अपनी ससुराल जाने के लिए छोटी बहन निशा के साथ रोडवेज बस स्टेशन गई।

बहन निशा ने उसे बस में बैठा दिया, जिसके बाद वह घर आई। अनीता ने बेटी शिवानी के ससुराल जाने की सूचना फोन पर दामाद विशाल यादव को दे दी थी। खराब होने के कारण शिवानी अपना फोन मायके में छोड़ गयी। उसी दिन चार बजे अनीता को दामाद विशाल ने फोन किया और बताया कि शिवानी अभी तक घर नहीं पहुंची है। इसके बाद परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिवार वालों को शक है कि उसके साथ कोई अप्रिय घटना न घटित हो जाए। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि उसकी गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। तलाश जारी है।

### बिजली का तार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के 132, केवी हाइडिल कॉलोनी चिनौर के अवर अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि 33 केवी लाइन पावर ग्राइड बंद लाइन, जो पैना पावर हाउस से चक भिठारा जाती है। रविवार की रात में अज्ञात चोरों ने बिजली का तार चोरी करके काट लिया है। गांव बसूलिया से पहले भी बिजली का तार चोरी हो चुका है।

# डिप्टी आरएमओ को मिला जांच का आदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- धान खरीद में 200 करोड़ के घोटाले का मामला

**अमृत विचार :** राइस मिल मालिक पर 200 करोड़ के घोटाले के आरोपों में मुख्यमंत्री कार्यालय से आया जांच का आदेश डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय को मिल गया है। बुधवार को वह बाहर थे। एक-दो दिन में आकर शिकायतकर्ता से साक्ष्य मांगेंगे।

रोजा क्षेत्र के गांव पींग निवासी सुनील कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि सीतापुर रोड स्थित एक राइस मिल का मालिक धान खरीद माफिया है। मिलर हर साल धान खरीद में करोड़ों का घोटाला करता है। घोटाले में किसानों का हक मारा जा रहा है और राइस मिलर बारे-न्यारे कर रहा है। मिलर बहुत बड़ा रैकेट चला रहा है। जिसके तार उत्तराखंड के कई जिलों से भी जुड़े हैं। घोटाले के लिए उसने बहुत लोगों को सीजनल वेतन पर रख रखा है। यह लोग उसके लिए फर्जी किसानों को खोजकर लाते हैं, फिर इन फर्जी किसानों को 1000 रुपये से 1500 रुपये प्रति फर्जी किसान देकर खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाता है। तहसील से सत्यापन भी कराया जाता है। इसके बाद फर्जी किसानों को क्रय केंद्र पर भेजकर उनका अंगूठा ई-पॉश मशीन में लगाया जाता है। जब संबंधित विभाग से फर्जी किसानों के खाते में पैसा आ जाता है तो मिल मालिक अपनी और अपने संबंधियों की अन्य फर्म के बैंक खातों में सारा पैसा ट्रान्सफर करा लेता है। कुछ पैसा नकद में लेता है, फिर इसी पैसे से पीडीएस का पुराना चावल बहुत ही सस्ते दामों में लेकर उसमें कुछ नया चावल मिलाकर सीएमआर के नाम पर सरकारी गोदामों में एलॉट किये गए चट्टो में गोदाम के कर्मचारियों को अपनी तरफ मिलाकर उतारता है। जिनको फर्जी किसान बनाया जाता है वह सभी लोग भूमिहीन होते हैं। उनके पास धान की कोई उपज भी नहीं होती है। सुनील सिंह ने इस संबंध में सीएम पोर्टल पर शिकायत की थी। जिस पर सीएम कार्यालय ने जांच का आदेश है। बुधवार को सीएम कार्यालय का जांच का आदेश डिप्टी आरएमओ को मिल गया। उन्होंने कहा कि सीएम कार्यालय से जांच का आदेश मिला है। बुधवार को वह बाहर हैं इसलिए जांच शुरू नहीं हो सकी है। एक-दो दिन में वापस आकर आरोप लगाने वाले व्यक्ति से आरोपों के साक्ष्य मांगे जाएंगे। अगर साक्ष्य मिलते हैं तो आगे कार्रवाई की जाएगी। मिल मालिक को भी नोटिस देकर बुलाया जा सकता है।

# जेसी सप्ताह के तहत बच्चों ने पर्यावरण पर बनाए पोस्टर



पर्यावरण पर बनाए गए पोस्टरों के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जेसीआई के वार्षिक कार्यक्रम जेसी सप्ताह के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के तीसरे दिन बुधवार को लीड कान्वेंट स्कूल में पर्यावरण पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता हुई।

जेसीआई वीक के ''अवेयरनेस फॉर एनवायरमेंट'' प्रोग्राम के अंतर्गत पर्यावरण पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता लीड कान्वेंट स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में बच्चों ने पर्यावरण से संबंधित चार्ट, पोस्टर्स व मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए। सर्वश्रेष्ठ बच्चों को मुख्य अतिथि नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्र ने पुरस्कार दिए। जेसीआई शाहजहांपुर की ओर से अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल व वीक डायरेक्टर सचिन बाथम ने स्कूल की प्रधानाचार्य तराना जमाल का आभार व्यक्त किया। इस प्रोग्राम में प्रोग्राम डायरेक्टर विनम्र अग्रवाल व विक्रांत गौतम, अमित शर्मा, भुवन बंसल, मोहित राठौर, सचिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# गणपति महोत्सव के दौरान बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र मंडल के तत्वावधान में लाला राम चरन लाल धर्मशाला खिरनीबाग में स्थापित गणपति बप्पा के दरबार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। नौ दिवसीय श्री गणेश महोत्सव में मंगलवार रात आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान एवं पब्लिक मस्ती ग्रुप के बैनर तले मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आयोजकों ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।



गणपति महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति करने के बाद मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

- खिरनीबाग धर्मशाला में प्रस्तुत किए मनमोहक कार्यक्रम

शाहजहांपुर के महाराजा के महोत्सव में बच्चों ने नृत्य-गायन से धूम मचा दी। नृत्य के जूनियर में यश शर्मा प्रथम, आराध्या कश्यप, द्वितीय, निधि शर्मा तृतीय एवं गायन में पंकज गुप्ता प्रथम, आराध्या त्रिवेदी द्वितीय, पल्लवी कश्यप तत्तीय एवं नृत्य सीनियर वर्ग में निशा कुशवाहा प्रथम, एकता कश्यप द्वितीय, श्रेया कश्यप तत्तीय स्थान पर रहीं। श्री नामदेव बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रामनिवास शर्मा के संचालन में चली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मेघा सक्सेना, अंकिता गुप्ता शामिल रहे। विजेताओं को समिति के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई, संरक्षक सर्वेश चंद्र मिश्र उर्फ धांधू एवं पब्लिक मस्ती के निदेशक नवनीत शर्मा ने पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं भगवान श्री गणेश की प्रतिमा प्रदान की गई। आयोजन में अर्जुन सूर्यवंशी, सुदामा शिंदे, अनिल कदम, हर्षित गुप्ता, आशीष गुप्ता, पिंटू, अक्षय कदम, योगेश कदम, वरुण गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

### गणपति बप्पा महोत्सव में लंका दहन की लीला का मंचन

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चारखंभा मार्ग स्थित शर्मा जी के डेरा में बिराजे मठिया के महाराजा के दरबार में पांचवे दिन नव चेतना कला परिषद के कलाकारों ने अशोक वाटिका और लंका दहन लीला का मंचन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में दर्शक गणपति बप्पा के दरबार में रामलीला का भी आनंद ले रहे हैं। मुख्य यजमान मुदित किशोर सेठ ने पत्नी निधि सेठ के साथ देव स्वरूपों की आरती कर आशीष लिया। इस मौके पर पार्षद सुधीर गुप्ता, रेनू कपूर, अनीता शर्मा, अरु शर्मा, वैशाली कौर, पवन अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, चिराग गुप्ता, अरुण रस्तोगी, मनोज शर्मा, सुचित सेठ आदि ने आरती कर प्रसाद वितरित किया।

# वैज्ञानिक आत्महत्या के कारकों की कर रहे खोज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस लॉ कालेज में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव रस्तोगी ने कहा कि मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञ आत्महत्या की समस्या पर अद्वितीय कौशल का उपयोग कर रहे हैं। बुनियादी वैज्ञानिक आत्महत्या के विचार और व्यवहार से जुड़े मस्तिष्क परिवर्तनों और जोखिम कारकों की खोज कर रहे हैं।

डॉ. अभिनव ने कहा कि आत्महत्या के क्षेत्र में कई मनोवैज्ञानिकों के पास ऐसे कौशल हैं, जो मनोविज्ञान के अन्य उपक्षेत्रों में भी फैले हुए हैं, जो उन्हें एक साथ चिकित्सक, शोधकर्ता और शिक्षक के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाते हैं। विशिष्ट अतिथि नंदनी सक्सेना ने कहा कि आत्महत्या में कोई भेदभाव नहीं होता। सभी लिंग, आयु और जातीयता के लोग जोखिम में हो सकते हैं। आत्मघाती व्यवहार जटिल है और इसका कोई एक कारण नहीं होता। कई मामलों में, किसी व्यक्ति के आत्महत्या के प्रयास में कई कारक शामिल हो जाते हैं। आत्महत्या के बारे में सोचना डरावना हो सकता है। आत्महत्या के विचार पर व्यक्ति को पारिवारिक सदस्य या मित्र से बात करनी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका रंजना खंडेलवाल ने कहा कि लोग जीवन चुने आत्महत्या नहीं। इस अवसर पर मोहन स्वरूप, डॉ. अनिल कुमार, अशोक कुमार, डॉ. अमित कुमार यादव, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, प्रदीप कुमार सिंह, अभिलाष पांडेय आदि मौजूद रहे।




# कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी जनता: ब्रजेश पाठक

## पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी के चीन पर दिए वक्तव्य पर बरसे उपमुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


आचार्य विनोबा भावे की जयंती समारोह में संबोधित करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में चीन पर दिए गए वक्तव्य पर तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह पुरानी आदत है। जब-जब वह विदेश जाते हैं तो देश के खिलाफ कुछ न कुछ बोलते हैं। जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। उपमुख्यमंत्री बुधवार को शाहजहांपुर में आयोजित आचार्य विनोबा भावे की 129वीं जयंती समारोह में शामिल होने आए थे।

यहां वनतारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों ने राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में चीन को लेकर दिए गए वक्तव्य पर सवाल किया। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी विदेश पहुंचने पर देश के खिलाफ बोलते हैं। उन्हें देश में गढ़े जा रहे नित नए आयाम दिखाई नहीं देते हैं। क्योंकि उनका मकसद सत्ता पर काबिज होना है, और इसके लिए राहुल गांधी कुछ भी बिना प्रमाणिकता के बोलते रहते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने बनतारा स्थित विनोवा सेवा आश्रम पहुंचने पर सबसे पहले एम्बुलेंस में उपकरण एवं व्यवस्थाओं को देखा। सीतापुर आई अस्पताल की ओर से लगाए गए नेत्र शिविर का अवलोकन किया। इसके बाद विनोबा भावे एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर उन्होंने विनोबा दर्शन का लोकार्पण व पुस्तकालय एवं वचनालय का निरीक्षण किया। इसके बाद जयंती समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संत विनोबा भावे के अंदर लोगों के दर्द की संवेदना थी। इसी संवेदना को महसूस करते हुए उन्होंने भू-दान आंदोलन चलाया। उनके इस मिशन को बनतारा स्थित विनोवा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया और विमला बहन आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं।

- आचार्य विनोबा भावे के जयंती कार्यक्रम में शामिल होने शाहजहांपुर आए उपमुख्यमंत्री

समारोह में मुख्य अतिथि रहे रामहरि कहा कि विनोबा भावे ने आजादी से पहले भारत की जैसी कल्पना एवं परिकल्पना की थी, उसको धरातल पर उतारने का कार्य किया। आचार्य भावे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रसिद्ध गांधीवादी नेता थे। उन्होंने गांधी जी के साथ मिलकर देश को सुधारने का कार्य किया। उन्होंने भूदान यज्ञ नाम के आंदोलन की शुरुआत की। इस आंदोलन में लोग अपनी जमीन देते थे, जिसे बाद में भूमिहीन लोगों को वितरित किया गया। विनोबा भावे के विचारों को अपनाकर जीवन में कई सकारात्मक बदलाव कर सकते हैं। सेवाभाव, निडरता और कर्म जैसी चीजों पर उनके विचार जीवन बदलने वाले हैं। जिसने ज्ञान को आचरण में उतार लिया, उसने ईश्वर को ही मूर्तिमान कर लिया। विनोबा एक अहिंसक और स्वतंत्रता के कार्यकर्ता, समाज सुधारक और आध्यात्मिक शिक्षक थे।

समारोह के बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनतारा (चकभिठारा) का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत की। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा शिशुओं को अन्नप्राशन कराया।


संत विनोबा भावे की जयंती समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार



विनोबा दर्शन का लोकार्पण करते उपमुख्यमंत्री।

### गांवों में ही मिले मरीजों को इलाज

**शाहजहांपुर।** समीक्षा बैठक में सीएमओ को निर्देश दिए कि जल जनित बीमारियों से प्रभावित लोगों को अभियान चलाकर चिन्हित कर उनका उचित इलाज किया जाए। मरीजो को गांव में ही इलाज मिले यह सुनिश्चित किया जाए। गांवों में स्वास्थ्य केंद्रों पर पानी भरा नही होना चाहिए, मेडिकल वेस्ट बाहर न पड़ा हो तथा साफ-सफाई बेहतर रहे।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विधायक अरविन्द कुमार सिंह, हरीप्रकाश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया, संरक्षक विमला बहन, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, एडीएम संजय कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहें।कार्यक्रम की अध्यक्षता गुजरात के साबरमती आश्रम के मुख्य ट्रस्टी जयेश भाई पटेल ने की। कार्यक्रम में शामिल होने आए उज्जैन के सुधीर भाई, अल्का पांडेय, धनंजय राय आदि अतिथियों का भी स्वागत किया गया।

### हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को किया रवाना

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जयंती कार्यक्रम में शामिल होने से पहले आश्रम गेट पर खड़ी एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये एंबुलेंस गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करेगी। एंबुलेंस राज्यपाल आनंदी बेन ने आश्रम को प्रदान किया।

### डिप्टी सीएम के सवालों का जवाब नहीं दे पाए सीएमओ

**शाहजहांपुर।** समीक्षा बैठक के दौरान सीएमओ डॉ. आरके गौतम डिप्टी सीएम के सवालों का जवाब नहीं दे पाए। इस पर उन्होंने सीएमओ की जमकर क्लास ली। बैठक के दौरान डिप्टी सीएम ने पूछा कि सीएमओ कहां हैं। इस पर सीएमओ ने जी कहकर जवाब दिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि आप सामने आकर बैठिए( सामने आने पर सीएमओ से कई सवाल किए। कहा कि आरोग्य मंदिर में कितना स्टाफ होना चाहिए। इस पर सीएमओ ने जी कह दिया। इस पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताई। फिर एक के बाद एक कई सवाल डिप्टी सीएम ने किए, लेकिन सीएमओ का जवाब सिर्फ जी में रहा। कुछ सवालों पर सीएमओ चुप ही रहे।

# भारी बारिश के आसार, अलर्ट जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 12 से 14 सितंबर तक जिले में हो सकती है झमाझम बरसात
- आपात स्थिति में टॉर्च, रेनकोट आदि का प्रयोग करने की सलाह


बारिश के चलते छाता लेकर जाते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मौसम विभाग ने जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। नवीन बुलेटिन के अनुसार 11 से 13 सितंबर के बीच जनपद में भारी वर्षा होने की संभावना है। इसको देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शाहजहांपुर की ओर से जनहित में एडवाइजरी जारी की गई है।

जिसमें बताया गया कि जान-माल की सुरक्षा के लिए सचेत होते हुए बचाव के आवश्यक उपाय व संसाधन और व्यवस्था कर लें। जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना व जनहानि की संभावित से बचा जा सके। साथ ही किसानों से अपील की गई कि भारी बारिश, मेघ गर्जन एवं वज्रपात से अपने आप को सुरक्षित करते हुए फसलों की उपज को भी सुरक्षित स्थान पर रखने का कष्ट करें, जिससे किसी प्रकार के नुकसान आदि से बचा जा सके।

प्रदेश में वज्रपात की काफी घटनाएं हो रही हैं। पूर्व में आकाशीय बिजली से जनपद में काफी जनहानि हो चुकी है। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी वज्रपात से बचाव के उपायों का अनुपालन करें और मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस एंड इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी पुणे के सहयोग से वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट करने वाली एप्लीकेशन 'दामिनी ऐप' को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर लें। दामिनी ऐप लगभग 20 किमी के क्षेत्र में संभावित लाइटिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन लगभग 4 घंटे पूर्व प्रेषित करता हैं, जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने और बचाव का अवसर प्राप्त हो सके।

### आपदा प्रबंधन की एडवाइजरी

- तेज हवा, बारिश व बिजली चमकने के समय बड़े पेड़ के नीचे व कच्चे मकानों में शरण न लें।
- तेज हवा और बरसात के दौरान पेड़ों के नीचे, कच्ची दीवारों के पास खड़े न हों।
- बिजली खंभों के नीचे, दुपहिया व चार पहिया वाहन खड़ा न करे।
- बड़े होर्डिंग्स लगे स्थानों से दूर रहें और बिजली पोलों, तारों व ट्रांसफार्मर आदि से दूर रहें।
- बैटरी से संचालित मोबाइल, इन्वर्टर इत्यादि उपकरणों को फुल चार्ज रखें।
- पशुओं को बारिश में बचाने के लिए सुरक्षित स्थान पर बांधे।
- आपात स्थिति में टॉर्च, रेनकोट इत्यादि का प्रयोग करें।

# ओएचई लाइन के पोल टूटे, छह घंटे रेल यातायात प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तेज आंधी के चलते उमरताली और दलेलनगर के बीच ओएचई लाइन के पोल टूट गए। जिससे अप लाइन पर करीब छह घंटे रेल संचालन बाधित रहा। शाहजहांपुर में रुकने वाली और रन थ्रू को मिलाकर लगभग 20 ट्रेनें प्रभावित रहीं। मुरादाबाद जाने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म पर कई घंटे तक ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। इंतजार के बाद तमाम यात्रियों ने जनरल टिकट वापस कर दिए।

- आंधी में उमरताली स्टेशन पर टूट गए थे पोल

बुधवार सुबह चार बजे आई तेज आंधी के दौरान आलमनगर-शाहजहांपुर रेल खण्ड में उमरताली-दलेलनगर के मध्य ओएचई लाइन के खंभे गिर गए और ओएचई तार टूट गए। ओएचई खंभे टूट जाने से मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। ओएचई लाइन टूटने से डाउन और अप लाइन रेल संचालन बाधित हो गया। डाउन लाइन पर रेल संचालन सुबह साढ़े चार बजे शुरू हुआ। डाउन लाइन की नई दिल्ली-लखनऊ एसी एक्सप्रेस, बेममपुरा एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, चंडीगढ़ एक्सप्रेस को बालामऊ रेलवे स्टेशन से पहले विभिन्न स्टेशनों पर रोक दिया गया। लेकिन अप लाइन का संचालन शुरू नहीं हुआ था। क्योंकि अप लाइन की ओएचई के तार टूट गए थे। अप लाइन की गरीब नवाज एक्सप्रेस, संगम एक्सप्रेस, मुगलसराए एक्सप्रेस, प्रयाग-बरेली एक्सप्रेस, गुवाहाटी एक्सप्रेस, सियालदह, राजरानी, पंजाब समेत ट्रेन प्रभावित हुईं। मुरादाबाद, हरिद्वार जाने वाले यात्री सुबह छह बजे से स्टेशन पर प्लेटफार्म चार ट्रेनों का इंतजार कर रहे थे। यात्रियों ने पूछताछ कार्यालय से जानकारी की तो पता चला कि दलेलनगर में ओएचई लाइन के खंभे आंधी में गिर गए हैं। कई यात्रियों को करीब छह घंटे तक ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। सबसे पहली ट्रेन संगम एक्सप्रेस प्लेटफार्म चार पर आई। यात्रियों को कई घंटे ट्रेन के इंतजार में परेशानी उठानी पड़ी।

### डीजल इंजन जोड़कर बालामऊ तक लाई गईं ट्रेनें

अप लाइन पर ओएचई लाइन टूट जाने से उमरताली रेलवे स्टेशन से कुछ रन थ्रू ट्रेनों को उमरताली रेलवे स्टेशन से डीजल इंजन जोड़कर बालामऊ रेलवे स्टेशन तक लाया गया। बालमाऊ रेलवे स्टेशन पर डीजल इंजन काटकर अलग करके इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनों का संचालन किया गया। डीजल इंजन बालामऊ से फिर वापस होकर उमरताली चला जाता था।

### डीआरएम ने किया मौका मुआयना

मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह दिन में साढ़े 12 बजे निरीक्षण यान से मौके पर पहुंचे। डीआरएम ने मौका मुआयना किया और वहां के अधिकारियों से जानकारी की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि शीघ्र ओएचई लाइन को ठीक किया, जिससे अप लाइन पर रेल संचालन शुरु हो सके। डीआरएम शाम को मुरादाबाद के लिए वापस हुए।

### कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया गया

अप लाइन की वंदे भारत एक्सप्रेस को लखनऊ, डालीगंज, सीतापुर, बरेली मार्ग, डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस को लखनऊ, उन्नाव- बालामऊ होकर संचालित की गयी। दानापुर-आनंद बिहार एक्सप्रेस को लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस को लखनऊ, उन्नाव, बालामऊ होकर संचालित किया गया है।


ओएचई लाइन ठीक करते रेलवे कर्मचारी।

> आंधी में उमरताली-दलेलनगर के मध्य आंधी में ओएचई लाइन के खंभे गिर गए थे, जिसके चलते अप लाइन पर संचालन प्रभावित रहा था। कुछ ट्रेनों को डीजल इंजन जोड़कर बालामऊ तक लाया गया था। शाम को पांच बजकर 40 मिनट पर ओएचई लाइन चालू हो गई थी।
>
> – **आदित्य गुप्ता**, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मुरादाबाद मंडल

## बारावफात को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**खुटार, अमृत विचार :** आगामी बारावफात त्यौहार को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि बारावफात त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखें और सभी मिलजुल कर सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाएं। उन्होंने बताया कि बारावफात त्योहार के पर्व पर यदि कहीं भी किसी प्रकार की अराजकता पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी अराजकता फैलाने का प्रयास करें तो उन्हें तुरंत फोन द्वारा सूचित करें। बैठक में जामिया मस्जिद के सदर रसीद, सरताज मंसूरी, शकील खान, फौजी, रियाज, फैयाज, कयूम, छोटे, यूनुस, सत्तार खान, एजाज शाह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम आए तो सड़क के गड्ढे भरवाए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


बजरी व कोलतार डालकर भरे गए चकभिठारा गांव की सड़क के गड्ढे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे से चकभिठारा गांव को जाने वाली सड़क पिछले पांच सालों से जर्जर हालत में थी। लोगों के बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कहीं सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को डिप्टी सीएम चकभिटारा पीएचसी का निरीक्षण करने आए थे। इससे पहले मंगलवार की रात सिस्टम ने बजरी व कोलतार डालकर सड़क के गड्ढे भरवा दिए।

चकभिठारा गांव लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे किनारे उत्तर दिशा की ओर है। गांव को जाने वाली सड़क जर्जर हालत में थी। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। गांव के अंदर पीएचसी तक जाने वाली सड़क पर भी गड्ढे हैं। सड़क की मरम्मत कराए जाने के लिए कई बार ब्लॉक व प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इससे अस्पताल आने जाने वाले मरीजों को खासी दिक्त हो रही थी। खासकर गर्भवती महिलाओं को। मंगलवार को अचानक उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का पीएचसी निरीक्षण का कार्यक्रम आया। इसके बाद पीएचसी की व्यवस्थाएं दुरूस्त की गईं। वहीं, हाईवे से गांव के अंदर से होकर पीएचसी तक जाने वाली पर कोलतार मिक्स बजरी डालकर गड्ढे भर दिए गए।

- पिछले पांच वर्षों हिचकाले खा रहे थे लोग, कहीं नहीं हुई सुनवाई

# नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाले गढ़ी गाड़ीपुरा के मुनीर थे


पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक मुनीर के परिजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गर्रा पुल से नदी में छलांग लगाने वाले बुजुर्ग रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। बेटे ने परिजनों के साथ बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त की। वह पत्नी की मौत के बाद से डिप्रेशन में रहने लगे थे।

चौक कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार शाम एक वृद्ध ने गर्रा नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उनकी उम्र 70 साल के करीब होगी। मंगलवार देर शाम तक शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव का फोटो फेसबुक पर पोस्ट किया था। फेसबुक पर फोटो देखकर रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी गाड़ीपुरा निवासी जाकिर परिवार वालों के साथ बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने शव की शिनाख्त अपने पिता मुनीर के रूप में की। परिजनों ने बताया कि मुनीर मंगलवार अपराह्न साढ़े तीन बजे घर से निकले थे। रात को नौ बजे तक वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। फेसबुक पर फोटो देखने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। जाकिर ने बताया कि डेढ़ साल पहले उसकी मां की मौत हो गयी थी। उनके गम में मुनीर डिप्रेशन में रहते थे। एक माह पहले गायब हो गए थे। तब रोडवेज बस अड्डे पर मिले थे। उसके पिता 12 साल पहले हज करके आए थे। पोस्टमार्टम के बाद परिवार वाले शव लेकर चले गए।

## जंगली जानवर के हमले से लोगों में दहशत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** परौर क्षेत्र के गांव दहेलिया मंझा, हरिद्वारा, सिमरा मंझा में सियार जैसी शक्ल के जंगली जानवर की मौजूदगी से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। अभी तक सियार के हमशक्ल जानवर मकरंद, धीरपाल निवासी हरिद्वारा, बुधपाल, सर्वेश निवासी सिमरा मंझा, दहेलिया निवासी सत्यपाल समेत करीब एक दर्जन लोगों को काटकर घायल कर चुका है। जंगली जानवर के आतंक से किसानों ने अपने खेतों पर जाना छोड़ दिया है, जिससे छुट्टा जानवरों से फसल बर्बाद होने की आशंका बढ़ गई है। शाम होते ही परिवार के लोग बच्चों को सुरक्षित कमरों में लेकर सुलाते हैं तथा स्वयं भी सुरक्षित स्थानों पर सोते हैं। क्षेत्र के लोगों ने वन्य जीव से सुरक्षा की मांग है। वहीं इस संबंध में वन विभाग के प्रभागीय निरीक्षक वन रेंजर विशाल कुमार रावत से ने बताया क्षेत्र में वन विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है, सुरक्षा की दृष्टि से वह प्रभावित क्षेत्र में कांबिंग करते हैं, वन्य जीव की तलाश में हैं। उन्होंने लोगों को रात के समय घर में रहने की सलाह दी है।

# बागीश हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मंगलवार सुबह नाली के विवाद को लेकर पड़ोसी ने कर दी बागीश की हत्या

**अमृत विचार :** बाबूपुर गांव में बागीश हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा किया है। पुलिस अन्य आरोपियों को तलाश रही है।


हत्यारोपी मुकेश।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव बाबूपुर निवासी बागीश नाथ मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे अपने घर के बाहर पक्की नाली बनवा रहे थे। पड़ोसी मुकेश शुक्ला आदि ने नाली बनाने का विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। तभी आरोपी मुकेश ने पड़ोसी बागीश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी पत्नी मीरा, बेटा आदेश व भाई प्रमोद को धारदार हथियार से घायल कर दिया था। इसके बाद आरोपी फायर करते हुए भाग गए थे। इधर, बागीश के बेटे दीपक ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि उसके पिता बागीश नाली बनवा रहे थे। आरोपियों ने उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी और उसकी मां, भाई व चाचा को धारदार हथियार से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी मुकेश, उमेश, सर्वेश, विवेक, शिवम के खिलाफ हत्या आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य को बुधवार की सुबह नौ बजे सूचना मिली कि आरोपी मुकेश पडरी चांदपुर तिराहे पर खड़ा है। पुलिस ने हत्यारोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा व एक खोखा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। टीम में उप निरीक्षक सर्वेश कुमार, मुख्य आरक्षी अजमेर सिंह, सिपाही जरनैल सिंह आदि थे।

# जलालाबाद पुलिस ने 20 दिन बाद दर्ज की मारपीट की रिपोर्ट, पांच नामजद

संवाददाता, जलालाबाद

- एसपी के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर, गांव कलक्टरगंज में हुई थी घटना
- कई दिन थाने के चक्कर लगाता रहा पीड़ित पक्ष, पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर रोड स्थित गांव कलक्टरगंज में दो गुटों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 10 दिन बाद एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की। इसमें पांच लोगों को नामजद किया गया है।

जलालाबाद के मोहल्ला नौसरा निवासी सुनीता गुप्ता ने तहरीर देकर बताया कि पति विश्सन गुप्ता व जेठ पन्ना लाल गुप्ता व जेठ का लड़का राज गुप्ता पुत्र स्व. हीरालाल 21 अगस्त को दोपहर के समय अपने घर से जरूरी काम के लिए शाहजहांपुर बोलेरो से जा रहे थे।

पीड़िता के पति की बोलेरो गाड़ी जैसे ही उवरिया मंदिर के पास पहुंची, तभी पहले से ही हथियारों व लाठी डंडों से लैस होकर घात लगाए बैठे सूर्या गुप्ता, प्रशान्त गुप्ता, चंदन गुप्ता पुत्रगण सुधीर गुप्ता उर्फ गुड्डू व शिवम वर्मा पुत्र स्व भूपेन्द्र वर्मा व सुधीर कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू पुत्र बनवारी लाल गुप्ता निवासी मोहल्ला जमदग्नि नगर व अज्ञात पांच लोगों ने के पति की गाड़ी पर हमला कर दिया। सूर्या के हाथ में बांका था, जिसने जान से मारने की नियत से जेठ के बेटे राज गुप्ता के सिर पर मारा, जिससे वह खून से लथपथ हो गया।

प्रशान्त के हाथ में तमंचा व चन्दन के हाथ में कटारी-तलवार व सुधीर कुमार गुप्ता के हाथ में लाठी व शिवम के हाथ में लोहे की राड थी। सभी लोग पति व जेठ पन्नालाल गुप्ता व राज गुप्ता पर जान से मारने की नीयत से प्रहार करने लगे। जिससे पति की गाड़ी टूट गयी है। पीड़िता का पति व जेठ व जेठ का लड़का गम्भीर रुप से घायल है। कोतवाल प्रदीप कुमार राय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने

रिपोर्ट दर्ज कर ली है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार।** क्षेत्र के गांव नवदिया ओरीलाल निवासी रामचंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार की रात गांव में सर्कस हो रहा था। जहां उसका बेटा धर्मपाल सर्कस देख रहा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रहने वाले संतराम, आनंद, छोटू एक अन्य साथी के साथ वहां पहुंचे और बेटे के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पीट दिया। जिससे उसका बेटा घायल हो गया। इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बुधवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## गैर इरादतन हत्या में एक को सजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** थाना निगोही के गांव घुसगवां निवासी सोनू को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाते हुए कोर्ट ने सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सोनू के खिलाफ वर्ष 2020 में निगोही थाने में धारा 323,504, 304 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया गया था। जहां मुकदमे की सुनवाई के दौरान पुलिस की मॉनीटरिंग सेल ने अभियुक्त को सजा दिलवाने के लिए पैरवी की। गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता के तर्को को सुनने के बाद न्यायाधीश ने दोषी पाए जाने पर सोनू को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# बंडा में रास्ते को लेकर मारपीट, फायरिंग

### पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षा कराया, मगर पीड़ित के तहरीर देने पर दर्ज नहीं की रिपोर्ट, कभी हो सकती है बड़ी वारदात

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** कई माह से चल रहे रास्ते के विवाद में मंगलवार देर शाम दो पक्षों में विवाद बढ़ गया। एक पक्ष के लोगों ने दो लोगों को घर में घुसकर पीटा और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। इसका पता लगने पर पुलिस ने घायलों का मेडिकल तो करा दिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

कस्बा बंडा के मोहल्ला धर्मापुर निवासी बालेश्वर त्रिवेदी ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले में गांव के पश्चिम जाने के लिए मनरेगा द्वारा 730 मीटर की रास्ता बनाई गई थी, जिसमें मोहल्ले के कई लोगों का निकास है। उच्च अधिकारियों द्वारा उसमें इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन कुछ दबंग लोग अपना खेत बताकर रास्ता अवरुद्ध कर रहे हैं, जिसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की गई। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी कई बार मौके पर पहुंचे और रास्ता बनवाने का प्रयास किया, लेकिन दबंग लोग झगड़ा करने पर आमादा हो गए। इस पर थाना प्रभारी वापस लौट आए और दबंगों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की।

इसके चलते दूसरे पक्ष के लोगों के हौसले बुलंद होते गए। मंगलवार देर शाम जब बालेश्वर अपने दरवाजे पर बैठा था तो विरोधी पक्ष का एक युवक उधर से निकला और उसने बालेश्वर की कोख में डंडा मार दिया। इससे दोनों पक्षों में विवाद हो गया। थोड़ी देर बाद दूसरे पक्ष के कई लोग लाठी डंडा व तमंचा लेकर आ गये और उसके घर में घुसकर उसे जमकर मारा पीटा।

बचाने आए उसके भाई विज्ञानेश्वर को भी मारापीटा, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट की आवाज सुनकर पास पड़ोस के कई लोग मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान एक युवक ने उनके ऊपर जान से मार देने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गए। इस दौरान आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घायलों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्या ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### रोजा में दुकानदार को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव तोनी निवासी विमलेश ने बताया कि उसकी खाद की दुकान गांव में है। सोमवार की सुबह दस बजे वह खाद की दुकान पर बैठे हुए थे। गांव के रतन, ऋषिपाल उसकी दुकान पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने आरोपियों ने दुकानदार को पीटकर घायल कर दिया। उसका आरोप है कि आरोपियों ने मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है।

## परामर्श केंद्रः टूटने से बचा परिवार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुलिस लाइन परिसर में महिला परामर्श केंद्र पर आठ पत्रावली की सुनवाई की गयी। इस दौरान एक दंपती में समझौता होने पर विदा किया गया।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली निवासी प्रियांशी की शादी ढाई साल पूर्व ऋषि कुमार निवासी हथौड़ा बुजुर्ग थाना रोजा के साथ हुई थी। दोनों पति-पत्नी में कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों पक्षों की आपस में वार्ता करायी गयी। दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों को विदा किया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक मधु यादव, महिला सिपाही पूनम मिश्रा, लक्ष्मी आदि स्टाफ था।

## अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत

संवाददाता, मदनापुर

- मायके वालों ने लगाया सही तरीके से इलाज न कराने का आरोप

**अमृत विचार:** ककरुआ गांव की एक महिला की इलाज के दौरान बरेली के एक अस्पताल में मौत हो गयी। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप लगाया है। उसका सही से इलाज नहीं कराया गया था।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव ककरुआ निवासी विपिन की शादी करीब दस साल पहले 29 वर्षीय रंजना निवासी चंदवक जिला जौनपुर के साथ हुई थी। रंजना को कई दिन बुखार आ रहा था। ससुराल वाले उसे लेकर मेडिकल कॉलेज आए थे। मंगलवार सुबह डाक्टर ने उसे रेफर कर दिया था। ससुराल वाले उसे बरेली के एक अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान रात उसकी मौत हो गयी। ससुराल वाले उसका शव लेकर यहां आ गए। मृतका के पति विपिन ने उसके मरने की सूचना अपनी ससुराल में फोन से दी। मायके पक्ष वा ले आए और पुलिस को सूचना दी। मायके वालों ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसको मार डाला है। उसका सहीं तरीके से इलाज नहीं कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि उसकी बरेली में इलाज के दौरान मौत हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। मृतका के मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रोजा में ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**रोजा।** अटसलिया रेलवे फाटक के निकट मंगलवार की रात अप लाइन पर एक अज्ञात यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी। बुधवार की सुबह रेल लाइन के किनारे उसका शव देखा गया। जीआरपी और रोजा पुलिस मौके पर पहुंची। उसकी उम्र 25 साल है। रोजा थाना की पुलिस ने अज्ञात शव का पंचनामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महासंपर्क में बदला भाजपा का सदस्यता अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बीजेपी के सदस्यता अभियान को बुधवार से और गति दी गई है। इसे महासंपर्क अभियान का नाम दे दिया गया है। महा अभियान 11 से 17 सितंबर तक चलेगा। इसमें बड़े से लेकर छोटे नेता बूथ स्तर पर आम जनता को पार्टी की रीति और नीति से जोड़ने का काम करेंगे।महाजनसंपर्क अभियान में बीजेपी अपना पूरा जोर लगाएगी। पार्टी के पदाधिकारी इस दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएंगे। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने सभी नेताओं को इसे सफल बनाने के लिए पूरा जोर लगाने के निर्देश दिए हैं। बीजेपी कार्यकर्ता लोगों के घरों में जाएंगे और पार्टी की विचारधारा के बारे में लोगों को बताएंगे और उन्हें बीजेपी के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

बुधवार को महानगर के वार्ड संख्या तीन लोदीपुर में बीजेपी के सदस्यता महासंपर्क अभियान का आरंभ प्रवासी उत्तर प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया और पूर्व महानगर अध्यक्ष बरेली पुष्पेंद्र शर्मा ने किया। लोदीपुर के भाजपा पार्षद रूपेश वर्मा अन्नू ने वार्ड वासियों को पार्टी की विचारधारा के बारे में बताया और लोगों को 8800002024 पर कॉल करवाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई।

इस मौके पर सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, दिलीप गुप्ता, निर्भय मिश्रा, जितेंद्र गौतम, फुरकान बेग, मोहम्मद फाजिल, मोहम्मद कबीर, अजय कुमार सिंह, रॉबिन तिवारी, मनीष दीक्षित, दीपक वर्मा, राजकुमार सक्सेना, अलीमुद्दीन, रामगोपाल जाटव, रामबाबू गौतम और बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



महासंपर्क अभियान के दौरान लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाते पार्षद रूपेश वर्मा। ● अमृत विचार

- 11 से 17 सितंबर तक चलेगा यह अभियान, जनता को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे नेता

## अकीदत के साथ मनाया मुरादन शाह का उर्स

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अकीदतमंदों ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी की

**अमृत विचार :** मोहल्ला चमकनी बहादुरगंज स्थित दरगाह पर हजरत मुरादन शाह का एक दिवसीय उर्स अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान अकीदतमंदों ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी करते हुए सुख-समृद्धि के लिए दुआएं मांगी।

बुधवार शाम मस्जिद मुरादन शाह परिसर में कुल की महफ़िल का आगाज हाफिज समीर रज़ा ने तिलावते कुरआन से किया। इसके बाद नात व मनकबत पढ़ी गई। मुफ्ती राहिल रजा ने दीन की रस्सी को मजबूती से थामे रखने और औलिया की तालीम पर अमल करने पर ज़ोर दिया। कुल की महफिल में कुरआन पाक की आयतें पढ़ी गईं। मुफ्ती राहिल रज़ा ने साहिबे उर्स को इसाले सवाब किया और मुल्क में अम्न-ओ-अमान की दुआ की।

इस मौके पर हाफिज आरिश खां, वजाहत खां, फराज, शुजाअत, सईद उज्जफर, मुईन ज़फ़र, राशिद हुसैन, शहजाद खां, तबरेज खां, नईम खां, पार्षद मोहम्मद रजी, मोहम्मद अहमद बरकाती, याकूब खां, साबिर शाहबादी आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।



मुरादन शाह के उर्स में दुआएं मांगते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

## पीएम स्वनिधि योजना में जिले को मिला प्रदेश में दूसरा स्थान



लखनऊ में प्रशस्ति पत्र लेते शाहजहांपुर के नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा और अपर नगर आयुक्त एसके सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- विभिन्न योजनाओं में 50 हजार लाभार्थियों को मिला फायदा

**अमृत विचार :** पीएम स्वनिधि योजना में लाभार्थियों को लाभ दिलाने के लिए नगर निगम शाहजहांपुर को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। इसके लिए नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि( पीएम स्वनिधि योजना) में केंद्र सरकार की आठ योजनाएं शामिल हैं, जिसमें पीएम आवास और ठेली रेबड़ी वालों को 10 हजार रुपये का ऋण दिए जाने की योजनाएं भी शामिल हैं। इन योजनाओं पर काम करते हुए नगर निगम की ओर से विभिन्न योजनाओं में जिले के 50 हजार लाभार्थियों को फायदा मिला। उनके जीवन स्तर में सुधार की उम्मीद जाग्रत हुई। योजना की समीक्षा के दौरान शाहजहांपुर को दूसरा स्थान पर रखते हुए मेजर सिटीज में स्थान मिला। इसके लिए लखनऊ में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर विकास मंत्री एके शर्मा, राज्यमंत्री राकेश राठौर ने नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त को सम्मानित किया।

# हिंदी को प्रसिद्धि दिलाने में प्रेमचंद का अहम योगदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जीएफ कॉलेज में प्रेमचंद के कथा साहित्य की प्रासंगिकता पर गोष्ठी आयोजित

**अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज के हिंदी विभाग में वर्तमान समय में प्रेमचंद के कथा साहित्य की प्रासंगिकता विषय पर विभागीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. फैयाज अहमद ने कहा कि हिंदी को प्रसिद्धि दिलाने में प्रेमचंद का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रोफेसर फैयाज ने कहा कि प्रेमचंद का शुरुआती साहित्य आदर्शवाद का सहारा लेकर नैतिकता की शिक्षा देता है, जिसमें सौत, नमक का दरोगा, पंच परमेश्वर जैसी कहानियां उल्लेखनीय हैं। इसके बाद की रचनाएं पूस की रात, शतरंज के खिलाड़ी, कफन, गोदान आदि कहानियां यथार्थ के धरातल पर खड़ी दिखाई देती हैं। इस अवसर पर प्रो. मोहम्मद साजिद खान, प्रो. मोहम्मद अरशद खान, डॉ. दरख्शा बी. डॉ. परवेज मुहम्मद समेत छात्र-छात्राओं ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहानी सम्राट को याद किया। सेमिनार में श्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए सृष्टि आर शर्मा को प्रथम, एकता तिवारी को द्वितीय तथा उपासना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

शोध पत्र वाचन में आदर्श कुमार प्रथम और प्रशांत द्वितीय रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. शमशाद अली और डॉ. काशिफ नईम शामिल रहे। डॉ. निज़ामुद्दीन खां के संचालन में चली गोष्ठी में डॉ. शीनुल मलिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर फरहान खान, सुनैना देवी, बरीशा खान, दर्शना देवी, विवेक मिश्रा, आयशा बी, अनीता देवी, रौली आदि छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।



जीएफ कॉलेज में गोष्ठी को संबोधित करते हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. फैयाज अहमद।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ADITYA
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## एक नजर

### विद्यार्थियों को बताया प्रयोगात्मक परीक्षा का महत्व

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय में छह दिवसीय वर्चुअल लैब कार्याशा का आयोजन चल रहा है। जिसमें आईआईटी कानपुर के प्रवक्ताओं द्वारा विज्ञान संबंधी जानकारी विद्यार्थियों को दी जा रही है। कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान के प्रयोगात्मक परीक्षा के महत्व से अवगत कराया। वक्ता डॉ अपर्णा दीक्षित ने मूमेंट ऑफ इनर्शिया ऑफ फ्लाईव्हील नमक प्रयोग की कार्य विधि बताई। प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार बतरा एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ संजीव राठौर ने वर्चुअल लैब की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

### किसानों को जैविक खेती के लिए किया प्रेरित

**बदायूं।** यूपी डास्प द्वारा ब्लॉक दहगवां में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया। जिला परियोजना अधिकारी डॉ गौरव कुमार ने किसानों को जैविक खेती में आ रही समस्याओं के निवारण की जानकारी दी। गोष्ठी के दौरान विभाग द्वारा जैविक उत्पाद के स्टॉल लगाकर प्रचार-प्रसार किया गया। जिससे किसानों के जैविक उत्पादों की बिक्री लोकल मार्केटिंग के माध्यम से करायी जा सके।

### 331 पात्रों को मिला शादी अनुदान योजना का लाभ

**बदायूं।** जिले के 331 पात्रों को शादी अनुदान लाभ दिया गया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन से 181.40 लाख बजट मिला है। विभाग द्वारा 907 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है। अब तक 331 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। शेष को लाभान्वित करने के लिए किए आवेदनों का सत्यापन चल रहा है।

# छह घंटे जाम रहा गोला-सिकंद्राबाद मार्ग, यातायात प्रभावित

## बाघ पकड़ने के लिए कोई प्रयास नहीं, 15 दिन में हुई दूसरी घटना, ग्रामीणों का आरोप वनकर्मी कांबिंग के नाम पर कर रहे खानापूरी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** महेशपुर रेंज के ग्राम मूड़ा अस्सी में गन्ना बांधने गए श्रमिक पर बाघ के हमले से हुई मौत के मामले में आक्रोशित ग्रामीणों ने छह घंटे तक गोला सिकंद्राबाद रोड पर शव रखकर जाम लगाया, जिससे अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए। तीन दिन के अंदर बाघ पकड़ने और शासकीय सहायता शीघ्र दिलाने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया।

महेशपुर रेंज के ग्राम इमलिया में 27 अगस्त को गन्ना बांधने गए अमरीश पर बाघ ने हमला कर शिकार कर लिया था। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने इमलिया में चार पिंजड़े, 28 कैमरे लगवाए, जिनमें बाघ की लोकेशन तो ट्रेस हुई लेकिन बाघ पिंजड़े तक नहीं पहुंचा। इमलिया के लिए कानपुर प्राणी उद्यान के डॉ नितेश कुमार कटियार को भी लगाया गया, लेकिन बाघ को ट्रेंकूलाइज नहीं कर सके। बुधवार को पूर्वान्ह ग्राम मूड़ा अस्सी में श्रमिक जाकिर हुसैन (45) मजदूरी पर रामनिवास उर्फ साधू वर्मा के खेत में गन्ना बांध रहा था, तभी छिपे बैठे बाघ ने हमला कर शिकार बना लिया। 15 दिन में दो घटनाएं होने पर कई गांवों के आक्रोशित लोगों ने गन्ने के खेत से शव निकालकर गोला सिकंद्राबाद रोड पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे किसान नेताओं और ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक आश्रित को 25 लाख रुपया मुआवजा, बेटे को सरकारी नौकरी, आश्रितों को रहने के लिए सरकारी आवास दिलाया जाए। अधिकारी वह नेता ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, ग्रामीण किसी शर्त को मानने के लिए राजी नहीं हुए, तब अधिकारियों ने राजस्व विभाग से चार लाख रुपया, वन विभाग से 1.20 लाख रुपया और आवास के लिए लिखापढ़ी करने का आश्वासन दिया। तब ग्रामीण माने। इस दौरान छह घंटे रोड बंद रहने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।


ग्रामीणों को समझाते अधिकारी। ● अमृत विचार

### गन्ने में नहीं घुसे वनकर्मी

**बिलहरी।** मूड़ा अस्सी के ग्रामीणों का कहना है कि बाघ के हमले की सूचना पर पहुंचे महेशपुर रेंज के वनकर्मी बाघ के भय से गन्ने के खेत में नहीं घुसे। मौके पर मौजूद दर्जनों गांव के ग्रामीण हो हल्ला मचाते हुए गन्ने के खेत में घुसे जो अधखाया शव स्वयं निकाल लाए और रोड पर रखकर जाम लगा दिया।

### श्रमिक जाकिर पर थी पत्नी, तीन पुत्रों व दो पुत्रियों की जिम्मेदारी

**रोशननगर।** मूड़ा अस्सी में बाघ के हमले में मृतक जाकिर के तीन पुत्र आरिफ, जीशान और आकिब हैं। दो पुत्रियां शवाना और रिजाना में मंझले पुत्र जीशान और दोनों पुत्रियों की शादी हो चुकी है। बड़े पुत्र की शादी नहीं हुई जबकि आकिब अभी 12 साल का है, जो पढ़ाई कर रहा है।

### बाघ के आतंक से सैकड़ों गांव प्रभावित

**गोला गोकर्णनाथ।** बाघों के आतंक से अजान, इमलिया, घरथनियां, मूडा जवाहर, मढ़िया, बघमरा, मूड़ाअस्सी, देवकली, नौगवां, बिजौरिया, रसूलपुर, कपरहा, बांसगांव, शेरपुर, जमालपुर, बिलहरी, हयातपुर, कैमहरी, काजरकोरी, जड़ौरा, अल्लीपुर, छिछौना, परसेड़िया, कुइयांडीह, शहाबुद्दीनपुर, बघेल, गंगापुर, लीलापुर, तेजापुर, पन्नापुर, झाऊपुर, खरगापुर, देवीपुर, जनकपुर, गनेशपुर, अशर्फीगंज, उदयपुर, नयागांव, तूलमेलगंज, बिहारीपुर, कन्हैयागंज, महेशपुर, मोतीपुर, तिलोकपुर, सिंगहा, लक्ष्मीपुर, भम्मापुर, झारा, परेली, रोशननगर, घमहाघाट, सुंदरपुर आदि सैकड़ो गांव प्रभावित बताए गए हैं।

### बाघ नहीं पकड़ा तो 14 को पंचायत, 18 को महापंचायत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने डीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर खेतों में घूम रहे बाघों को तत्काल पकड़वाकर जंगल भेजे जाने की मांग की है। साथ ही 14 सितंबर को अजान में किसान पंचायत और 18 सितंबर को महेशपुर वन विभाग कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण किसान महापंचायत कर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह करने की घोषणा की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को सौंपे ज्ञापन में लिखा है कि वन्य जीवों का घर जंगल है, जंगलों का आये दिन कटान हो रहा है, इस कारण वह जंगल से बाहर खेतों में छिप रहे हैं और खेतो में किसान के जाने पर बाघ, भेड़िए, सुअर, सियार हमला कर घायल कर निवाला बना रहे हैं। उन्हें खेतों से पकड़कर जंगल पहुंचाया जाए। उन्होंने मांग की है कि वन्य पशुओं द्वारा मारे गए किसानों को 15 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए।


गोला में एसडीएम को ज्ञापन देते राकिशसं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### बाघ इमलिया और भीखमपुर में, पिंजड़ा रखा बघमरा गांव में

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** वन विभाग के अधिकारियों का करिश्मा तो देखिए कि बाघ का आतंक इमलिया और भीखमपुर में है लेकिन बाघ पकड़ने के लिए पिंजड़ा बघमरा में ट्राली पर लादकर खड़ा कर दिया गया है, जिसकी गांव में हंसाई हो रही है। वन विभाग के अधिकारी रोज बाघ पकड़ने का दावा करते नहीं थक रहे हैं किंतु बाघ पकड़ने का पिंजड़ा कई दिन से बघमरा गांव में ट्राली पर लदा खड़ा गांव वालों को मुंह चिढ़ा रहा है। गांव वालों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी बाघ पकड़ने का केवल ड्रामा कर रहे हैं, उन्हें लोगों की जान से कोई परवाह नहीं है।


बघमरा गांव में ट्राली पर लदा खड़ा पिंजड़ा।

### सिंगहा में बाघ ने सांड़ को बनाया निवाला, गांव में फैली दहशत

**रोशननगर, अमृत विचार :** महेशपुर वन रेंज के गांव सिंगहा में बाघ ने एक सांड़ को अपना निवाला बना लिया, जिससे क्षेत्र मे दहशत फैल गई है। सिंगहा गांव के ग्रामीण जब सुबह खेत में चारा बनाने गए, गन्ने के खेत में एक सांड़ का अधखाया शव देखकर सूचना वन रेंज को दी। वन दरोगा जगदीश प्रसाद वर्मा, ने घटनास्थल पर पगचिन्ह देखकर बाघ होने की पुष्टि की और ग्रामीणों को सतर्क किया है। दो दिन पूर्व नरसिंहपुर में बाघ ने नील गाय को को मार डाला था, जिससे क्षेत्र में बाघ की दहशत है। पशु पालको को मुसीबत भी हो गई जो पशुओं के लिए चारा बनाना भी मुश्किल है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**महंगापुर, अमृत विचार:** संपूर्णानगर पलिया मार्ग पर बुधवार शाम एक पेट्रोल पंप के निकट किसी आवारा पशु को बचाने के प्रयास में सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम कुकरा निवासी हनीफ उर्फ नबीब अली (30) पुत्र नियामत अपने साथी शमजाद निवासी बम नगर के साथ बाइक पर सवार होकर उसके घर बमनगर जा रहा था। रास्ते में संपूर्णानगर पेट्रोल टंकी के निकट किसी आवारा पशु को बचाने के चक्कर में सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे हनीफ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार शमजाद घायल हो गया। घटना की सूचना लोगों ने संपूर्णानगर थानाध्यक्ष निराला तिवारी को दी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर घायल को एक प्राइवेट क्लीनिक पर भेजा।

वहीं मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा है। बताते हैं कि मृतक ग्राम सुमेर नगर निवासी अपने रिश्तेदार अनवर के यहां रहकर इलाके में मजदूरी आदि का काम किया करता था। घटना की सूचना मृतक के घर कुकरा भेज दी गई है। वह अपने पीछे पत्नी एवं तीन बच्चे छोड़ गया है।




## स्थाई लोक अदालत ने पांच लाख का दावा किया मंजूर

- दि ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और डीएम को रुपये देने का दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष काली चरन और सदस्य राकेश कुमार रस्तोगी, स्वदेश कुमारी ने वादी के परिवाद को स्वीकार करते हुए विपक्षी दि ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी के मंडलीय कार्यालय बरेली और डीएम बदायूं को पांच लाख रुपये की क्षतिपूर्ति देने का आदेश पारित किया है। साथ ही 30 दिनों के भी सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया है।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव कुबड़ी सहाय भगवान सिंह व कस्तूरी ने कोर्ट में संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र दाखिल किया। बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक बीमा योजना समाजवादी किसान एवं सर्वहित बीमा योजना लागू की है। यह योजना कमजोर व आश्रित वर्ग के लोगों के हितों के लिए चलाई जा रही है। योजना मे परिवार के मुखिया की मौत हो जाती है, दिव्यांगता होती है तो योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता मिलती है। वादीगण का बेटा सत्यपाल 11 जनवरी 2019 को नाधा बिजली घर मे ड्यूटी करने गया था। अपने अधिकारियों के निर्देश पर खेत मे खड़े विद्युत पोल पर चढ़कर जंफर जोड़ने लगे। अचानक बिजली के तारों में करंट आने से बह गिर गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उन्होंने योजना के लाभ के लिए दावा प्रस्तुत किया लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी विपक्षीगण द्वारा दावे का निस्तारण नहीं किया गया। बाद में कंपनी ने भुगतान करने से साफ इंकार कर दिया। तब वादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय की शरण ली।

## नेपाली युवक से पौने तीन लाख लूटे

- भारत-नेपाल सीमा पर कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र में हुई वारदात
- तिकुनिया कस्बे की एक दुकान से रुपये लेकर घर जा रहा था युवक

कार्यालय संवाददाता/बेलरायां

**अमृत विचार:** तिकुनिया कस्बे से पौने तीन लाख रुपये की नगदी लेकर नेपाल जा रहे एक युवक को गंगानगर के निकट बाइक सवार दो बदमाशों ने रोक लिया। उसकी कनपटी पर तमंचा लगाकर रुपये व मोबाइल लूट लिया और भाग निकले। दिनदहाड़े हुई वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल निवासी टीकाराम ने बताया कि उसके बहनोई मुंबई में काम करते हैं। उसके बहनोई और तिकुनिया में स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान मालिक के बीच गहरी दोस्ती है। बहनोई ने इलेक्ट्रॉनिक शॉप के खाते में रुपये ट्रांसफर किए थे। बुधवार को वह रुपये लेने व्यापारी की दुकान पर गया, जहां से व्यापारी ने उसे नेपाली करेंसी के पौने तीन लाख रुपये दिए। वह रुपये लेकर अपने घर वापस नेपाल जा रहा था। गांव बनवीरपुर-दीप नगर के बीच गंगानगर के निकट बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। वह कुछ समझ पाता। इससे पहले ही बदमाशों ने उसकी कनपटी पर तमंचा लगा दिया।


लूट की घटना की जानकारी देता नेपाली नागरिक टीकाराम।

शोर मचाने पर गोली मार देने की धमकी देते हुए नेपाली करेंसी व मोबाइल लूट लिया और भाग निकले। बदमाशों के जाने के बाद उसने शोर मचाया। शोर शराबा होने पर राहगीर भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक बदमाश आंखों से ओझल हो गए। लूट की सूचना पर कोतवाली तिकुनिया प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

### बड़ा सवाल: व्यापारी के पास कहां से आई नेपाली करेंसी

भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली नागरिक से लूट मामले में एक अहम सवाल खड़ा हो गया है, जिसका जवाब व्यापारी भी नहीं दे पा रहा है। लोगों का कहना है कि आखिर व्यापारी के पास नेपाली करेंसी के पौने तीन लाख रुपये कहां से आ गए। नेपाली करेंसी लूट का मामला सामने आने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। सुरक्षा एजेंसियां इस बात को जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर नेपाली करेंसी की इतनी बड़ी रकम व्यापारी के पास तक कैसे पहुंची।




## यहां तो द्रोपदी ने चीर खुद कम कर दिये हैं, ये कलियुग है यकीनन कृष्ण का द्वापर नहीं है...

- बज्म-ए-अरबाबे सुखन की जानिब से सजी मुशायरे की महफिल

तिलहर, संवाददाता

**अमृत विचार:** बज्म-ए-अरबाबे सुखन की ओर से मंगलवार रात मोहल्ला हिंदू पट्टी स्थित वरिष्ठ आईपीएस शिव मुरारी सहाय के आवास पर मुशायरा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता शकील तिलहरी ने की और संचालन फहीम बिस्मिल ने किया।

मुशायरे में **शकील तिलहरी ने सुनाया-** पल में तो ख़ाक से कुंदन नहीं बनता कोई, वक़्त दरकार है क़तरे को गुहर होने तक।

**डॉ. मंसूर सिद्दीकी** ने सुनाया- जाने क्यूं हम ने जलाये हैं उमीदों के चराग, उस सितमगर की तरफ से तो इशारा भी नहीं।

**असगर यासिर** ने सुनाया- ग़नीमत जानिए ऐसी हवा में, परिंदा आशियां तक आ गया है।

**गुलिस्तां खान** ने सुनाया- हम उन इमारतों में सनद छोड़ आए हैं, जिनसे हमारे नाम की तख्ती चली गई।

**खलीक शौक** ने सुनाया- मैं नज़र से पी रहा हूं ये सुरूरे बेखुदी है, कभी साक़ी लिख रहा हूं कभी जाम लिख रहा हूं।

**इशरत सग़ीर** ने पढ़ा- यहां तो द्रोपदी ने चीर ख़ुद कम कर दिये हैं, ये कलियुग है यक़ीनन कृष्ण का द्वापर नहीं है।

**हसीब चमन** ने फरमाया- उसको मुजरिम कभी दुनिया ने पुकारा भी नहीं, जिसने जीने न दिया जान से मारा भी नहीं।

**फहीम बिस्मिल** ने सुनाया- ज़हरीले तीर निकले हैं किस की कमान से, क्या खुश नहीं है कोई हमारी उड़ान से।

**मुनीव अहमद** शाहजहांपुरी ने सुनाया- दोस्ती करते हैं लोग मतलब से अब, दोस्त ज़्यादा बढ़ाने से क्या फायदा।

**कासिम अख्तर वारसी** ने कहा- नया माहौल कैसा हो रहा है, नहीं किरदार से कुछ वास्ता है।

**रईस तिलहरी** ने कहा- मेरे बाद भी तुम न मायूस होना, बराबर किताबों में मिलता रहूंगा।

इस अवसर पर फरीद तिलहरी, साजिद सफदर, वहीद तिलहरी, रेहान ताबिश, रहमत तिलहरी आदि ने भी कलाम पेश किए। बसीरुद्दीन और आमिर मियां के संयोजन में हुए मुशायरा में आयोजक शिव मुरारी सहाय ने आभार व्यक्त किया। सीओ तिलहर प्रयांक जैन, वसीरुद्दीन, अमिर मियां, महबूब इदरीसी, मसूद हुसेन, लाडले मियां, बृजेंद्र प्रजापति, आकाश, अंकित, समद यार खां, सरफराज़ मंसूरी, बाबू अली, जैनुल फैसल, डॉ. अनीस हुसैन आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### मतदेय स्थलों की सूची का हुआ प्रकाशन

**बदायूं, अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिले की सभी पांचों विधानसभाओं में मतदेय स्थलों का सत्यापन कराने के बाद बुधवार को प्रकाशन कर दिया। अब उन पर 12 सितंबर तक आपत्तियां मांगी हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने बताया कि जनपद के विधानसभा क्षेत्र बिसौली, सहसवान, बिल्सी, बदायूं, शेखूपुर और दातागंज में अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कराया गया। सत्यापन के बाद मतदेय स्थलों की नई सूची का प्रकाशन किया गया है।

## चार्ज न देने पर पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य निलंबित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** राजकीय बालिका हाई स्कूल प्रतापपुर की पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य को डायरेक्टर ने निलंबित कर दिया है। इन पर यह कार्रवाई चार्ज न देने पर हुई है। बताते हैं कि वित्तीय अनियमिताओं के चलते प्रधानाचार्य प्रियंका गत एक माह से चार्ज न देकर मनमानी कर रही थी। हालांकि इस मामले पर इन पर मुकदमा की दर्ज कराया जा चुका है। बता दें कि डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण के दौरान प्रतापपुर स्थित राजकीय बालिका हाईस्कूल में तमाम खामियां मिली थीं। डीआईओएस ने प्रभारी प्रधानाचार्य प्रियंका को पद से हटाकर राजकीय हाईस्कूल लाखुन के प्रधानाचार्य देवेंद्र निगम को विद्यालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। इससे नाराज बालिका हाईस्कूल की प्रधानाचार्य जार्च देने में आनाकानी करती रहीं। चार्ज न देकर शिक्षिका प्रियंका प्रभारी प्रधानाचार्य देवेंद्र निगम पर अनर्गल आरोप लगाती रहीं। चार्ज न देने से विद्यालय का पठन पाठन भी प्रभावित रहने लगा। डीआईओएस ने पूरे मामले से डीएम व डायरेक्टर को अवगत कराया। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मुकदमा भी दर्ज करा दिया गया। चार्ज न देकर मनमानी कर रही पूर्व प्रधानाचार्य प्रियंका को डायरेक्टर ने निलंबित कर दिया है। डीआईओएस ने बताया कि आदेश के बावजूद चार्ज न देने के मामले से डायरेक्टर को अवगत कराया गया था।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- सिज़ोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमेंशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

गुप्त रोगी मिलें



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
Dr.M. Nadeem ®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग
जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दो का सैकस पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

# बुखार से युवक की मौत के बाद भी नहीं पहुंची हेल्थ टीम

- जगत ब्लॉक के कई गांवों में बुखार और वायरल का प्रकोप
- लखनपुर में अधेड़ की मौत, अब तक बुखार से हुई कई मौतें।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिले में बुखार गांव गांव तक पहुंच चुका है। वायरल और बुखार से लोग परेशान हैं। जगत ब्लॉक के गांव लखनपुर, आमगांव और गुलड़िया में बुखार का प्रकोप बना है। लखनपुर में बुखार से एक अधेड़ की मौत के बाद भी गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं पहुंची है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

गांवों के लागों ने बताया कि बुखार के बढ़ते प्रकोप की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगत पर दी गई। मगर किसी गांव में स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया गया। इसी ब्लॉक के गांव लखनपुर निवासी जितेन्द्र को कई दिन से बुखार आ रहा था। जितेन्द्र ने गांव के ही झोला छाप से दो दिन तक दवा ली, मगर कोई लाभ नहीं हुआ। रविवार को उसने शहर के एक बड़े प्राइवेट अस्पताल से दवा ली, उससे भी कोई लाभ नहीं हुआ। जितेन्द्र को बुखार और तेज हो गया। 46 वर्षीय जितेन्द्र की सोमवार को हालत और बिगड़ गयी। मंगलवार को मौत हो गयी। बुखार से हुई इस मौत के बाद ग्रामीणों ने ब्लॉक जगत के एमओआईसी डा. असलम को सूचना दी, फिर भी आज गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं पहुंची। लखनपुर की आबादी दो हजार से अधिक है। इस गांव में करीब सौ से अधिक लोग बुखार पीड़ित हैं। कई लोगों को मलेरिया निकला है। मलेरिया के मरीज जिला अस्पताल से दवा ले रहे हैं। जबकि बुखार पीड़ित अधिकांश लोग झोलाछापों से दवा ले रहे हैं

> जिले में हर रोज स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। जिन ग्रामों में अधिक समस्या बताई जा रही है वहां पर पहले टीम को भेजा जा रहा है। ग्रामीणों को अपना उपचार झोलाछापों से नहीं करना चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से दवा लें। मलेरिया विभाग भी काम कर रहा है। इस तरह की परेशानी हर साल इन्ही दिनो में पैदा होती है।
> डा. रामेश्वर मिश्रा - सीएमओ

### खिरिया और नैथू गांव में बुखार के कई मरीज

ब्लॉक जगत के गांव खिरिया और नैथू में बुखार के दर्जनों मरीज हैं। इन गांवों में अभी तक मच्छर नाशक दवा का छिड़काव भी नहीं किया गया है। ग्राम जखेली में गंदगी बड़े स्तर पर है। इस गांव में नालियों में गंदा पानी होने से मच्छर पनप रहे हैं। ग्राम इस्लामगंज में बुखार पीड़ितों की संख्या सौ से अधिक बतायी गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने की मांग की गयी मगर इस पर ध्यान नही दिया गया।

## मलेरिया के 59, बुखार के 555 मरीज मिले

**बदायूं, अमृत विचार** : जनपद में चलाए जा रहे संक्रामक रोग नियंत्रण अभियान के तहत गांव गांव लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों में 59 मरीज मलेरिया संक्रमित मिले जबकि 555 मरीज बुखार के मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी को मौके पर ही दवा दी है। बुधवार को लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों में 1458 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें 555 मरीज बुखार के सामने आए। 649 लोगों का मलेरिया टेस्ट किया गया जिनमें 59 मरीज मलेरिया संक्रमित मिले हैं। सभी मलेरिया संक्रमितों को गांव में दवा दी गयी है। बुखार पीड़ितों को भी दवा दी गयी है।

## पंचायत में भाकियू ने उठाए किसानों के मुद्दे

**बदायूं, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने मालवीय आवास गृह पर बुधवार को मासिक पंचायत कर किसानों के मुद्दे उठाए। इसके बाद 10 सूत्रीय ज्ञापन सदर तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में ग्राम समाज की भूमि को कब्जा करने की बात प्रमुखता से रखी गई। पंचायत में रहीस अहमद मलिक ने ग्राम समाज की जमीन पर प्रधान द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाया। आसिम उमर ने चकमार्ग पर हो रहे कब्जों को मुक्त कराने की बात कही। सत्यवीर यादव व कासिम अली ने छुट्टा गौवंश से फसलों को हो रहे नुकसान की बात रखी। इस मौके पर कृष्ण अवतार शाक्य, आरिफ रज़ा, इरफ़ान अहमद, रामदास, देवसिंह, सुरेश चंद्र गुप्ता गुड्डू मुन्ने बीरम सिंह, जाने आलम, आरिफ राजा, राजवीर, कासिम खान, रईस अहमद, आदि लोग रहे।

# बच्चों को जकड़ रही सर्दी और खांसी, गला सूजने से परेशानी


बच्चों को देखते डॉ. कुमार वासु।

- सर्दी खांसी और बुखार से जूझ रहे छोटे बच्चे
- जिला महिला अस्पताल में बीमार बच्चे हो रहे भर्ती।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : मौसम में हर दिन आ रहा बदलाव अब छोटे बच्चों को बीमार बना रहा है। बच्चों को तेज सर्दी होने से गला सूज रहा है, जिससे बच्चों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। ग्रामीण इलाकों के छोटे बच्चे मौसम की मार से अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

पिछले चार दिन से आसमान में बादल छाए रहते हैं। कभी धूप होती है तो कभी छांव। रात के समय मौसम ठंडा रहता है। इस तरह बदलते मौसम का असर एक से पांच साल तक के बच्चों पर अधिक पड़ रहा है। जिला अस्पताल में बुधवार को करीब दो दर्जन छोटे बच्चे डा. कुमार वासु ने देखे जिनके गले में सूजन थी। वह श्वास नही ले पा रहे थे।

इन बच्चों में ग्रामीण इलाकों के अधिक बच्चे थे जो मौसम की मार से बीमार पड़ रहे हैं। कई दिनों से बीमार बच्चों की संख्या 150 से 160 तक पहुंच रही है।

### बच्चों को दूध ज्यादा दें

डॉ. कुमार वासु ने बच्चों के मां बाप को बताया कि इस मौसम में बच्चों को घर से बाहर न निकालें। उन्हें साफ पानी से नहलाएं। खाने में अधिक से अधिक दूध दें। छोटे बच्चे को यदि छींक आए तो उसके सीने पर तेल की हल्की मालिश करें और घर के अंदर ही रखें।

बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि देहात इलाके में खुली हवा मिलने से सर्दी खांसी अधिक होती है इसलिए यहां आने वाले 80 प्रतिशत बच्चे देहात के होते हैं जबकि शहरी और कस्बों में रहने वाले परिवारों में बच्चों को सर्दी खांसी कम होती है। उन्हे एक जैसा वातावरण मिलता है इसलिए उन्हे बीमारी भी कम होती हैं। बुधवार को देहात इलाके के11 बच्चे गंभीर हालत में भर्ती किये गये।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बोलीं एजूकेटर पद पर समायोजन हो


क्रमिक अनशन पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

- प्रशासनिक अधिकारियों पर लगाया अनदेखी का आरोप
- मालवीय आवास पर क्रमिक अनशन और धरने पर हो रही नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : एजुकेटर के पद पर समायोजित करने की मांग को लेकर जारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना नौवें दिन भी जारी रहा। साथ ही चौथे दिन क्रमिक अनशन भी जारी रहा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि जब तक सरकार उन्हे कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं देगी तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जिला प्रशासन के उपेक्षित रवैये पर भी रोष प्रकट किया है।

बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का नौवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना स्थल पर आंगनबाड़ी श्रमिक संघ की जिलाध्यक्ष मिथलेश ने कहा कि अब जंग शुरू हो चुकी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपना हक लेकर रहेंगी। सुधा ने कहा कि हम लोग नौ दिन से धरने पर बैठे हैं अभी तक प्रशासन का एक भी अधिकारी मिलने नहीं पहुंचा है। ममता देवी, पूर्ववर्ती, मिथलेश, भूदेवी, राजेश्वरी, जिलाध्यक्ष मिथलेश कुमारी ने कहा कि जब तक एजुकेटर भर्ती रद्द नहीं होती हम धरना जारी रखेंगे। इस मौके पर ममता भदौरिया, सुषमा गंगवार, सरिता श्रीवास्तव, आदर्श कुमारी, शबीना, गायत्री सागर, मिथलेश, उषा रानी, सीता, कमला सहित सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी मौजूद रही। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ सरकार को सहानुभूति पूर्वक न्याय करना चाहिए।

## रिमझिम बारिश से तरावट, पल-पल बदला मौसम

**बदायूं, अमृत विचार**: इन दिनों मौसम के कई रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं झमाझम बारिश हो रही है तो कहीं चटक धूप खिल रही है। बीते सोमवार को जहां देहात क्षेत्र में तेज बारिश हुई वहीं दूसरे दिन बुधवार को जिले में रिमझिम बारिश का दौर चला। जो देर रात तक जारी रहा। सुबह बूंदाबांदी के बाद वर्षा की झड़ी लगी रही। इससे न केवल तापमान में गिरावट आई है बल्कि मौसम भी बेहद खुशनुमा हो गया। हल्की बारिश होने के कारण जलभराव तो नहीं हुआ लेकिन सड़कों पर कीचड़ के कारण निकलना मुश्किल हो गया। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद प्रशासन ने यलो अलर्ट जारी किया है। तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने और ब्रजपात होने की संभावना व्यक्त करते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है।

रिमझिम बारिश होने से अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान में गिरावट आई तो लोगों को उमस से राहत मिली। कई जगह नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहता दिखा। दोपहर के समय कुछ देर के लिए बारिश रुकी, परंतु आसमान में बादल छाए रहे। शाम को चार बजते ही फिर से बारिश शुरु हो गई। जो देर रात तक जारी रही। रात में भी कई जगह तेज बारिश हुई है। किसान इससे खुश हुए हैं।

# जिले में 3355 आयकरदाता ले रहे मुफ्त राशन का लाभ

## सत्यापन के बाद 2599 आयकरदाताओं के निरस्त किए गए कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** राशन कार्ड में दर्ज यूनिट की ई-केवाईसी करवाई जा रही है। जिले में 48 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अब तक हुई ई-केवाईसी में चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। जिसमें 3355 आयकरदाता मुफ्त राशन का लाभ लेते हुए मिले। साथ ही साधन संपन्न लोग भी फ्री का राशन लेते हुए मिले हैं। इन सभी का जिला पूर्ति विभाग द्वारा सत्यापन किया जा रहा है। 2599 आयकरदाताओं और साधन संपन्न लोगों के राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। चूंकि सत्यापन का काम अभी जारी है, ऐसे में अभी इस तरह के और भी राशन कार्डधारकों का खुलासा होगा।

- **जिले में कार्डधारकों की कराई जा रही है ई-केवाईसी, अब तक 48 प्रतिशत काम हुआ पूरा**

जिले में पिछले दो माह से शासन के आदेश पर राशन कार्ड में दर्ज यूनिट की ई-केवाईसी करवाई जा रही है। इस कार्य को कोटेदारों के साथ ही तहसील स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग भी जिला स्तरीय अधिकारी कर रहे हैं। जिसकी प्रतिदिन रिपोर्ट पूर्ति विभाग पहुंच रही है।

पूर्ति विभाग के अनुसार जिले में करीब 5.45 लाख राशन कार्डधारक हैं। इन सभी कार्डों में 23 लाख 79 हजार 234 यूनिट दर्ज हैं। इनमें से 11 लाख 8 हजार 567 यूनिट की ई-केवाईसी हो चुकी है। यह काम अभी चल रहा है। जिन लोगों की ई-केवाईसी हो चुकी है। इनमें 3355 आयकरदाता राशन कार्डधारक सामने आए हैं। साथ ही तीन हजार से अधिक ऐसे कार्डधारक हैं जो साधन संपन्न है। जबकि उनके पास पक्का लग्जरी घर, कार, ट्रैक्टर समेत घर में एयर कंडीशन लगे हैं। ऐसे लोगों के नाम सामने आने पर विभाग द्वारा राशन कार्ड निरस्त कर दिए हैं। साथ ही 3355 आयकरदाताओं में 2599 का सत्यापन कराने के बाद उनके भी राशन कार्ड को निरस्त कर दिया है। शेष का सत्यापन चल रहा है।

### बच्चों की नहीं हो रही ई-केवाईसी

राशन कार्ड में शामिल पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चों की ई-केवाईसी नहीं हो रही। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिस समय उनका आधार राशन कार्ड से सीड किया गया था, तब लिए गए फिंगर प्रिंट अब मशीन में नहीं आ रहे हैं। ऐसे सदस्यों को आधार अपडेट कराने के लिए कोटेदारों को आदेश दिए हैं। बच्चों का आधार अपडेट होने के बाद उनकी ई-केवाईसी कराई जाएगी।

> राशन कार्ड में दर्ज यूनिट की ई-केवाईसी करवाई जा रही है। अब तक 48 प्रतिशत ई-केवाईसी हो चुकी है। 3355 आयकरदाता सामने आए हैं। इनमें से 2599 का सत्यापन कराने के बाद राशन कार्ड निरस्त कर दिया है। साधन संपन्न लोगों के भी राशन कार्ड निरस्त कराए जा रहे हैं। -**रमन मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी।

## चोरी के खुलासे को तीन टीमें गठित सीसीटीवी फुटेज खंगाले

**उघैती ,अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र में बाइक की डिग्गी में 4.95 लाख और इस्लामनगर क्षेत्र में बाइक पर थैले में रखे 34 हजार 680 रुपये चोरी होने के घटनाओं में पुलिस दूसरे दिन भी खाली हाथ रहे। खुलासे के लिए एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने पुलिस की तीन टीमें गठित की हैं। बुधवार को टीम ने जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की लेकिन चोरों को पकड़ने में सफलता नहीं मिली।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव उघैती गर्वी के प्रधान मुनेंद्र पाल सिंह उर्फ बाबू सिंह का भतीजा युगवीर सिंह पुत्र प्रेमपाल सिंह मंगलवार सुबह बैंक से 4 लाख 95 हजार रुपये निकालकर घर लौट रहा था। रुपये थैले में रखकर बाइक की डिग्गी में रखे थे। कस्बे में मिठाई की दुकान के बाहर बाइक खड़ी करके पानी पीने के लिए भीतर गए थे। इसी दौरान किसी ने बाइक की डिग्गी से रुपये रखा थैला पार कर लिया। । दूसरी घटना थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव भुसाया निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र सूरजपाल सिंह कोल्ड स्टोर से 34 हजार 680 रुपये लेकर बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने टॉर्च के डिब्बे में रुपये रखे और डिब्बा थैले में रखकर बाइक पर टांगकर जनसेवा केन्द्र गये वापसी में थैला गायब था। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक चोर थैला लेकर नजर आया है। टीम ने बुधवार को बैंक और कोल्ड स्टोर के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की है।

## ओवरटेक करते समय अनियंत्रित टेंपो खंभे में घुसा, चालक की मौत

**उसावां/म्याऊं ,अमृत विचार :** तेज रफ्तार से जा रहा टेंपो अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया। हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक संजीव शुक्ला

थाना उसावां क्षेत्र के गांव गूरा बरेला निवासी संजीव शुक्ला (28) पुत्र हरि शुक्ला टेंपों चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। बदायूं से उसावां तक और म्याऊं मार्ग पर टेंपो ले जाते थे। बुधवार दोपहर वह टेंपो में सवारियों का लेकर गांव गौतरा मार्ग पर जा रहे थे। उन्होंने टेंपो के आगे चल रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान टेंपो अनियंत्रित हो गया। टेंपो सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गया। संजीव शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संजीव शुक्ला के परिजनों को सूचित किया और उन्हें जिला अस्पताल लेकर आई। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। जहां चिकित्सक ने संजीव शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# वक्फ संपत्ति का सत्यापन पूरा,शासन को भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **जिले में शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड की 1982 संपत्तियां है**
- **संपति पर विवाद नहीं, समस्या का निपटारा लखनऊ में होता**

**अमृत विचार:** जिले में वक्फ संपत्तियों के सर्वे में सबसे ज्यादा संपतियां सुन्नी बोर्ड की निकली हैं। शिया समुदाय के पास वफफ संपत्तियां कम हैं। अल्पसंख्यक विभाग द्वारा की गई वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के सत्यापन करने के बाद शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। वक्फ बोर्ड की कुल 1982 संपत्ति है। इनमें से किसी पर भी विवाद नहीं है।

अल्पसंख्यक विभाग से वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का सत्यापन करने के बाद रिपोर्ट मांगी गई थी।शासन को भेजी रिपोर्ट के अनुसार जिले की पांचों तहसीलों में वक्फ बोर्ड की कुल 1982 संपत्तियां हैं। इनमें सुन्नी बोर्ड और शिया बोर्ड की अपनी अपनी संपत्तियां हैं।

अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद ने बताया कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियां दो प्रकार की होती हैं। इसमें अलल खैर और अलल औलाद शामिल हैं। जिले में जिस संपत्ति का विवाद सामने आता है। उसकी शिकायत को एसडीएम स्तर पर भेज दिया जाता है। उसके बाद भी समाधान नहीं होता है तो वक्फ बोर्ड लखनऊ से मामला निपटाया जाता है। शासन से ऐसा कोई आदेश अभी नहीं मिला है जिसमें संपत्तियों का ब्योरा मांगा गया हो। इसलिए विवादित संपत्तियों का ब्योरा जिला स्तर पर नहीं है। जिले में कुल संपत्तियों का ब्योरा मांगा गया था। जिसे शासन में भेजा जा चुका है।

### वक्फ बोर्ड की संपत्तियां

- कब्रिस्तान 1150
- कर्बला 07
- मजार 08
- इमामबाड़ा 17
- ईदगाह 45
- मस्जिद 215
- कृषि भूमि 45
- जियारत 70
- मकबरा 06
- दरगाह 05
- अन्य वक्फ बोर्ड संपत्ति 414
- कुल संपत्ति 1982

## बड़ी लाइन में हुआ फाल्ट, आठ घंटे ठप रही बिजली सप्लाई

**वजीरगंज,अमृत विचार :** बुधवार को बड़ी लाइन में अचानक फाल्ट आ जाने से सैकड़ों गांवों की विधुत व्यवस्था ठप रही।घरों में पेयजल संकट गहरा गया। जिसकी बजह से महिलाओं को घरेलू कामकाज निपटाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। इन्वर्टर भी फेल हो गए। जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोपीश बने रहे। बुधवार की सुबह पांच बजे बड़ी विद्युत लाइन में अचानक टेक्निकल फाल्ट आ गया। जिसकी बजह से कस्बा सहित इलाके के सैकड़ों गांवों की विजली व्यवस्था गड़बड़ा गयी।बिजली के अभाव में घरों में पेयजल संकट पैदा हो गया। पानी के अभाव में महिलाओं को घरेलू कामकाज निपटाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। कस्बे में नगर पंचायत द्वारा घरों तक पानी की सप्लाई दी जाती है। जिस पर कस्बे की करीब आधी आबादी निर्भर है। पानी की सप्लाई न मिल पाने की बजह से घरों में पीने के पानी की किल्लत पैदा हो गयी। घरों में लगे इन्वर्टर फेल हो गये। विजली विभाग के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद फाल्ट खोज निकाला, उसके बाद दोपहर बाद सप्लाई सुचारू हो सकी।

## शेखूपुर चौकी इंचार्ज बने राजेंद्र सिंह

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन पुलिस चौकी शेखूपुर के प्रभारी प्रदीप कुमार को थाना बिनावर और ककराला चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार को कोतवाली बिल्सी भेजा गया है। सिविल लाइन पुलिस चौकी जवाहरपुरी से राजेंद्र सिंह को शेखूपुर पुलिस चौकी और थाना बिनावर के एसएसआई रामनाथ कन्नौजिया को ककराला का चौकी प्रभारी बनाया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# प्रधान और पंचायत सहायक के बीच चलीं कुर्सियां

### डीपीआरओ के सामने मारपीट

संवाददाता, विजय नगला

- **ग्राम प्रधान ने पंचायत सहायक के खिलाफ थाने में दी तहरीर**
- **गबन के आरोप में जांच करने पहुंचे थे डीपीआरओ**


प्रधान और सहायक पंचायत सदस्य के बीच होती मारपीट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकास कार्यों में गबन के आरोपों की जांच करने पहुंचे डीपीआरओ की मौजूदगी में प्रधान और सहायक पंचायत के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हुई। जिसमें दोनों ओर से समर्थक भी शामिल रहे। मारपीट की घटना के दौरान जांच करने पहुंचे अधिकारियों को पंचायत घर से निकलना मुश्किल हो गया। अधिकारियों ने किसी तरह वहां से निकलकर अपने आप को बचाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो की वजह से पंचायती राज विभाग और गांव की छवि धूमिल हो रही है। वहीं इस प्रकरण में प्रधान की ओर से पंचायत सहायक के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है। वहीं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने मौध साध लिया है। कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव निजामपुर के प्रधान फहीम ने पंचायत सहायक पर एक लाख रुपये की सरकारी धनराशि का गबन करने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की थी। जिसकी जांच करने के आदेश डीएम ने डीपीआरओ को दिए थे। बुधवार को डीपीआरओ यावर अब्बास एडीओ पंचायत खालिद अली, सचिव देवेंद्र सिंह के साथ गांव में जांच करने पहुंचे। गांव में बने पंचायत घर में पहुंचने पर जांच अधिकारियों ने पंचायत सचिव विकास कार्यों से संबंधित फाइल तलब कर की। उसी दौरान ग्राम प्रधान और पंचायत सहायक में कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में उन लोगों के बीच हाथापाई होने लगीं। पंचायत सहायक और प्रधान के समर्थकों ने एक दूसरे पर कुर्सियों से बार करना शुरू कर दिया। प्रधान और पंचायत सहायक समर्थकों के बीच हाथापाई होने से जांच करने पहुंचे अधिकारियों को पंचायत घर से निकलना मुश्किल हो गया। किसी वह लोग पंचायत घर से निकलकर गांव में पहुंचे। और जांच किए बिना ही चले आए। इधर पंचायत सहायक और प्रधान के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं इस प्रकरण में प्रधान की ओर से पंचायत सहायक के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है। इस संबंध में पंचायती राज विभाग के अधिकारियों से बात की गई जिस पर उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। कहा कि जांच के बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा। इस प्रकरण में थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने बताया ग्राम प्रधान की तरफ से तहरीर आई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

> गांव में विकास कार्यों की जांच करने गए थे। वहां ग्राम प्रधान और पंचायत सहायक में मारपीट हुई है। जिसकी जांच डीपीआर खुद कर रहे हैं। उनके आदेश अनुसार कार्यवाही की जाएगी। -**खालिद अली**, एडीओ पंचायत सालारपुर

## कबाड़ में बेची जा रही हैं चोरी की बाइक साइकिल और ट्यूबवेल का सामान

**वजीरगंज,अमृत विचार :** कस्बे में बिना परमिट कबाड़ खरीदने की दर्जनों दुकानों में चोरी की बाइक, साइकिल, ट्यूबवैल के पाइप तथा अन्य उपकरणों की खरीददारी की जा रही है। मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे, बिल्सी रोड, आंवला रोड पर कबाड़ा खरीदने की दर्जनोंदुकानों में कई घटनाएं हो चुकी हैं, पुलिस तक बात पहुंचने कबाड़ी रसूखदार आदमी को बीच में डाल कर बात खत्म करा लेते हैं। देहात इलाके के बड़े पैमाने पर चोरी का माल यहां ओने पौने दामों पर बेच दिया जाता है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम करकटपुर निवासी एक छात्रा कस्बे के नत्थूलाल इंटर कॉलेज के सामने साइकिल से अपने चाचा के घर आई। कुछ देर बाद घर से बाहर आई तो साइकिल चोरी हो चुकी थी। तलाश करने पर साइकिल हाईवे पर एक कबाड़ी की दुकान पर मिली। कबाड़ी ने साइकिल सही करके देने का वायदा किया। जिस पर परिजन राजी हो गए। लेकिन अगले दिन बातें बना कर कल आने का बहाना बना कर टरका दिया। परिजन पुलिस से शिकायत का मन बना रहे हैं।

# बिना सूचना रुद्रपुर गए दो सिपाही,निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **साइबर ठगी से जुड़े मामले की जांच को गये, पहले भी बिना लग चुके हैं रुपये के लेनदेन के आरोप**

**अमृत विचार :** साइबर ठगी से जुड़े एक मामले में अधिकारियों को सूचना दिए बिना उत्तराखंड जिला रुद्रपुर गए दो सिपाहियों पर एसएसपी ने निलंबन की कार्रवाई की है। शिकायत के आधार पर दोनों सिपाहियों को दो दिन पहले लाइन हाजिर किया गया था।

कोतवाली सिविल लाइन में तैनात सिपाही संतोष गंगवार साइबर ठगी के मामले देखता था। वह लगभग डेढ़ साल से साइबर के मामलों की जांच कर रहा था। सिपाही पर रुपयों के लेनदेन के आरोप लग चुके हैं। कुछ दिनों पहले एक मामला सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता तक पहुंचा था। चर्चा है कि उस मामले में सिपाही को रुपये वापस करने पड़े थे। अगस्त महीने में एक व्यापारी ने 18 लाख रुपये की ठगी की शिकायत की थी। मामले की जांच करने के लिए संतोष गंगवार एक और सिपाही अभिलाष शर्मा को लेकर उत्तराखंड के रुद्रपुर तक पहुंच गया। दोनों सिपाहियों ने किसी को कोई सूचना नहीं दी। न ही जिले से बाहर जाने की अनुमति ली सिविल लाइन पर तैनात निरीक्षक अपराध नरेश कुमार जिले के बाहर थे। सिपाही संतोष ने फोन करके उन्हें भी रुद्रपुर बुला लिया। वह तीनों तीन दिन तक अनुपस्थित रहे। मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा। कुछ दिन पहले ही एसएसपी ने कर्मचारियों को लाइन हाजिर किया था। इस बीच सीओ उझानी शक्ति सिंह से जांच कराई गई। सीओ ने जांच रिपोर्ट एसएसपी को सौंप दी। जिसमें दोनों सिपाही दोषी पाए गए हैं।

## राजस्व टीम ने चकमार्ग कराया कब्जा मुक्त

**मुजरिया,अमृत विचार :** बिल्सी तहसील क्षेत्र के ग्राम बिचोला टप्पा जमीनी में राजस्व विभाग ने चकमार्ग कब्जा मुक्त कराया। गांव के नरेश पाल ने तहसील प्रशासन से शिकायत की कि गांव के चकमार्ग गाटा संख्या 315 पर शिशुपाल उर्फ झब्बू, महेश, दाताराम, पोती ने कब्जा कर रखा है। जिससे आने जाने में दिक्कत होती है। एसडीएम बिल्सी के आदेश पर राजस्व टीम ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर चकमार्ग को खाली करवाया। लेखपाल श्याम कुमार, लवी भारद्वाज ने चकमार्ग चिन्हित कर कब्जे में भूमि पर खड़ी बाजरा, धान यूकेलिपटस की फसल को हटवाया।

# सियार को आदमखोर भेड़िया समझकर सहम गये लोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **गोवंश पर हमला करने की वजह से लोगों ने सियार को समझा था भेड़िया**
- **वन विभाग और पशु प्रेमी ने कराया सियार का इलाज फिर नवादा के पास जंगल में छोड़ा**


हमला के बाद पिंजड़े में कैद सियार।


सियार का रेस्क्यू करने के दौरान मौजूद वन दारोगा अशोक कुमार और विकेंद्र शर्मा।

**अमृत विचार** जंगल से भटककर आये सियार को गायों पर हमला करना भारी पड़ गया। गो पालकों ने सियार को आदमखोर भेड़िया समझ लिया और पीटकर अधमरा कर उसके पैर बांध कर कैद कर लिया और वन कर्मियों को सूचना दी। वन कर्मियों ने आने के बाद सियार को पिजंरे में कैद किया और उसका इलाज कराकर जंगल में छोड़ दिया है।

बुधवार तड़के लगभग पांच बजे एक सियार भटकता हुआ शहर के मोहल्ला गद्दी चौक के पास आ गया। उसने दूधियों की गायों पर हमला कर दिया। पशु पालक समझे कि अन्य जिलों में लोगों पर हमला करने वाला आदमखोर भेड़िया आ गया है। मौके पर शोर मच गया। लोगों ने बच्चों को घर के भीतर घुसा दिया। उन्होंने सियार को लाठी से पीटना शुरू कर दिया और अधमरा कर दिया। सियार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। किसी ने पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा और वन विभाग की टीम को सियार को पीटकर एक पैर काटने की सूचना दे दी। वन दारोगा अशोक कुमार और विकेंद्र शर्मा, यश दिवाकर मौके पर पहुंचे और सियार होने की बात कहकर लोगों के चुंगल से उसे छुड़ाया। वन विभाग ने घायल सियार को पिंजड़े में बंद किया। पशु चिकित्सक को बुलाया गया। सियार का इलाज किया। सियार की हालत सही होने पर वन विभाग की टीम ने उसे जंगल में छोड़ दिया। वन विभाग की टीम सियार के शहर में घुसने की जानकारी के कारण की जानकारी कर रही है।


वन विभाग ने इलाज कराने के बाद सियार को जंगल में छोड़।



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्व साधारण सूचित करना पड़ रहा है कि मेरा पुत्र अभिषेक पुत्र मुकेश कुमार निवासी वार्ड न. 6 कस्वा ब थाना दातागंज जिला बदायूं मेरा कहना नहीं मानता है इस कारण मैनें समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किसी भी कृत्य या लेन देन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **मुकेश कुमार पुत्र महेश चन्द्र निवासी वार्ड न. 6 कस्वा व थाना व तहसील दातागंज जिला बदायूं**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में Mohammad Athar Khan मोहम्मद अतहर खान लिखा हैं। जबकि आधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में मो0 अतहर खाँ है। दोनों मेरे ही नाम है, और मै दोनों नामों से जाना पहचाना जाता हूँ। अत: पासपोर्ट में दर्ज नाम Mohammad Athar Khan के स्थान पर Mohd Athar Khan अंकित किया जाए। **मो0 अतहर खाँ Mohd Athar Khan s/o श्री हिदायत उल्ला खाँ, मो. -शास्त्री नगर, नियर सरायन ब्रिज, मोहम्मदी रोड, गोला गोकर्णनाथ- खीरी**

**सूचना**
मैंने गाटा संख्या 98 रकवा 0.636 एयर लक्ष्मीपुर बांगर तहसील तिलहर के बैनामें की मूलप्रति जो कि ओमवीर सिंह उदयवीर सिंह भारतवीर सिंह विकासवीर सिंह पुत्रगण स्व. श्री कृष्ण पाल सिंह से बैनामा 21.01.2004 में कराया। जिसका बैनामा रामबहादुर व रामसेवक व सुशीला देवी वेवा श्रीकृष्ण के माध्यम से उपरूक्त 4 लोगों को दिनांक 13.01.2000 पुस्तक सं. 1 खंड संख्या 984 पृष्ठ सं. 44 से 64 क्र.सं. 200 वास्तव में कहीं खो गया है। राजकुमार मिश्रा पुत्र श्री रामौतार मिश्रा निवासी: मोहल्ला रामबाग, खुदागंज (शाहजहांपुर) मो. 9936478852

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि भूलवश मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम ATHKAR AHMED KHAN व जन्मतिथि 10.04.1963 दर्ज हो गया था। जबकि मेरा वास्तविक नाम आधार कार्ड के अनुसार ATAHAR AHMAD KHAN व जन्मतिथि 15.04.1965 है। अत: मुझे उक्त नाम से जाना जाए जो मान्य है। ATAHAR AHMAD KHAN S/O SIDDIQUE AHMAD KHAN MOH- RAJAGANJ PURANPUR DISTT-PILIBHIT

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मूल अंक तालिका वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220765011 वास्तव में कहीं खो गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **सुधांशु पटेल पुत्र रूकुम सिंह निवासी ग्राम म्यूड़ी खुर्द कलां, थाना भुता, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### बाजार गए दुकानदार की जेब से रुपये चोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र में खैरी रोड निवासी जाबिर अली ने बताया कि बुधवार दोपहर वह बाजार गए थे। उनके पास 49 हजार रुपये थे। थाने के मोड़ पर बाइक सवार युवक आया और उसने सटकर खड़ा हो गया। कुछ आगे बढ़कर उन्होंने अपनी जेब चेक की तो रुपये गायब थे। पीड़ित ने तहरीर दी। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कहकर उन्हें वापस कर दिया।

### डोडा के साथ तीन पकड़े

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना कादरचौक पुलिस ने 9 किलो 850 ग्राम डोडा चूर्ण के साथ तस्करी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों ने गांव मामूरगंज निवासी मुनेश कुमार व योगेश पुत्र बलवीर, गावं बरचऊ निवासी रामहीश पुत्र खुशीराम बताया। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वालों में उपनिरीक्षक वारिश खान, हेड कांस्टेबिल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल कपिल कुमार, भानुवेंद्र सिंह रहे।

# तय स्टैंड से टेपों नहीं चले तो सीज कराएंगे

## अधिकारियों और बस यूनियन के बीच हुई वार्ता, 15 दिन में व्यवस्था सुधारने का आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


प्राइवेट बस स्टैंड पर अधिकारियों को समस्या के बारे में बताते बस ऑपरेटर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जगह-जगह टेंपो का अवैध रूप से संचालन होने से प्राइवेट बस संचालकों को दिक्कत हो रही है। जिसके चलते बस ऑपरेटर्स यूनियन और बस मालिकों ने अपनी बसें सरेंडर करके 11 सितंबर को एआरटीओ कार्यालय पर खड़ा करने का निर्णय लिया था। इससे पहले ही सीओ संजीव कुमार, एआरटीओ प्रशासन रामवचन गुप्ता, एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और टीएसआइ प्राइवेट बस स्टैंड पर पहुंचे। संगठन के पदाधिकारियों को समझाया।

बस ऑपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष ओमकार सिंह ने बताया कि प्राइवेट बसें कई साल से वैध प्रपत्र और पार्किंग फीस व अन्य टैक्स देकर संचालित कर रहे हैं। वहीं प्रशासन ने शहर के चारों ओर टेंपो स्टैंड बनाए हैं। उसावां, उसहैत, ककराला जाने वालों टेंपो का स्टैंड मंडी समिति और कादरचौक, उझानी, बिल्सी जाने वालों का स्टैंड बड़े सरकार की दरगाह के पुल से पहले बनाया गया है। साथ ही बरेली, दातागंज जाने वालों टेंपो का स्टैंड दातागंज तिराहे पर विज्ञानानंद स्कूल के पास बनाया गया है। इसके बाद भी टेंपो अपने स्टैंड से खड़े होने की बजाय शहर में चौराहों से सवारियां भरते हैं। बसों के भीतर तक से सवारियां निकालकर ले जाते हैं। हर बार झगड़े की आशंका रहती है। विवाद भी होते रहते हैं। टेंपो चालक मारपीट पर उतारु हो गए हैं। जिला महासचिव मुजताहिद खान ने कहा कि अवैध रूप से की जा रही डग्गामारी ने बस मालिक और स्टाफ का जीना मुहाल कर दिया है। सीओ ने आश्वासन दिया कि वह 15 दिनों के भीतर व्यवस्था दुरुस्त करा देंगे। जिसके बाद जिलाध्यक्ष ने बस मालिकों से आग्रह किया कि पहले की तरह ही बसों का संचालन कराते रहें। भारत, दिलीप कुमार, जुल्फिकार हुसैन, हरिओम, रामू, पूंजाराम, अवधेश, नरेंद्र गुप्ता, वसीम खान, विष्णु, प्रमोद कुमार, बख्तियार, फन्ने, मंटू, साजिद, पुजारी, मुजाहिद, बंटू, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

> बस ऑपरेटर्स के पदाधिकारी और वाहन चालकों के साथ बैठक की थी। विभिन्न चौराहों पर टेंपो से होने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की। निर्णय लिया गया कि शहर में आने वाले टेंपो के चालकों को परमिट केंद्र बताया जाएगा। टेंपो चालक निर्धारित स्टैंड से ही संचालन कराएंगे। अन्य पर संचालित करते पाया गया तो टेंपो का चालान या सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।
> – **अंबरीश कुमार**, एआरटीओ प्रवर्तन

## पुलिस परामर्श केन्द्र पर एक मामले में कराया समझौता

**बदायूं, अमृत विचार :** बुधवार को पुलिस लाईन में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से आपसी कलह और मतभेद से बिखरते एक परिवार के बीच सुलह समझौता करा कर सराहनीय प्रयास किया गया। अन्य मामलों में अग्रिम तिथि पर उपस्थित होने को कहा गया। पुलिस लाईन में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र तथा काउंसलर व संबंधित पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण प्रभारी महिला थाना पूनम सिंह व महिला हेड कांस्टेबल कविता व राखी द्वारा पारिवारिक समस्याओं की कुल 29 फाइलें लगाई गई। जिनमें से 23 फाइलों की काउंसलिंग हुई, जिनमें से 1 फाइल में समझौता व 2 फ़ाईल निरस्त की गयी। कुल 3 फाइलो का निस्तारण कराया गया। शेष फाइलों में अग्रिम तिथि दी गई, एवं उपस्थित पक्षों को सुना गया और उनकी समस्याओं के निवारण का विचार किया गया।

## सार-संक्षेप

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर होगी प्रतियोगितायें



**बदायूं, अमृत विचार :** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में लिखित परीक्षा, निबंध, भाषण प्रतियोगिताएं होगी। आयोजन समिति ने प्रतियोगिता के सम्बन्ध में बदायूँ क्लब में बैठक आहूत की। विभाग संघचालक सुनील गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। महिला समन्वय की विभाग संयोजक सीमा रानी ने कहा जयती पर कई प्रतियोगिताएं होगी। इनमें कक्षा 6 से 10 तक लिखित परीक्षा ,कक्षा 11 से 12 तक की छात्राओं के लिए लोकमाता अहिल्याबाई पर निबंध प्रतियोगिता, महाविद्यालय की छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी डिग्री, इंटर कॉलेज और जूनियर हाईस्कूल को चिन्हित कर वहां रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। छात्राओं के रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 21 सितंबर है। प्रतियोगिताओं के रजिस्ट्रेशन फॉर्म कॉलेज में ही उपलब्ध कराये जा रहे हैं। प्रतियोगिता की तिथि और स्थान अभी तय नहीं किया गया है। इस अवसर पर विभाग प्रचारक विशाल, जगजीवन राम, संजीव सक्सेना, गार्गी बुलबुल, सरला चक्रवर्ती, सीमा चौहान, अंजू चौहान, प्रमिला गुप्ता, लक्ष्मी, बदायूं क्लब के सचिव अक्षत अशेष, आशीष शाक्य, मयंक प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### केंद्रीय विद्यालय में लगेगा 25 केवीए का सोलर प्लांट



**बदायूं, अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बुधवार को संपन्न हुई। जिसमें मौजूद रहीं डीएम ने विद्यालय परिसर में 25 केवीए का सोलर प्लांट लगाने और 400 मीटर एथलेटिक ट्रैक बनाए जाने के कार्यों का अनुमोदन किया। स्कूल में हुई प्रबंधन समिति की बैठक में एथलेटिक ट्रैक बनाए जाने और स्कूल की बाउंड्री वॉल को ऊंचा करने के कार्यों का अनुमोदन किया। जिलाधिकारी को विद्यालय की ओर से बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग भेंट की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा 12 व दस के टॉपर बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही शत प्रतिशत परिणाम वाले चार अध्यापकों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय धीरज सिंह, अध्यापक संगीता सक्सेना सहित अन्य अध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### लम्फी बीमारी से बचाव को होगा टीकाकरण, दिया प्रशिक्षण



**कुंवर गांवअमृत विचार :** पशुओं में लम्फी बीमारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण से पहले सलारपुर ब्लाक में सभी पैरावेट और वैक्सीनेटर को प्रशिक्षण दिया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव कुमार भुइयार ने टीका कर्मियों को योजनाओं को पशुपालकों तक पहुंचाने के निर्देश दिये। कहा कि 15 सितम्बर से टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। सलारपुर ब्लॉक को 7 हजार 8 सौ पशुओं का वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य मिला है। उन्होने कहा कि अभी तक यह बीमारी यहां नही है प्रशिक्षण शिविर मेंपशुपालन विभाग के अनेक डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद रहे।

### ब्राह्मपुर में विराजे गजानन, दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू



**बदायूं, अमृत विचार :** शहर में गणेश महोत्सव की धूम मची हुई है। बुधवार को ब्राह्मपुर के राजा गजानन को पंडाल में स्थापित किया। रिमझिम बरसात के बीच श्रद्धालु देर रात तक भगवान गणेश की स्तुति करते रहे। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंतिम गजानन को धूमधाम से अगले वर्ष आने का न्योता देने के बाद विदाई दी जाएगी। बुधवार को ब्राह्मपुर के राजा गजानन समिति के पदाधिकारियों ने गाजे बाजे के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित किया। रिमझिम बरसात के बीच कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। कार्यक्रम अशोक कुमार सक्सेना, राकेश गुप्ता, अमित सक्सेना, सुमित सक्सेना आदि शामिल रहे।

### नगला मिश्रा में लोकार्पण से पहले ही ढह गया नाला



**सहसवान, अमृत विचार :** विकास खण्ड सहसवान द्वारा केन्द्रीय वित्त टाइड योजना के अन्तर्गत गांव नगला मिश्रा में कुछ दिनों पूर्व ही लाखों रुपए की लागत से नाले का निर्माण कराया गया था। तीन दिन पूर्व ही लोकार्पण ब्लाक प्रमुख कृति विक्रांत यादव द्वारा किये जाने का पत्थर लगा कर गया था। लोकार्पण से पहले ही हल्की बारिश में लगभग दस मीटर नाले की दीवार ढह गयी। नाले की दीवार ढह जाने से भ्रष्टाचार होने की कलई खुल कर सामने आ गयी है।विकास खंड के गांव नगला मिश्र में केंद्रीय वित्त टाइड योजना के अंतर्गत लाखों रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग रोड से गांव सभा तक नाले का निर्माण कराया गया था। गांव वासियों का आरोप है कि नाले के निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं किया गया। जिस कारण नाला हल्की बारिश को न झेल सका और लगभग दस मीटर ढह गया। गांव वासियों का कहना है कि ठेकेदार तीन दिन पूर्व ही ब्लाक प्रमुख के लोकार्पण करने का पत्थर लगा कर गया था।

### धान की फसल में लगा गन्धी कीट, एडवाइजरी जारी

**बदायूं, अमृत विचार :** जिले में बोई गई धान की फसल में गंधी कीट लगने की संभावना बढ़ गई है। जिसकी वजह से फसल को नुकसान पहुंच सकता है। गंधी कीट से बचाव को कृषि विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि जिले में लगभग 87127 हेक्टेयर भूमि पर धान की फसल बोई गयी है। इस समय फसल लगभग 70-75 दिन की हो गयी है। अगेती फसलों में धान की बालियां भी निकल रही है। धान इस अवस्था के दौरान गंधी कीट लगाने की संभावना अधिक रहती है। यह कीट धान के फूल व दाने के दूध को चूस लेता है। जिससे बाली में दाने नहीं पड़ते है। या दाने के बजन कम हो जाता है। कृषि अधिकारी ने बताया कि इस कीट के शिशु व वयस्क व दूधिया अवस्था में अलग दानों से रस चूसते हैं।

### कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार दो युवक घायल

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** एक कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव दुगरइया निवासी अनमोल पुत्र मुनेंद्र कश्यप, अजीत पुत्र ओमपाल कश्यप ई-रिक्शा से गांव जा रहे थे। रास्ते में बदायूं की ओर से तेज रफ्तार से आई शिक्षिकाओं को स्कूल छोड़ने जानी वाली कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा सवार अनमोल और अजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर अनमोल को रेफर किया गया है।

# बाइकर्स गैंग के दो सदस्यों का शांतिभंग में चालान


पुलिस की गिरफ्त में टॉक्सिस गैंग के दो सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

● कुछ लोगों ने टॉक्सिस रखा है अपनी गैंग का नाम, करता है हुड़दंग

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में बाइकर्स गैंग का कस्बा में हुड़दंग करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। जो कस्बे में तेज गति से बाइक चलाते हुए गए और पटाखे छोड़ते नजर आए थे। पुलिस हरकत में आई और बाइकर्स गैंग के दो लोगों का शांतिभंग में चालान किया है। भविष्य के लिए चेतावनी भी दी गई है।

दो दिन पहले कस्बे में बाइकर्स गैंग का एक वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ। जिसमें उन्होंने कस्बा की गलियों में हुड़दंग मचाया और दहशत फैलाई। मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा तो बाइकर्स गैंग के दो सदस्य अनीश पुत्र रहमान और मुकीम पुत्र महराव को पकड़ा और कार्रवाई की है।

## सीरप के धोखे में पी लिया कीटनाशक, महिला की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** टीबी की दवा के धोखे में एक बुजुर्ग महिला ने कीटनाशक पी लिया। बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ गई। परिजन बुजुर्ग को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव नारायणपुर भोजपुर निवासी सुरेंद्र की पत्नी विमला (65) को टीबी की बीमारी थी। परिजन उसका इलाज करा रहे थे। परिजनों के अनुसार मंगलवार रात दवा पीने के समय बिजली चली गई थी। जिसके चलते विमला ने अपने दवा में सीरप की बजाय कीटनाशक पी लिया। कुछ ही देर के बाद महिला की हालत खराब हो गई तो परिजन उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां महिला ने दम तोड़ दिया।

# जिले के 10 मदरसे शीघ्र होंगे बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● शासन से मदरसा के संबंध में कराई गई थी जांच, सामने आया था खेल

● मदरसा संचालकों ने खुद ही मान्यता समाप्त करने का दिया था आवेदन

**अमृत विचार:** शासन की सख्ती का असर मदरसा संचालकों पर दिखाई दे रहा है। जिले के 10 मदरसा संचालकों ने मान्यता समर्पण के लिए आवेदन किया है। मान्यता समर्पण के पीछे बच्चों की संख्या कम होने और शिक्षकों का कई माह से वेतन न मिलने का कारण बताया जा रहा है। जिन मदरसा संचालकों ने मान्यता सरेंडर के आवेदन किया है। उनमें सबसे अधिक सदर तहसील के 8 मदरसे संचालक शामिल हैं।

मदरसों में फर्जीवाड़ा सामने आने पर शासन की ओर से प्रदेश भर के मदरसों की जांच कराई गई थी। जांच के दौरान जिले में 42 अवैध मदरसे संचालित मिले थे। ये सभी मदरसे ऐसे थे। जिनमें मौके पर बच्चों की संख्या शून्य मिली थी। सख्ती असर यह रहा कि मदरसों में फर्जीवाड़ा पर लगभग रोक लग गई। जिससे शिक्षकों का वेतन निकलना मुश्किल हो गया। साथ ही मान्यता नवीनीकरण के नियमों में बदलाव होने से संचालकों के सामने दिक्कतें पैदा हो गईं। यू-डायस पर भी बच्चों की संख्या शून्य हो गई। ऐसी स्थिति पर होने पर जिले के दस मदरसा संचालकों ने मान्यता सरेंडर के लिए आवेदन अल्पसंख्यक विभाग में किया था। जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। अल्पसंख्यक रजिस्ट्रार के निर्णय के बाद यह मदरसे बंद हो जाएंगे। अल्पसंख्यक अधिकारी के मुताबिक जिले के दस मदरसा संचालकों ने मान्यता समर्पण के लिए आवेदन किया है। इनमें से 8 सदर तहसील और एक सहसवान और एक बिसौली तहसील के मदरसे का नाम शामिल है। बीईओ से भी मदरसों की जांच कराई गई थी। उनमें बच्चों की संख्या आदि मानक देखे गये थे।

### यह भी आ रहीं दिक्कतें

अल्पसंख्यक अधिकारी मोहम्मद खालिद ने बताया कि मदरसा संचालकों का कहना है कि पहले अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के स्तर से ही मदरसों की मान्यता और उसका इनोवेशन हो जाता था। लेकिन, अब ये अधिकार रजिस्ट्रार को दे दिया गया है। मदरसा संचालकों को मदरसों में बच्चों की पढ़ाई करानी है। इसलिए कई ने बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता ले ली है।

# रिद्धि सिद्धि के साथ हुआ गणेश जी का विवाह


गणेश कथा का वर्णन करती कथा वाचक देवी गौर प्रिया।


कथा के दौरान भजनों पर झूमते भक्त। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● विवाह प्रसंग सुनकर खुशी से झूमें श्रोता

**अमृत विचार :** श्री गणेश सेवा मंडल की ओर से भोला धाम में मनाए जा रहे गणेश उत्सव में चौथे दिन कथावाचक देवी गौर प्रिया ने रिद्धि-सिद्धि के साथ भगवान गणेश के विवाह का वर्णन सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने दुर्वा घास का महत्व बताते हुए कहा कि जो भी भक्त भगवान गणेश को यह घास भेंट करता है उसके सभी संकट भगवान हर लेते हैं। उसके जीवन में सुख समृद्धि आती है।

कथावाचक देवी गौर प्रिया के साथ आए पवन के भजनों पर मंत्र मुग्ध होकर झूमने लगे। कथावाचक ने कहा भगवान गणेश की दो पत्नियों थी, रिद्धि और सिद्धि। भगवान गणेश की पूजा करता है उसके यहां रिद्धि और सिद्धि का भी पूर्ण रूप से आशीर्वाद प्राप्त होता है। इससे पहले आयोजकों की ओर से पंडाल को भव्य रूप से सजाया गया था। रिद्धि-सिद्धि की झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान गणेश की बारात धूमधाम से कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। घोड़े पर सवार होकर भगवान श्रीगणेश आए। साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती थीं। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र वार्ष्णेय, सुनील गुप्ता, सुनील वार्ष्णेय, राजेश शर्मा, केएल गुप्ता, नितेश वार्ष्णेय, चंद्र प्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज वैश्य, रामेश्वर दयाल, अवनेश साहू , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीपमाला गोयल, इन्दु सक्सेना, मीडिया प्रभारी पंकज शर्मा उपस्थित रहे।

## शमशान घाट की अवैध दीवार को हटवाने पर अड़े रहे प्रदर्शनकारी

संवाददाता, इस्लामनगर

● बिल्सी एसडीएम ने शमशान घाट में पानी भरे होने का दिया हवाला

**अमृत विचार :** कस्बे के बिसौली-बिल्सी चौराहे के पास मौजूद वाल्मीकि समाज के शमशान घाट की भूमि पर कुछ दबंग भू माफियाओं ने कब्जा करने की नीयत से कई माह पहले बीच में दीवार खड़ी कर दी थी

अधिकारियों द्वारा शमशान भूमि को कब्जा मुक्त न कराने से नाराज वाल्मीकि समाज के लोग हड़ताल पर चले गए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। हड़ताल पर बैठे वाल्मीकि समाज के लोगों ने कहा कि लगभग आठ महीने पहले जब दीवार बनाई जा रही थी तब भी समाज के लोगों ने इसका विरोध किया और सफाई कार्य बंद कर प्रदर्शन किया था। बुधवार सुबह जब वाल्मीकि समाज के लोग शमशान घाट पर इकट्ठा हुए तो सुबह ही बिल्सी एसडीएम प्रवर्धन शर्मा भी मौके पर पहुंचे। लेकिन वाल्मीकि समाज के लोग दीवार हटाए जाने की मांग करते रहे। हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था भी बाधित रही।

कस्बा में बिल्सी रोड स्थित शमशान घाट की करीब ढाई बीघा जमीन है। जमीन पर नगर के कुछ भू माफिया मार्केट बनाकर कब्जा करना चाह रहे हैं। अप्रैल में भू माफिया ने शमशान की भूमि पर दीवार लगाकर पक्का निर्माण कर दिया था। तभी से समाज के लोग न्याय पाने के लिए इधर-उधर भटक रहे थे। सुनवाई ना होने पर बुधवार को लोग धरने पर बैठ गए। लोगों का कहना है कि जब तक दीवार हटाकर भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तब तक उनका धरना जारी रहेगा। वाल्मीकि समाज के लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक शमशान से कब्जा नहीं हट जाता तब तक हड़ताल और धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# समय पर नहीं दे रहे भुगतान यदु शुगर मिल का हुआ विरोध

**बदायूं, अमृत विचार :** समय पर गन्ना भुगतान नहीं करने वाली चीनी मिलों को गन्ना नहीं देने का निर्णय किसानों ने किया है। सहकारी गन्ना विकास समिति की वचुअर्ल बैठक में किसानों ने बिसौली की यदु शुगर मिल के साथ ही दो बाहरी मिलों को भी गन्ना नहीं देन की बात कही है।

बैठक में चीनी मिलों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। बुधवार को आयोजित वर्चुअल बैठक में समिति के डेलीगेट सदस्यों के साथ साथ यदु शुगर मिल, एवं दि किसान सहकारी चीनी मिल लि. शेखूपुर, दूसरे जनपदों की चीनी मिलों में रजपुरा, बीनस, न्योली शुगर मिल, द्वारिकेश शुगर मिल, बरेली, एवं राणा शुगर मिल रामपुर के मिल प्रशासन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। किसानों ने कहा कि यदु शुगर मिल पर गन्ना किसानों का अभी भी 28 करोड़ से अधिक का बकाया है जिससे गन्ना किसानों को परेशानी हो रही है। इसलिए गन्ना किसान यदु शुगर मिल को गन्ना नहीं दिया जाएगा। किसानों ने दो अन्य चीनी मिलों को भी इस साल गन्ना नहीं देने की बात कही। किसानों के भड़कने पर यदु शुगर मिल के महाप्रबंधक अनिल सिंह ने सितम्बर के अंतिम सप्ताह तक किसानों को शत प्रतिशत गन्ना भुगतान करने का आश्वासन दिया। ग्राम नगला शर्की निवासी गन्ना किसान वृजेन्द्र सिंह पटेल ने अपने गांव को शेखूपुर मिल गेट से अलग कर नया क्रय केन्द्र नगला शर्की के नाम से यदु शुगर मिल बिसौली को आवंटित करने की मांग की। ग्राम भरकुइया निवासी किसान राजपाल सिंह ने कहा कि शेखूपुर चीनी मिल की मरम्मत जल्द कराया जाए। शेखूपुर चीनी मिल की पेराई क्षमता को बढ़ाये जाने एवं विस्तारीकरण करने की मांग की गयी।

## राजमार्ग के एक कॉलेज के जिम्मेदार को उठाया विजीलेंस की चर्चा

**बदायूं, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के एक कॉलेज का जिम्मेदार बुधवार दोपहर लगभग चार बजे कॉलेज परिसर में बने अपने आवास पर गये तभी पीछे से तेज रफ्तार कार से उतरे लोगों ने उन्हें कार में बैठा लिया। कॉलेज कर्मचारियों ने छुड़ाने का प्रयास किय तो कार सवारों ने कभी एंटी करप्शन तो कभी विजिलेंस का बताया। कुछ ही देर बाद कार सवार लोग जिम्मेदार को वापस छोड़ गए। जिम्मेदार से पता किया तो वह मुकर गए और कहा कि ऐसी कोई बात नहीं हुई। वह तो अपने कॉलेज परिसर के आवास पर ही हैं। उन्हें कोई नहीं ले गया। वहीं बताया जा रहा है कि शिकायत मिलने पर ट्रैप टीम उन्हें पकड़कर ले गई थी लेकिन सूचना गलत होने पर या ट्रैप फेल होने पर उन्हें छोड़कर चली गई।

# बिल्सी में दिखा इंडिया गठबंधन का तालमेल

संवाददाता, बिल्सी


बिल्सी में इंडिया गठबंधन के दलों के बीच सांसद आदित्य यादव । अमृत विचार

● सांसद आदित्य यादव का नगर कांग्रेस कमेटी बिल्सी ने किया स्वागत

**अमृत विचार :** बुधवार को सांसद आदित्य यादव का स्वागत समारोह जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सद्दाम सैफी सहित समस्त बिल्सी विधानसभा के कांग्रेसजनों ने नवनिर्वाचित इंडिया गठबंधन के सांसद आदित्य यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हाजी बिट्टन, पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह, बिल्सी सपा नेता अजमल खान मौजूद रहे। सांसद आदित्य यादव ने कहा कि मैं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में बदायूं लोकसभा से प्रथम चुनाव लड़ा, भाजपा द्वारा मुझे चुनाव हराने की हरसंभव कोशिश की गई, परंतु कांग्रेस पार्टी सहित इंडिया गठबन्धन में शामिल सभी पार्टियों ने मुझे मजबूती से जितवाने का काम किया। जिस तरह इंडिया गठबंधन की समस्त पार्टियों ने मुझे जिताया उसी तरह में भी इस जीत को इंडिया गठबंधन का आशीर्वाद मानते हुए सभी के साथ मिलकर क्षेत्र का विकास करूंगा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर से गठबंधन होने के बाद समस्त कांग्रेसजनों ने आदित्य यादव का चुनाव मजबूती से लड़वाया, तथा उसी तरह सांसद आदित्य यादव ने हमे सम्मान दिया। विगत दिनों कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा ग्राम नाधी गौटिया का एक प्रकरण बताया गया जिस पर आदित्य यादव ने तत्काल सांसद निधि से सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजवीर यादव, अनिल उपाध्याय, कमरान हुसैन, सुखबीर यादव, हरवीर सिंह, सुरेश, राजेन्द्र आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## सड़क किनारे बेहोश मिला युवक अस्पताल में भर्ती

**एटा।** सड़क किनारे बेहोशी हालात में युवक पड़ा मिला। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। दोपहर तक उसे होश नहीं आ सका है। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव कुटैना निवासी सोमेंद्र मंगलवार की शाम को घर से लापता हो गया था। बुधवार की सुबह गांव के बाहर सड़क पर बेहोशी हालात में पड़ा मिला। गांव के लोगों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। वह कैसे बेहोश हो गया इस बारे में जानकारी की जा रही है।

### मोहिनी हत्याकांडः अधिवक्ता मोहिनी के पति ने परिवार को खतरा बता मांगी सुरक्षा

# अब्बास का पैरवीकर्ता है मोहिनी का हत्यारोपी वकील केशव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का बाहुबली विधायक बेटा अब्बास कासगंज जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद है। इसकी पैरवी मोहिनी के हत्यारोपी अधिवक्ता केशव मिश्रा द्वारा की जा रही है। अब अब्बास का पैरवीकर्ता और महिला अधिवक्ता का हत्यारोपी जेल भेजा गया है तो कड़ी नजर रखी जा रही है।

उधर महिला अधिवक्ता के पति ने कहा है कि मुझे और मेरे परिजनों की जान को खतरा है। उनकी सुरक्षा का इंतजाम किया जाना चाहिए। एक आरोपी अब्बास का परवीकर्ता है इसलिए डर और ज्हैयादा है। हालांकि, फिलहाल घर के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात है, लेकिन और बेहतर सुरक्षा मिलनी चाहिए।


मोहिनी तोमर।

**अधिवक्ताओं में पड़ी फूटः** मोहिनी हत्याकांड के आरोप में अधिवक्ताओं को जेल भेजने को लेकर अधिवक्ताओं में फूट पड़ चुकी है। अधिवक्ता संघर्ष समिति के चार सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है। छह सदस्यीय कमेटी को अब बार एसोसिएशन ने भंग कर दिया है। हालांकि, कुछ अधिवक्ता अभी भी मोहनी तोमर के समर्थन में हड़ताल पर हैं और हत्यारोपी पर कार्रवाई के साथ ही सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं।

**महिला कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन**

महिला कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया है। जिलाध्यक्ष दिव्या शर्मा ने सीबीआई जांच की मांग की है। कहा कि यह घटना महिला उत्पीड़न का सबसे बड़ा उदाहरण है। मामले में सीबीआई जांच हो, जो भी दोषी हो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

> मोहिनी हत्याकांड का आरोपी केशव मिश्रा जेल लाया जा चुका है। निगरानी के बीच आरोपी को रखा गया है। हां, यह बात सही है कि केशव ने अब्बास की पैरवी की है, लेकिन अब जेल में हैं तो फिर पैरवी का सवाल ही नहीं उठता है। अब्बास की भी हर गतिविधि पर नजर है।
> –**विजय विक्रम सिंह**, जेल अधीक्षक

## भाई से विवाद के बाद युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**कासगंज, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के पीछे आपस में भाइयों का विवाद बताया जा रहा है। मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

शहर के गली कायस्थान निवासी राजू के 23 वर्षीय बेटा बंटी ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। सुबह राजू नहीं उठा तो परिजनों ने कमरे में खिड़की से झांककर देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। यह देखकर परिजन हतप्रभ रह गए। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर उतारा। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बंटी की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। वह चाट पकोडे का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों द्वारा बताया जा रहा है कि बंटी का विवाद किसी बात को लेकर शाम को भाई से हुआ था। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने फंदा लगा लिया।

# बारिश से मिली राहत, जलभराव बना मुसीबत

### रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश होती रही, निचले इलाकों में हुआ जलभराव, फसलों को हुआ लाभ

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया है। बारिश से राहत है तो जलभराव से आफत भी। लोगों को गंदगी और जलभराव से समस्या का सामना करना पड़ा। इधर, बारिश से फसलों को संजीवनी मिल गई है। किसानों का मानना है कि यदि अधिक बारिश हुई तो फसलों को नुकसान हो जाएगा, फिलहाल राहत है।

मंगलवार देर रात से हवा चलने लगी। थोड़ी ही देर में बूंदाबांदी होने लगी और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से मौसम ठंडा हो गया। लोगों ने गर्मी से राहत ली है। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया। लोगों को बुधवार सुबह समस्या का सामना करना पड़ा। कई क्षेत्रों में पानी भरा हुआ था और नालियों का गंदा पानी और गंदगी सड़कों पर थी। बारिश के साथ साथ बार-बार कड़कती बिजली से माहौल डरावना हुआ। लोगों को इस बात का डर लग रहा था कि बिजली गिरने से कोई हादसा न हो जाए। हालांकि, जिले में कोई अनहोनी नहीं हुई।


कस्बा सिढ़पुरा में बारिश से दलदल बनी सड़क। ● अमृत विचार


कासगंज में भाजपा जिला कार्यालय के बाहर जलभराव। ● अमृत विचार


कासगंज के नदरई गेट पर बारिश के बीच छाता लेकर गुजरते लोग। ● अमृत विचार

इधर, यह बारिश फसलों के लिए बेहद फायदेमंद है, हालांकि अब सब्जी की फसलों में नुकसान होने लगा है। किसानों का मानना है कि वैसे तो सब्जियों की फसल को बारिश से नुकसान है, लेकिन मचान विधि से की गई फसलों को बेहद फायदा है। मचान विधि से जिले में करेला, तोरई की खेती कई किसान कर रहे हैं। मेमड़ी के किसान चंद्रभान का कहना है कि उन्होंने मचान विधि से करेला की खेती है। बारिश से इस खेती को बौंछारी सिचाई मिल गई है।

**ढह गई स्कूल की बाउंड्रीवालः** तेज बारिश के कारण भवनों की दीवार में दरकने लगी है। पहले ही दिन से सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव लौंगपुर के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल ढह गई। हालांकि, कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

**मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट**

मौसम विभाग ने तेज बारिश को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। अभी तीन से चार दिन तक तेज बारिश होने की आशंका जताई गई है। स्कूलों में बच्चों को भेजने में समस्या होना स्वाभाविक है।

> बारिश से फसलों को फायदा हुआ है। तापमान संतुलित होने से पैदावार और भी बढ़ेगी। किसान फसलों में जरूरत के अनुसार खाद का प्रयोग करें। –**अवधेश मिश्रा**, जिला कृषि अधिकारी


सिढ़पुरा के लौंगपुर स्कूल की ढही दीवार। ● अमृत विचार

## सराफा एसोसिएशन की बैठक में बनाई महाधिवेशन को लेकर रणनीति

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** जिला सराफा एसोसिएशन युवा की महत्वपूर्ण बैठक में आगामी 30 सितंबर को जनपद एटा एवं कासगंज के सराफा व्यापारियों के महाअधिवेशन की तैयारी और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

● **30 सितंबर को एटा-कासगंज के सराफा व्यापारियों का होगा अधिवेशन**

देवांश गहलोत के प्रतिष्ठान पर बैठक में यूथ टीम के महामंत्री अक्षत अग्रवाल ने कहा कि महाअधिवेशन में पंजीकरण काउंटर पर प्रत्येक व्यापारी का प्रमाण पत्र और आईकार्ड बनाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। अध्यक्ष तनुज राठौर ने कहा कि महाधिवेशन को सफल बनाने के लिए यूथ टीम पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेगी और अधिवेशन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेगी। नगर महामंत्री सत्य प्रकाश गहलोत ने अधिवेशन की विस्तृत योजना प्रस्तुत की।


महाधिवेशन की रणनीति तैयार करते जिला सराफा एसोसिएशन युवा के पदाधिकारी।

युवा टीम के सदस्य अर्पित और यश अग्रवाल ने कहा कि अधिवेशन में नगर और कस्बों के युवा सर्राफा व्यापारियों को जोड़कर एक सशक्त श्रृंखला का निर्माण किया जाएगा। संगठन को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने की अखिलेश अग्रवाल और मिकी अग्रवाल ने अपील की। अशोक अग्रवाल, राजवीर सोलंकी, मिकी अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, यश अग्रवाल, शिरियांश गहलोत, निलांशु अग्रवाल, गौरव वर्मा, अश्वनी अग्रवाल, अमर भारद्वाज, शुभम शर्मा, मनोज अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### परियोजना केंद्रों पर आंगनबाड़ियों को दिया प्रशिक्षण

**कासगंज।** प्रधानमंत्री मातृ शक्ति वंदना योजना के अंतर्गत आंगनबाडी वेबीनार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आंगनबाडियों कोमातृ शक्ति वंदना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्हें वंदना योजना के पोर्टल पर फीड करने के लिए बारे में बताया गया।सुबह से ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपनी-अपनी परियोजनाओं पर पहुंच गईं। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृशक्ति वंदना योजना वेबिनार कार्यक्रम में सहभागिता कर जानकारी हासिल की। जिला बाल विभाग कार्यक्रम अधिकारी सुशीला ने बताया कि पहले मातृ शक्ति वंदना योजना स्वास्थ्य विभाग के हवाले थी, अब यह योजना महिला एवं बाल विकास विभाग में हस्तांतरित हो गई है। इसी को लेकर वेबीनार का आयोजन किया गया है। ऑन लाइन डिस्पले के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें आईडी बनाना बताया गया है। जिससे वे कार्य आसानी पोर्टल पर फीड कर सकें। गर्भवती धात्री को लाभ मिल सके।

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में आयुष्य प्रथम और लवी को दूसरा स्थान

**जलेसर, अमृत विचारः** जलेसर के चिंता हरण महादेव सत्संग भवन में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव के चतुर्थ दिन 5 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में आयुष्य सैनी प्रथम, लवी वर्मा द्वितीय, कनक कुशवाहा तृतीय स्थान पर रहीं। तीनों बच्चों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया। अन्य भाग लेने वाले बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में जज के रूप में मनोज देवी, निकिता जालौन, शालिनी राज रहीं।

कार्यक्रम का आरंभ भगवान गणेश की आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण कराया। अध्यक्ष संजीव वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, हिमांशु गुप्ता, सोनू सर्राफ, डॉ. हितेंद्र शर्मा, दीपक पालीवाल, दीपक वार्ष्णेय, शिवम वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, अंकुर बंसल, अर्पित बंसल, गौरव गर्ग, दीपक वर्मा आदि मौजूद थे। संचालन सौरव वार्ष्णेय एवं अखिलेश वार्ष्णेय ने किया।

## गजानन के गुणगान से वातावरण भक्तिमय


कस्बा अमांपुर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **गणेश पंडालों में किए जा रहे हैं धार्मिक अनुष्ठान**

**अमृत विचारः** जिलेभर में भगवान श्री गजानन के गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। लोग सुबह से लेकर शाम तक भगवान की भक्ति में डूबे हुए हैं।

कासगंज, सोरों, सहावर, अमांपुर कस्बा में सज रहे गणेश पंडालों में भजन-कीर्तन गूंज रहे हैं। श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के पांचवें दिन मथुराधीश मंदिर, इन्द्रानगर, सर्राफा बाजार, सुभाष नगर, जवाहर नगर, राजेंद्र नगर, शास्त्री नगर, गांधीनगर, राजेंद्र नगर में विराजमान गणेश प्रतिमाओं का लोगों ने विधान पूर्वक पूजन किया। महाआरती और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। भगवान गणेश के जयकारे लगाए गए। इसके साथ ही प्रसाद वितरण किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मीना चौहान एवं श्यामू सर्राफ के आवास पर विराजमान गणेश प्रतिमा का पूजन कर आरती की गई।

## पत्नी से कहासुनी होने पर पति ने खाया जहर, गंभीर

**एटा, अमृत विचारः** जैथरा थाना क्षेत्र के कस्बा धुमरी में पत्नी से कहासुनी होने पर पति ने विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजन मेडिकल कॉलेज लाए। यहां से उपचार के बाद स्वास्थ्य में लाभ होने पर घर भेज दिया है।

धुमरी निवासी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बेटा जितेंद्र सिंह की अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर उसने विषाक्त पदार्थ खा लिया। बेटे ने बताया कि पत्नी ने समय से खाना नहीं बनाया, जिससे उसको गुस्सा आ गया। गुस्से में उसने घर में रखी हुई फसल में लगाई जाने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। मेडिकल कॉलेज में उसका उपचार किया गया। परिजनों का यह भी कहना है कि यह सब गुस्से में किया गया है।

## धूमधाम से मनाया लाडली सरकार का जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** राधा अष्ठमी पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में राधा रानी की पूजा अर्चना की गई। घरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। व्रत रखकर लाडली सरकार की पूजा अर्चन कर परिवार की खुशहाली की कामना की।

राधाष्टमी के पर्व पर शहर के मंदिरों में आए भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला।राधारानी के जन्मदिवस अवसर पर ढोलक की धुन पर थिरक कर भजनों का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर बच्चों ने झांकी प्रस्तुत की। जिसकी काफी सराहना हुई। भक्तों ने राधारानी के भव्य दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। शहर के मीना मार्केट गली बोहरान स्थित श्री मदन मोहन जी महाराज पालीवाल ब्राह्मण समाज मंदिर पर राधारानी के जन्मोत्सव पर भव्य आरती का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित कर राधारानी के जन्मोत्सव की बधाई गाई गई। नरेंद्र पालीवाल, सुमन पालीवाल, संध्या पालीवाल, रजनी, प्रेम नारायण, प्रदीप मुना, शालिनी अग्रवाल, नीता मौजूद रहे।


अमापुर में स्कूल में झांकी प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार


गली बौहरान में सजा राधा रानी का दरबार।

● **जगह-जगह आयोजित हुए धार्मिक अनुष्ठान, विद्यालयों में भी बच्चों ने किए कार्यक्रम**

**स्कूल में भी किए गए कार्यक्रम**

राधाष्टमी के अवसर पर स्कूलों में भी कार्यक्रम की धूम मची रही। एनआर पब्लिक स्कूल, दद्दा पब्लिक स्कूल में राधा रानी की महिमा का गुणगान किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय भिटौना मेंमटकी फोड़ कार्यक्रम किया गया। छोटे कान्हा मटकी फोड़ने को आतुर दिखाई दिए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शालिनी मिश्रा, ज्योति सक्सेना, दिनेश कुमार, अंजू, सरिता, कमलेश मौजूद रहे। एसएन पब्लिक में बच्चों ने राधा-कृष्ण की सुन्दर झांकी प्रस्तुत की। प्रबंधक डॉ भगवान सिंह राजपूत एवं प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह यादव ने बधाई दी। एमडी पंकज राजपूत, सुमन राजपूत, अमरकांत सर, जीशान, राजकिशोर, पुष्पेंद्र सिंह, मुकुल उपाध्याय, सजीव मिश्रा, दीप्ति यादव, समीक्षा सिंह, शिवानी शर्मा, रोहित सिंह, पूजा, समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गलत खून चढ़ाने से महिला की मौत, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** शहर के एक नर्सिंग होम में गलत खून चढ़ाने से महिला की हालत खराब हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पैथोलॉजी ने गलत ग्रुप की रिपोर्ट दी। महिला को खुर्जा के अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। परिजन शव ले आए और नर्सिंग होम पर रखकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सोरों थाना क्षेत्र के सियारपुर गांव निवासी अखिलेश की 23 वर्षीय पत्नी सुमन को छह सितम्बर के प्रसव पीड़ा होने पर शहर के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। वहां ऑपरेशन से सुमन ने बच्ची को जन्म दिया। खून की कमी होने के कारण चिकित्सकों ने दो यूनिट ब्लड चढ़वाने की सलाह परिजनों को दी। परिजनों ने लैब में जांच कराने के बाद खून लेकर चढ़वा दिया। इसके लिए नौ हजार रुपए लैब को दिए।


नर्सिंग होम के बाहर हंगामा करते महिला के परिजन। ● अमृत विचार

● **एक नर्सिंग होम में हुआ था ऑपरेशन हालत खराब होने पर किया था रेफर**

● **परिजनों ने पैथोलॉजी लैब पर गलत ब्लड ग्रुप बताने का लगाया आरोप**

खून चढ़ने के बाद सुमन की हालत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया तो परिजन उसे खुर्जा के एक अस्पताल ले गए। वहां खून की जांच कराई गई तो ए पॉजीटिव आई जबकि कासगंज की लैब में ओ पॉजीटिव की रिपोर्ट दी गई थी। यहां चिकित्सकों ने बताया कि गलत ब्लड चढ़ने से महिला का गुर्दे खराब हो गए हैं। महिला की मौत से गुस्साये परिजन शव ले आए और नर्सिंग होम के बाहर रख हंगामा कर दिया। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी पहुंचे और परिजनों को समझाकर शांत किया। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

> नर्सिंग होम पर परिजनों ने महिला के शव को रखकर हंगामा किया। परिजनों ने पैथोलॉजी लैब पर गलत ब्लड ग्रुप बताने का आरोप लगाया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
> –**डा. राजीव अग्रवाल**, सीएमओ।

## एसएसपी और एएसपी ने थानों चौकियों का किया निरीक्षण

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिंह द्वारा अचानक पुलिस थानों और चौकियों का औचक निरीक्षण किया। जब पूरा शहर गहरी नींद में था, तब ये अधिकारी रात्रि गश्त और पुलिस ड्यूटी की जांच के लिए सड़कों पर उतर आए।

रात लगभग 12 बजे दोनों अधिकारी मलावन थाने पहुंचे। यहां पुलिस ड्यूटी को चेक किया और मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस कर्मियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए गए। चेकिंग अभियान के दौरान दोनों अधिकारियों ने थाना मलावन, चौकी संथरी, लिप्टन चौकी और अन्य थानों का निरीक्षण किया। साथ ही, जनपद में संचालित 112 पीआरवी को भी चेक किया गया। इस दौरान जो कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं मिले, उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया और उन्हें ड्यूटी के प्रति तत्पर रहने के सख्त निर्देश दिए गए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने सभी थानों को निर्देशित किया कि रात में नियमित गश्त करें और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण के दौरान कोई भी पुलिसकर्मी ड्यूटी से अनुपस्थित पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिंह ने इस अवसर पर कानून व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एटा जनपद के सभी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी और कर्मठता के साथ निभाएं। यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ में चलें नाव, टूटी पुलियों की हो मरम्मत


कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुंचे पटियाली तराई क्षेत्र के ग्रामीण।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **पटियाली तराई क्षेत्र के ग्रामीणों ने डीएम को दिया ज्ञापन**

**अमृत विचारः** पटियाली तहसील क्षेत्र के आई बाढ़ से पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। रास्ता बंद होने ग्रामीणों को कई किलोमीटर घूम कर गांव आना पड़ा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नाव की व्यवस्था कराए जाने और टूटी पुलियाओं का अतिशीघ्र निर्माण कराए जाने की मांग की।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी की नेतृत्व में बाढ़ पीडित क्षेत्र के लोग जिलाधिकारी मेधा रूपम के दफ्तर में पहुंचे। उन्होंने बताया कि अगस्त 2023 में गंगा कटान की वजह से आए सैलाब से पटियाली तहसील क्षेत्र के गांव सनौडी से नगला जयकिशन वाली सड़क, नगला दुर्जन से नरदोली सड़क और मूंज खेड़ा से नरदोली सड़क पर पुलिया टूट गई थीं। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। नगला जय किशन के पास पुल टूट गया है, उसके आसपास पानी भर गया है। जहां से आवागमन करना बड़ा मुश्किल हो गया है, इसलिए नाव की सुविधा करा दी जाए, ताकि ग्रामवासियों को आवागमन में आसानी हो। गांव वालों ने एक नाव लगा रखी थी, जो अब जगह-जगह फूट गई है। ज्ञापन देने वालों में डा. उर्वेश कुमार, शैलेंद्र भगत, राम धुन सिंह, राम सिंह पेशकार, रविंद्र कुमार, सुरेश सिंह, सोनू मिश्रा सहित आदि लोग शामिल रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अपि मेरुसमं प्राज्ञमपि शुरमपि स्थिरम् ।
तृणीकरोति तृष्णैका निमेषेण नरोत्तमम् ॥

भले ही कोई व्यक्ति मेरु पर्वत की तरह स्थिर, चतुर, बहादुर दिमाग का हो, लालच उसे पल भर में ही घास की तरह खत्म कर सकता है।

## संपादकीय

# भारत की वैश्विक जिम्मेदारी

दुनिया में सेमीकंडक्टर कई तरीके से अहम भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। सेमीकंडक्टर ऐसी सामग्री होती है जिसमें कंडक्टर और इंसुलेटर के बीच चालकता होती है तथा इसमें सिलिकॉन या जर्मेनियम या गैलियम, आर्सेनाइड या कैडमियम सेलेनाइड के यौगिको का प्रयोग होता है। सेमीकंडक्टर चिपों का स्वदेशी स्तर पर निर्माण एक रणनीतिक अनिवार्यता के रूप में राष्ट्रीय हित में है। सेमीकंडक्टर डिजिटल युग का आधार है और वह दिन दूर नहीं जब सेमीकंडक्टर उद्योग बुनियादी आवश्यकताओं के लिए भी आधार होगा। सेमीकंडक्टर की आवश्यकता के साथ-साथ इसकी वैश्विक मांग भी मौजूद है, जिनकी भारत पूर्ति कर सकता है, लेकिन इसके लिए मौजूदा क्षमताओं का उपयोग करते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता होगी और सुदृढ़ नीति तंत्र एवं पारितंत्र को स्थापित करना होगा। स्वागत योग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण रहा है कि भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जाए। भारत ने महसूस किया है कि सेमीकंडक्टर चिप्स जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद के लिए पूरी तरह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर होना सही नीति नहीं है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सारे कदम उठाए गए हैं।

भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने के लिए 50 प्रतिशत सहायता भारत सरकार दे रही है। इसमें राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर और मदद कर रही हैं। भारत की इन नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपए से ज्यादा के निवेश भारत में हो चुके हैं। वास्तव में भारत के पास विविध सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में विश्वसनीय भागीदार बनने की क्षमता है। भारत की प्रतिभा और अनुभव को ध्यान में रखते हुए, यह सही विकल्प हो सकता है कि कम से कम वर्तमान के लिए यदि नया मिशन, डिजाइन केंद्रों, परीक्षण सुविधाओं, पैकेजिंग आदि सहित चिप बनाने वाली श्रृंखला के अन्य हिस्सों की वित्तीय सहायता पर ध्यान केंद्रित करना है। सरकार को चिप निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भारत में संबंधित उद्योगों को जोड़ने की तत्काल आवश्यकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए उद्योग जगत एवं सरकारों को मिलकर कार्य करना भी आवश्यक है। भारत का लक्ष्य एक विश्वसनीय एवं बहुपक्षीय सेमीकंडक्टर पारितंत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने का होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी वैश्विक जिम्मेदारी को पहचानते हुए इस पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# निर्द्वंद्वता आजादी नहीं एक प्रकार की निर्लज्ज गुलामी है



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

गांधी ने आजाद भारत के लिए जनजीवन की सुख सुविधा को केंद्र मानकर जिस राज्य व्यवस्था की की कल्पना की थी, उसे उन्होंने रामराज के नाम से ही पुकारा था। इस शब्द को उन्होंने दो रूपों में परिभाषित किया।

राज्य की आदर्श कल्पना रामराज स्थापित करने की रही है। रामराज की अवधारणा में प्रजा को हर प्रकार के सुख की प्राप्ति होगी। संसारिक शोषण से मुक्ति मिलेगी, भूख, बेरोजगारी, रोग ,भय ,आतंक कि कोई आशंका न होगी। वैयक्तिक उत्थान में कोई रुकावट न होगी। दैविक आपदाओं में ऐसा राजा प्रजा को कोई कष्ट होने देगी। राज्य की यह आदर्श परिकल्पना को क्या पाया नहीं जा सकता?

गांधी ने आजाद भारत के लिए जनजीवन की सुख सुविधा को केंद्र मानकर जिस राज्य व्यवस्था की स्थापना की कल्पना की थी, उसे उन्होंने रामराज के नाम से ही पुकारा था। इस शब्द को उन्होंने दो रूपों में परिभाषित किया। एक उसका धार्मिक अभिप्राय जिसका अर्थ है, पृथ्वी पर ईश्वर का राज्य। अर्थात सत या ऋत का राज-ऋत का तात्पर्य है ब्रह्मांडीय नियम,नैसर्गिक अनुशासनों का राज्य। दूसरा, राजनितिक अभिप्राय, जिसमें निहित है पूर्ण प्रजातंत्र। इस शासन व्यवस्था में अमीरी ,गरीबी ,रंग और मत मतांतर के आधार पर स्थापित असामान्यता नगण्य होती है। गांधी के रामराज की परिकल्पना पर प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक आचार्य शंकर दत्तात्रेय जावड़ेकर ने एक स्थल पर लिखा है कि जिस राज्य को समाज की न्याय बुद्धि का आधार है,जहां के कानून समाज के न्याय बुद्धि के आधार पर खड़े हैं।

न्याय बुद्धि से व्यवहार करने वाले मनुष्य को जिस समाज में किसी भी कानून से प्रतिबंध नहीं होता, जिस समाज के सब व्यवहार मनुष्य के अंतःकरण की न्याय बुद्धि को आसानी से मान्य हो जाते हैं, अन्याय से धन कमाना या सत्ता का दुरुपयोग करना, जिस समाज में असंभव है और जहां की राजसत्ता प्रजा के संगठित आत्मबल के समक्ष झुक सकती है वही रामराज है। गांधी के लिए राम का वनवास एक प्रेरणा का स्रोत है,जो जनचेतना के लिए गांधी दर्शन का मूलाधार रहा। गांधी दर्शन के अनुयायी आचार्य विनोबा भावे ने इसका पालन किया। आजाद भारत की पहली पंचवर्षीय योजना में विचार विमर्श के लिए जब आचार्य जी को आमंत्रित किया गया तो विनोबा ने वर्धा से दिल्ली तक की रेलयात्रा नहीं की वे पदयात्रा से दिल्ली चल पड़े। यही वह रामत्व है,जिसे गांधी ने अपने ईश्वर से ग्रहण किया था। भावे पंचवर्षीय योजना को जन भावनाओं के अनुकूल बनाने के लिए इसे आवश्यक समझते थे। राम ने अपने जीवन में वचनों का पालन किया यह गांधी के लिए वह आदर्श था,जिसके बल पर उन्होंने जीवन पर्यंत व्रत का पालन किया। गांधी व्रत की पवित्रता के पक्षधर थे,वे दूसरों के अपराध को अपने ऊपर ओढ़कर प्रायश्चित करते थे। रामत्व के बल पर ही गांधी ने प्रत्यक्ष आदर्शों को ही प्रमाण माना। गांधी को ईश्वर पर अटूट विश्वास था और उनकी शक्ति उनका ईश्वर था। गांधी पर उनकी भी आस्था थी,जो ईश्वर को नहीं मानते थे तथा गांधी भी उन पर भी विश्वास करते थे,जिनका ईश्वर में विश्वास नहीं था। गांधी ईश्वर ही सत्य है के बजाय सत्य ही ईश्वर कहा करते थे।

रामराज्य की कल्पना को स्पष्ट करते हुए 20 मार्च 1930 को गांधी ने हिंदी पत्रिका नवजीवन में स्वराज्य और रामराज्य शीर्षक से एक लेख लिखा -स्वराज्य के कितने भी अर्थ क्यों न किए जाएं तो भी मेरे नजदीक उसका त्रिकाल सत्य एक ही अर्थ है और वह है रामराज्य। यदि किसी को रामराज्य शब्द बुरा लगे तो मैं उसे धर्मराज्य कहूंगा। रामराज्य शब्द का भावार्थ यह है कि उसमें गरीबों की संपूर्ण रक्षा होगी। सब काम धर्मपूर्वक किए जाएंगे और लोकमत का हमेशा आदर किया जाएगा। सच्चा चिंतन तो वही है,जिसमे रामराज्य के लिए पवित्र साधन का ही उपयोग किया गया हो। यह याद रहे की रामराज्य स्थापित करने के लिए हमें पांडित्य की आवश्यकता नहीं है,जिस गुण की आवश्यकता है वह तो सभी वर्गों के लोगों स्त्री, पुरुष ,बालक और बूढ़ों तथा सभी धर्मों के लोगों में आज भी मौजूद है। दुःख केवल इतना है सब कोई अभी उस हस्ती को पहचानते ही नहीं। सत्य,अहिंसा,मर्यादा पालन, वीरता, क्षमा,धैर्य आदि गुणों का हम में से हरेक एक व्यक्ति यदि वह चाहे तो क्या आज ही परिचय नहीं दे सकता।

रामराज्य की कल्पना को स्पष्ट करते हुए 20 मार्च 1930 को गांधी ने हिंदी पत्रिका नवजीवन में स्वराज्य और रामराज्य शीर्षक से एक लेख लिखा -स्वराज्य के कितने भी अर्थ क्यों न किए जाएं तो भी मेरे नजदीक उसका त्रिकाल सत्य एक ही अर्थ है और वह है रामराज्य। यदि किसी को रामराज्य शब्द बुरा लगे तो मैं उसे धर्मराज्य कहूंगा। रामराज्य शब्द का भावार्थ यह है कि उसमें गरीबों की संपूर्ण रक्षा होगी। सब काम धर्मपूर्वक किए जाएंगे और लोकमत का हमेशा आदर किया जाएगा। सच्चा चिंतन तो वही है, जिसमें रामराज्य के लिए पवित्र साधन का ही उपयोग किया गया हो। यह याद रहे कि रामराज्य स्थापित करने के लिए हमें पांडित्य की आवश्यकता नहीं है,जिस गुण की आवश्यकता है, वह तो सभी वर्गों के लोगों स्त्री, पुरुष ,बालक और बूढ़ों तथा सभी धर्मों के लोगों में आज भी मौजूद है।

26 फरवरी 1947 की प्रार्थना सभा में गांधी ने स्पष्ट कहा है कि कोई यह समझने की भूल न करे की रामराज्य का अर्थ है, हिंदुओं का शासन। मेरा राम,खुदा या गॉड का दूसरा नाम है। मैं खुदाई राज चाहता हूं,जिसका अर्थ है पृथ्वी पर परमात्मा का राज्य।

25 मई 1947 को एक इंटरव्यू में गांधी जी ने आर्थिक असमानता को रामराज्य का खतरा बताते हुए कहा की समाजवाद की जड़ में आर्थिक असमानता है। थोड़े को करोड़ों और बाकी लोगों को सूखी रोटी भी नहीं ऐसी भयानक असमानता में रामराज के दर्शन की आशा नहीं करनी चाहिए। प्रश्नकर्ता ने तत्काल ही प्रश्न किया, गांधीजी आप तो कहते है की शासक,जमींदार और पूंजीपति केवल संरक्षक ट्रस्टी बनकर रहें,क्या आप उन लोगों से उम्मीद करते हैं कि वे अपनी प्रकृति बदल देंगे। गांधी ने तुरंत उत्तर दिया यदि ये लोग खुद संरक्षक नहीं बनाते तो समय उन्हें बनाएगा या फिर उनका नाश हो जाएगा। जब पंचायती राज सही अर्थों में बनेगा तो लोकमत सब कुछ कर सकेगा। जमींदारी, पूंजी अथवा राजसत्ता की ताकत तब तक ही कायम रहती है जब तक लोकमत को अपनी ताकत समझ में नहीं आती।

गांधी का रामराज्य ,तुलसी ने परिभाषित किया था-दैहिक दैविक भौतिक तापा रामराज काहू नहि व्यापा। वाल्मीकि ने रामराज के लिए कहा -आसन प्रजा धर्मपरा रामें शासति नानृता। जब राम शासन कर रहे थे तो लोग सदाचार में विश्वास करते थे,बिना झूठ बोले जी रहे थे। गांधी के राम है-रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम। ईश्वर अल्ला तेरे नाम सबको सन्मति दे भगवान। गांधी का रामराज स्वराज्य है,जो वास्तविकता है कोई कल्पना की वस्तु नहीं है। आज के संदर्भों में इसे समझना इसलिए आवश्यक हो गया है, क्योंकि आज की राज्य व्यवस्था में नागरिक की सहभागिता का कोई स्थान नहीं है। राज्य की सारी व्यवस्था, उसकी सारी संस्थाएं केवल उनके संरक्षण में हैं,जो आम आदमी के शोषक और उत्पीड़क हैं।

साम्यवाद, लोकतांत्रिक समाजवाद, लोक कल्याणकारी राज्यवाद इन समस्त प्रणालियों ने शक्तिशाली राज्य के अलग-अलग रूप प्रकट किए,जिसमें सामान्य नागरिक समाज के प्रति अपना कोई कर्तव्य न समझकर संपूर्ण रूप से राज्य को आत्म समर्पण कर चुका है। वह अपनी सुरक्षा, भोजन, वस्त्र , आवास , शिक्षा, चिकित्सा आदि की जिम्मेदारी राज्य को सौंपकर निर्द्वंद्व रहना चाहता है। यह निर्द्वंद्वता आजादी नहीं एक प्रकार की निर्लज्ज गुलामी है,जिसके संबंध में एरिक फोम ने अपनी पुस्तक 'फियर ऑफ फ्रीडम' में लिखा है कि "मनुष्य स्वतंत्र बनने से डरता है और उससे दूर भागता है,क्योंकि स्वतंत्र व्यक्ति की कुछ जिम्मेदारियां होती हैं। आम नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह होकर अपनी स्वतंत्रता का सौदा राज्य से कर बैठा है, जिसने आम नागरिक को परतंत्रता और निष्क्रियता की ओर धकेल दिया जा रहा है। इसका निदान उत्तर आधुनिकतावादी विकास की धारणा को चुनौती स्वदेशी समाज के अस्तित्व को बरकरार रखकर देने में है, यही रामराज है।

## प्रसंगवश

# अपर्णा और यादव वोट बैंक

नेतागण हर चीज में राजनीति ही करते हैं। उनकी कोई चीज सामान्य या सरल शायद ही होती हो। बात करते हैं स्व.मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव की,जो इस समय खबरों में हैं। उन्होंने तमाम हो हुज्जत और मान मनौव्वल के बाद उप्र के महिला आयोग के उपाध्यक्ष का पद संभाल लिया। वे मुलायम परिवार में रहीं और 2017 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ की कैंट सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी के रूप में लड़ीं और भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी से हार गईं। अगले विधानसभा चुनाव तक उनकी सपा में उपेक्षा होने लगी,तो चुनाव के थोड़ा पहले जनवरी-2022 में भाजपा में शामिल हो गईं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बड़े घर से संबंध रखने के आधार पर उन्होंने तत्समय विधानसभाई चुनाव, बाद के लखनऊ मेयर पद के व गत लोकसभाई चुनावों में टिकट चाहे,पर सफलता नहीं मिली। अब जब भाजपा का ग्राफ कुछ गिरा और जल्द ही प्रदेश में दस एमएलए सीटों पर चुनाव होने हैं तो उन्हें एक छोटी जिम्मेदारी दे दी गई, जिससे वे संतुष्ट नहीं है,किंतु अन्य रास्ते बंद होने के कारण बेमन ज्वाइन कर लिया है। भाजपा की सोच है कि इन सूबाई उपचुनावों में अपर्णा सपा के यादव वोट बैंक में सेंध लगा सकेंगी। ऐसा ही भाजपा के नेताओं ने मुलायम सिंह को मरणोपरांत पद्म पुरस्कार देते समय भी सोचा था,जो निष्फल हुआ। अब सवाल उठता है कि अपर्णा यादव वोट कैसे खींचेगीं? वे मायके से पर्वतीय विष्ट क्षत्रिय हैं और ससुराल से गुप्ता वैश्य। सन 2016 में एक प्रकरण का निस्तारण करने हेतु सुप्रीमकोर्ट ने सीबीआई से इस मुद्दे पर जांच करवाई थी और जांच एजेंसी ने रिपोर्ट अदालत में सौंपी थी। इसके अनुसार अपर्णा जिन प्रतीक की पत्नी हैं,वे साधना गुप्ता व चंद्रप्रकाश गुप्ता के देहज पुत्र हैं।

साधना का विवाह फर्रुखाबाद के चन्द्र प्रकाश गुप्ता से हुआ था, किंतु बाद में दोनों के रिश्ते बिगड़ गए और अलगाव हो गया। तब साधना मुलायम सिंह के संपर्क में आईं और पुत्र प्रतीक सहित उनके साथ रहने लगीं। प्रतीक का पालन वहीं हुआ और वे यादव लिखने लगे। पत्नी मालती देवी के देहावसान के बाद साधना को मुलायम सिंह ने पत्नी का दर्जा दे दिया। अंतर्कथा लोग जानते हैं। ऐसे में अपर्णा कितने यादव वोट खींच पाएंगी,यह तो समय ही बताएगा।

# स्वतंत्र भारत का आविर्भाव हुआ तो दूसरी ओर विभाजन

औपनिवेशिक शासन के दौरान धीरे-धीरे जब देश का स्वाभिमान जगा, आत्मविश्वास बढ़ना शुरू हुआ तब शासकों की आलोचना और विरोध भी शुरू हुए। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की विडंबना यह है एक तरफ से लोकतांत्रिक राष्ट्रवाद जन्मा और दूसरी तरफ सांप्रदायिकता। वर्ष 1947 में जब इस जागरण की चरम अभिव्यक्ति हुई तो एक ओर स्वतंत्र भारत का आविर्भाव हुआ तो दूसरी ओर भारत का अभूतपूर्व विभाजन हो गया।

इसी तरह भारतीय समाज के विभाजन को चिन्हित करने वाली दूसरी समस्या जाति की है। इस समस्या का समाधान स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व की ओर बढ़ते समाज में हैं। ऐसे लोकतंत्र में है,जिसमें किसी की श्रेष्ठता को निर्णायक बनाने की गुंजाइश न हो, जहां सैकड़ों नहीं हजारों फूल खिलने की गुंजाइश हो और मानव समाज स्थायी फूलों की घाटी बन जाए। रामधारी सिंह दिनकर ने संस्कृति के चार अध्याय के अंतिम अध्याय 'उपसंहार' में भारतीय संस्कृति का विवेचन करते हुए निष्कर्ष निकाला कि अधिक संभावना यह है कि द्रविड़ इस देश के मूल निवासी हैं और जिसे हम भारत का सनातन धर्म कहते हैं, उसका मूल द्रविड़ों के गहनतम प्राचीन इतिहास में है।

यहां जब आर्य आए तो उन्होंने यहां की संस्कृति में अपने उद्दाम आशावाद का पुट डाला। किंतु उपनिषदों का काल आते-आते आर्य स्वयं ही इस देश की सनातन परंपरा में डूब गए और उनके प्रवृत्तिमार्गी विचारों पर भारत की सनातन निवृत्तिवादी भावना का पूरा रंग चढ़ गया। ऋग्वेद के आशावाद और जैन तथा बौद्ध मतों की निवृत्ति-भावना में स्पष्ट विरोध है। इस दृष्टि से देखने पर जैन एवं बौद्ध साधनाएं आर्यों के भारतीयकरण की प्रक्रिया दिखायी देती है। भारत की सनातन परंपरा



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

भारत में जब यूरोप का आगमन हुआ,तब ईसाइयत, बुद्धिवाद और विज्ञान से सामना हिंदुओं का भी पड़ा और इस्लाम का भी। इस टक्कर में आक्रांता एक था,किंतु आक्रांत दो थे।

लोक को निस्सार और परलोक को सत्य मानने को परंपरा थी। बौद्ध मत के उत्थान का सूक्ष्म कारण यह था कि भारत की निवृत्तिमार्गी भावना वैदिक मत के आशावाद को दबाकर ऊपर आना चाहती थी और अंत तक,वह ऊपर आ भी गई। बौद्ध मत वर्णाश्रम धर्म और जाति प्रथा को बराबर झकझोरता रहा। इसी झकझोर के कारण ब्राह्मण बौद्धों के शत्रु बन गए। हिन्दुत्व पर इस्लाम ने जो प्रभाव डाला, उससे अधिक प्रभाव उसने हिंदुत्व से स्वयं ग्रहण किया है।

संसार के इतिहास में इस बात के बहुत अधिक प्रमाण मिलते हैं कि किसी सुसंस्कृत देश को जीतकर जब कोई विजेता जाति वहां बस जाती है,तब वह वहां की संस्कृति को ही अपनी संस्कृति बना लेती है। मुसलमान इस नियम के अपवाद नहीं थे, पर इस देश में तो हम यह भी देखते हैं कि अमीर खुसरो,मलिक मुहम्मद जायसी, कुतबन, मंझन ये सभी कवि मुसलमान थे, किंतु उन्होंने अपने उद्गार भारतीय भाषाओं में लिखे। रहीम, रसखान, रसनिधि, रसलीन, शेख, मुबारक और ताज, हिंदी के ये कवि मुसलमान थे। हिंदू मुस्लिम एकता की इस धारा को सबसे अधिक शक्ति सम्राट अकबर से प्राप्त हुई। किंतु अकबर के धार्मिक और सामाजिक सुधारों से मुसलमान नाराज हो गए,जिनके प्रतिनिधि शेख अहमद सरहिन्दी हुआ,जिसने अकबर को काफिर बताया। हिन्दुत्व और इस्लाम ने एक-दूसरे को प्रभावित तो किया,किंतु यह प्रभाव के नीचे नहीं पहुंच सका। औसत हिन्दू का लक्षण यह है कि मानसिक धरातल पर वह अत्यंत उदार होता है, किन्तु आचरण के स्तर पर उसकी संकीर्णता भी भयानक होती है। दुर्भाग्य की बात यह हुई कि हिन्दुओं ने सामाजिक आचरण में मुसलमानों की उदारता का अनुकरण नहीं किया, न मुसलमानों ने हिन्दुओं से यह सीखने का प्रयास किया कि हमें दूसरे धर्मों का उतना ही सम्मान करना चाहिए, जितना हम अपने धर्म का करते हैं। यदि मुसलमानों ने यह शिक्षा ली होती तो अकबर का वे विरोध नहीं करते,न औरंगजेब के समय में फिर से मंदिरों का नाश हुआ होता।

भारत में जब यूरोप का आगमन हुआ,तब ईसाइयत, बुद्धिवाद और विज्ञान से सामना हिंदुओं का भी पड़ा और इस्लाम का भी। इस टक्कर में आक्रांता एक था,किंतु आक्रांत दो थे। ईसाइयत और बुद्धिवाद से लड़ने के क्रम में हिन्दू वेदों और उपनिषदों की ओर भागे तथा मुसलमान कुरान और हदीस की ओर। नतीजा यह हुआ कि दोनों धर्मों की वे बातें प्रमुख हो गईं,जो उन्हें अलग करने वाली थीं और वे लक्षण उपेक्षित हो गए, जो उन्हें परस्पर समीप ला रहे थे। उन्नीसवीं सदी के नवजागरण से प्रेरित होकर हिन्दू और मुसलमान जागे तो सही,पर अलग-अलग शिविरों में। स्वतंत्रता संघर्ष के क्रम में भारत के भीतर सामाजिक और राजनैतिक तनाव इस कदर बढ़ गया कि उसके कारण भारत का विभाजन करना पड़ा, किंतु विभाजन के बाद भी हिन्दू-मुस्लिम समस्या मौजूद है।

## सोशल फोरम

# मुझे गाड़ी चाहिए

गाड़ियों के साथ यही मुश्किल है। जब बिगड़ती हैं तो मुश्किल खड़ी कर देती है। आखिर मैं और मेरी गाड़ी भी पहुंच गई मिस्त्री कुर्बान मियां के गैरेज में। कुर्बान मियां ने गाड़ी चेक की,फ्यूल पंप निकाला और कहा- बदलना होगा। नया ले आइए। मैंने कहा-एक काम करो मेरी दूसरी एक गाड़ी खराब हो गई है। उसका फ्यूल पंप इसमें लगा दो। मियां ने पूछा-कौन सी गाड़ी है। मैंने कहा-मटीज।

अजीब बात करते हैं आप। मटीज का फ्यूल पंप हुंडई में कैसे लगेगा? क्यों नही लग सकता? दोनों एक ही काम करते हैं। दोनों एक ही मेटल से बने हैं। ठीक कहते हैं आप, दोनों का मेटल भी एक और काम भी एक,लेकिन ये कंपनियां उसे इस तरह डिजाइन करती हैं कि एक का सामान दूसरे में नहीं लग सकता- कुर्बान मियां मुझे समझाते हुए बोला। इसे आप चालाकी कहिए, बेईमानी कहिए या मार्केटिंग का फंडा कहिए। अपना डिजाईन कुछ तो अलग बनाना ही होगा। वर्ना बिकेगा कैसे। अभी मैं कुर्बान मियां से मजाक कर ही रहा था कि बाजार में हलचल मच गई। मेरी कुछ समझ में नहीं आया। मैंने कुर्बान से पूछा-ये क्या हुआ भाई अचानक।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हरा हरे के साथ और भगवा भगवे के साथ ही फिट होगा। आखिर जब सब कुछ एक जैसा ही है तो डिजाइन भी एक क्यों नहीं हो सकता? मार्केटिंग क्या इतनी ही जरूरी है?

अचानक कुछ नहीं हुआ। माहौल तो पहले से ही खराब था। लगता है कहीं कुछ हुआ है- कुर्बान मियां बोला। आपको नहीं मालुम, चुनाव होने वाले हैं। कुछ अनहोनी की आशंका तो पहले ही से थी। आजकल जीत का यही तो फंडा है।

मैं भी गाड़ी की चिंता छोड़,अपनी चिंता करते हुए अपने घर की तरफ चल पड़ा, लेकिन सारे रास्ते मेरे कानों में कुर्बान मियां के शब्द गूंजते रहे... सच में एक ही काम और एक ही मेटल से बने होने के बावजूद केवल डिजाइन का अंतर होने के कारण दोनों पार्ट्स एक दूसरे की जगह नहीं लग सकते। हरा हरे के साथ और भगवा भगवे के साथ ही फिट होगा। आखिर जब सब कुछ एक जैसा ही है तो डिजाइन भी एक क्यों नही हो सकता? मार्केटिंग क्या इतनी ही जरूरी है?

**- फेसबुक वॉल से**

# विचार का अचार

कोई भी विचार अपने देशकाल के गर्भ से जन्म लेता है, देशकाल में अपनी भूमिका का निर्वाह करता है और अंत में लोक जीवन में समा जाता है, खाद बन जाता है,ताकि आगे के देशकाल में उससे नया विचार जन्म ले सके। नए देशकाल में उस विचार से नया विचार जन्म लेता है। वाद उस विचार का अचार या मुरब्बा होता है। "वाद" अनुवर्ती होता है और किताबी भी होता है,भले ही वह वाद वाम हो या दक्षिण, मार्क्स हो या गांधी।

बहस-बहस खेलने की बात तो अलग है,लेकिन वाद के खूंटे से बंधकर लोक जीवन की एक भी समस्या का समाधान कदापि नहीं हो सकता, क्योंकि देशकाल परिवर्तनशील है। देशकाल बदल चुका है और वाद बीते समय का है, जैसे पुरानी करेंसी। बहुत से लोग हैं, जिनको पुराने सिक्के जमा करने का व्यसन होता है। बस वाद की भूमिका इसी में सिमट जाती है। जिन आचार्यों ने अपने समय में किसी "वाद " को साहित्य की कसौटी बनाया था, असल में वे एक तरह से सत्ता की साधना करके अपने को स्थापित कर रहे थे। सच तो यही है कि साहित्य की कसौटी लोकजीवन है, लोकधर्मिता हैः सुर सरि सम सब कर हित होई। नए विचार के लिए लोक जीवन की पीड़ा में डूबने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। बुद्ध महावीर हों, शंकर, रामानुज, चैतन्य या तुलसीदास हों या कबीर ,नानक और गांधी हों। स्वामी दयानंद पाखंड खंडिनी पताका लेकर खड़े हुए तो इसीलिए कि वे अपने समय के लोक जीवन में अंधेरे को देख चुके थे। अंबेडकर बहुजन समाज की पीड़ा से प्रत्यक्ष रूप में जुड़े हुए थे। ये सभी महापुरुष लोक जीवन में एकाकार हो चुके थे। मार्क्स अपने देशकाल के लोक जीवन की वेदना से व्यथित न होते तो नया विचार कहां से आता? वैज्ञानिकता का तर्क भ्रामक है,क्योंकि जीवन किसी व्याकरण का मोहताज नहीं है, व्याकरण स्वयं जीवन के नियमों की खोज का विज्ञान है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ठीक इसी तरह भावुकता का वह तर्क कि हमारे बाप इसी कुए का खारा पानी पीते थे। तातस्य कूपोयमिति ब्रुवाणा क्षारम् जलम् कापुरुषाः पिबंति। राष्ट्रवाद अपने देशकाल का प्रगतिशील विचार था,आज वह राजनीति का पैंतरा है। लोक जीवन में नहीं उतर सके हैं तो कोई भी वाद उतनाही रूढ़िवाद है,जितना कोई रिलीजन। रिलीजन भी किसी न किसी रूप में वाद ही होता है। विचार का अचार। वैश्विक बाजारवाद प्रकृति के उसी सिद्धांत को लेकर चल रहा हैः वीर भोग्या वसुंधरा, माइट इज राइट, अर्थात पैसे की ताकत से सब कुछ खरीदा जा सकता है, राजसत्ता भी। आज मनुष्य और मनुष्यता को वैश्विक बाजारवाद का मुकाबला करना है तो इन वादों के पुराने आयुधों से इसका मुकाबला करना संभव नहीं है,जो उसे सम्भव मानते हैं, वे आगे आवें, संघर्ष करें। अब विलंब केहि कारण कीजै।

# आईटी सेक्टर में भी बढ़ रही बेरोजगारी

भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल आईआईटी मुंबई में इस वर्ष कैंपस इंटरव्यू में 25 प्रतिशत छात्रों को नौकरी नहीं मिली। वहीं न्यूनतम सालाना पैकेज महज 4 लाख रुपए रहा। मुंबई आईआईटी की यह रिपोर्ट पिछले दिनों से चर्चा का विषय है। गत वर्ष भी देशभर में 38 फीसदी आईआईटी छात्रों को कैंपस इंटरव्यू में नौकरी नहीं मिली थी। देश में प्रति वर्ष डिग्री हासिल करने वाले 15 लाख इंजीनियरिंग ग्रेजुएट में से 50 फीसदी युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रही है। आईटी सेक्टर में संकट को इसकी मुख्य वजह माना जा रहा है। वैसे तो आईटी सेक्टर में कई वर्षों से लगातार छंटनी हो रही है,लेकिन 2024 में जनवरी से अगस्त तक रिकॉर्ड एक लाख 35 हजार से ज्यादा लोग अपनी नौकरी गंवा चुके हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पहले से ही संकटग्रस्त है। एमएसएमई ईकाइयां भी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही हैं,इनके पुनर्जीवन के सरकारी उपाय नाकामी साबित हुए हैं। कहने का मतलब है कि देश गहरे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है,लेकिन केंद्र सरकार अपनी नीतियों में बदलाव करने के लिए कतई तैयार नहीं है। देश में अनुमानित एक करोड़ पद खाली हैं,उन्हें भी भरने का कोई गंभीर प्रयास नहीं दिख रहे, जब इतने बड़े पैमाने पर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट बेरोजगार हैं। डिप्लोमा व आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त युवा तो करोड़ों की संख्या में बेरोजगार हैं और जो काम भी कर रहे हैं उसमें बहुतायत युवा बेहद कम वेतन पर काम करने के लिए विवश हैं। पहले से ही स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त युवा करोड़ों की संख्या में बेरोजगार हैं तब एक साल के इंटर्नशिप देकर इन युवाओं को कैसे रोजगार मिलेगा,इसका कोई जवाब सरकार के पास नहीं है। सीएमआईई के हाल में जारी आंकड़ों में रिकॉर्ड नौ फीसदी से ज्यादा बेरोजगारी की दर है। यह तब है जब कि यूनिवर्सिटी कालेज के करोड़ों छात्रों समेत अन्य करोड़ों बेरोजगारों को शामिल ही नहीं किया जाता है,क्योंकि उन्हें लेबर फोर्स में शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा बेरोजगारी,अल्प रोजगार और न्यूनतम मजदूरी से भी कम दरों पर काम करने वाले करोड़ों शिक्षित व उच्च शिक्षित युवा/युवतियों की आर्थिक हालत का आकलन किया जाए तो देश में बेरोजगारी की भयावह स्थिति की सही तस्वीर सामने आएगी। जैसा कि कारपोरेट्स समर्थक पैरोकार मानते हैं कि बेरोजगारी की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह पूरी तरह से गलत है।

देश में संसाधनों की भी कतई कमी नहीं है,लेकिन बड़े पूंजी घरानों ने अकूत मुनाफा कमाकर बेतहाशा संपत्ति अर्जित की है। कौन नहीं जानता कि इस संपत्ति को इनके द्वारा कैसे अर्जित किया गया है। सवाल है कि सरकार के खजाने में अधिकांश हिस्सा आम लोगों के प्रत्यक्ष व परोक्ष टैक्स से ही आता है। ऐसे में इन अरबपतियों की संपत्ति व उत्तराधिकार कर क्यों नहीं लगाया जाता,जबकि इनके ऊपर दो प्रतिशत संपत्ति कर और इसी तरह इस्टेट ड्यूटी जैसे अन्य में समुचित टैक्स ही रोजगार सृजन, शिक्षा स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और हर व्यक्ति की सम्मानजनक जिंदगी जैसे सवालों को हल करने के लिए पर्याप्त है। देश के युवा मंच अन्य सहयोगी संगठनों से मिलकर रोजगार अधिकार अभियान में इन सवालों पर बड़े पैमाने पर छात्रों, आम नागरिकों और नागरिक समाज समेत समाज के सभी तबकों से संवाद कर रहे हैं जरूरत है कि इस मुहिम को आगे बढ़ाया जाए।

# सौंदर्य

हम लोग जानते हैं कि सौंदर्य दो प्रकार के होते हैं- बाह्य और आंतरिक। शारीरिक सौंदर्य बाह्य है,जबकि मन और आत्मा का सौंदर्य आंतरिक। बाह्य सौंदर्य को देखने में करीब-करीब सभी समर्थ होते हैं,लेकिन आंतरिक सौंदर्य देखने के लिए अपने को ऊपर उठाना पड़ता है। प्रेम हमें ऊपर उठाता है, श्रद्धा ऊपर उठाती है,करुणा ऊपर उठाती है। जब हम किसी के प्रेम में आपाद मस्तक डूब जाते हैं, जब हमारा संपूर्ण अस्तित्व उसके साथ लयबद्ध हो जाता है,तब हमारा प्रिय जैसा है,उससे हजार-हजार गुना अधिक सुंदर दिखाई देने लगता है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाहर से देखने में भले ही कुरूप हो,लेकिन प्रेमी को कुरूपता दिखाई नहीं पड़ती और जिसके हृदय में प्रेम उत्पन्न होता है,उसका हृदय प्रकाश से भर उठता है। उसके हृदय में आनंद की वर्षा होने लगती है। यह प्रेम प्रकाश उसके बाह्य सौंदर्य को भी निखार देता है। बाह्य सौंदर्य एक तथ्य है,जबकि आंतरिक सौंदर्य एक सत्य। दोनों सौंदर्य वास्तविक हैं,लेकिन आंतरिक ज्यादा वास्तविक है,क्योंकि इसकी यात्रा अलौकिकता और शाश्वतता की ओर हो सकती है,जबकि बाह्य सौंदर्य अनिवार्यतः कुरूपता और नश्वरता की ओर जाएगा। प्रेम के ठीक विपरीत घृणा और ईर्ष्या हमारे भीतर कुरूपता को जन्म देती है और दाहकता पैदा कर भारी दुख देती है। बाह्य सौंदर्य से संपन्न व्यक्ति भी ईर्ष्या और घृणा के कारण कुरूप दिखने लगता है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुण्डरिया ईख्लासपुर, वि.खं. मझगवां, जिला बरेली

### निविदा सूचना

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुण्डरिया ईख्लासपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में निम्न कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.09.2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक 14.09.2024 सायं 04 बजे खोली जाएगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित ला. | मद |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्रा. पं. कुण्डरिया ईख्लासपुर में कॉमन सर्विस सेन्टर (CSC) निर्माण कार्य | 4,99,911.00 | राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान |

ग्राम प्रधान-मुन्नी देवी ग्राम विकास अधिकारी-हेमन्त श्याम

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, आंवला (बरेली)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2024-442 दिनांक : 11.09.2024

### कुटेशन सूचना

उपनिदेशक राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद बरेली के कार्यालय पत्रांक प्र.अ. बरेली (धान खरीद 2024-25)/2024-1274 दिनांक 06.09.2024 के अनुपालन में डस्टर, इलैक्ट्रॉनिक कांटा एवं नमीमापक यंत्रों की मरम्मत किये जाने हेतु कुटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति दिनांक 23.09.2024 को सायं 5:00 बजे तक बन्द लिफाफे में कुटेशन इस कार्यालय में जमा करें। कुटेशन दिनांक 24.09.2024 को दोपहर 12:00 बजे खोले जायेंगे। अन्य नियम व शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

(खडविन्द प्रकाश) सचिव (नहने राम) सभापति/उपजिलाधिकारी

## कार्यालय ग्राम पंचायत गुलड़िया महीपत, विकास खंड भदपुरा जिला बरेली

### निविदाएं/कुटेशन

पंजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुलड़िया महीपत की कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15वां वित्त आयोग व पंचम वित्त आयोग ग्राम निधि/मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा द्वारा रघुवीर के घर से हरीशंकर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 90 मी. | 4,30,000/- |
| 2. | आर.आर.सी. केन्द्र निर्माण कार्य | 72 मी. | 5,57,000/- |

उक्त सभी कार्य कराने हेतु सामग्री की आपूर्ति के सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 11.9.2024 को पूर्वान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 19.9.2024 को अपरान्ह 03 बजे तक खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

दुर्गा प्रसाद-ग्राम प्रधान राजू सिंह-सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत दिबनापुर, वि.खं. नवाबगंज, बरेली

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत दिबनापुर में मनरेगा/SLWM योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है-ईट, रोड़ी, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रदीप के घर से यशपाल के घर तक सी.सी. नाली निर्माण | 3,50,000 | मनरेगा |
| 2. | कैलाश के घर से सुन्दर लाल के घर तक सी.सी. नाली निर्माण | 3,80,000 | मनरेगा |
| 3. | आरआरसी सेन्टर | 2,50,000 | SLWM |
| 4. | ई-रिक्शा, ट्राई साइकिल | | SLWM |
| 5. | सोकपिट, खाद गड्डे इत्यादि | | SLWM |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 12.09.2024 से 17.09.2024 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिनांक 17.09.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत सचिवालय पर खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-भूपेंद्र कुमार सचिव-पुष्पेन्द्र शाक्य

## क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स

193-ए, सिविल लाइन्स, बरेली मण्डल, बरेली

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मो. सलमान पुत्र श्री बाबू बक्श द्वारा नूरी मस्जिद प्रबन्ध समिति, ग्राम रिछोला किफायतुल्ला पो. व तह. नवाबगंज जिला बरेली के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है:-

| क्र.सं. | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | मो. सलमान पुत्र श्री बाबू बक्श | अध्यक्ष |
| 2. | मो. नाजिम पुत्र श्री जमील अहमद | उपाध्यक्ष |
| 3. | मो. उमर पुत्र श्री निसार अहमद | सचिव |
| 4. | मो. माजिद पुत्र श्री रियाज अहमद | उपसचिव |
| 5. | नदीम मंसूरी पुत्र श्री मुख्त्यार अहमद | कोषाध्यक्ष |
| 6. | श्री नन्हें मियां पुत्र श्री अब्दुल रहीम | सदस्य |
| 7. | श्री मो. खलील पुत्र श्री बाबू बक्श | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजों साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. 1860 की धारा 3(1) के "परन्तुक" के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

सहायक रजिस्ट्रार
बरेली

## कार्यालय ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर वि.खं. सलारपुर, जिला बदायूं

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर वि. खं. सलारपुर कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त / 15वां वित्त आयोग की धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 01. | आर.आर.सी. सेन्टर की बाउंड्रीवाल एवं गेट निर्माण | 1,50,000 | राज्य वित्त/केन्द्र वित्त |
| 02. | अफसर अली के घर से प्रा.वि. तक सी.सी. रोड | 5,60,000 | राज्य वित्त/केन्द्र वित्त |
| 03. | एहसाने के घर से अख्तर के घर तक सी.सी. | 5,60,000 | राज्य वित्त/केन्द्र वित्त |
| 04. | लटूरी भगत के घर से इस्लाम के घर तक नाला निर्माण | 3,50,000 | राज्य वित्त/केन्द्र वित्त |

उक्त कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, जाली आदि सामग्रियों की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत पर दिनांक 20.09.2024 दोपहर 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। तथा उसी दिन 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

मनोज कुमार सिंह (सचिव)
ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर, वि.खं. सलारपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत ददमई वि.खं. सलारपुर, जिला बदायूं

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ददमई वि.खं. सलारपुर कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त / 15वां वित्त आयोग की धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 01. | पुलिया से राजीव के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 1,20,000/- | राज्य वित्त/केन्द्र वित्त |
| 02. | ओमकार के घर से मनोज के घर तक सी.सी./नाली निर्माण कार्य। | 3,85,000/- | राज्य वित्त/केन्द्र वित्त |
| 03. | आसेअली के घर से इस्लाम के घर तक सी.सी. निर्माण। | 3,50,000/- | राज्य वित्त/केन्द्र वित्त |

उक्त कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, जाली आदि सामग्रियों की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत पर दिनांक 19.09.2024 दोपहर 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। तथा उसी दिन 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

मनोज कुमार सिंह (सचिव)
ग्राम पंचायत ददमई, वि.खं. सलारपुर

# विवेक हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

## आरोपी बोला- भाई की हत्या का लिया बदला

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में पांच दिन पहले हुए विवेक यादव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर पूछताछ की, तो आरोपित बोला भाई के मर्डर बदला लिया है। पुलिस का कहना है कि पुरानी रंजिश को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया था। पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

ओमवीर सिंह ने कोतवाली देहात में 6 सितम्बर को तहरीर दी कि वह अपने साले विवेक निवासी अंबारी कोतवाली देहात के साथ मोटरसाइकिल से तारीख करने एटा आ रहा था। तभी रास्ते में कार एजेंसी के सामने कासगंज रोड एटा पर पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह और उसका साला एक गड्ढे में गिर गए और कार से उतरकर शिवचरन व शिवकुमार पुत्रगण कप्तान सिंह, टीटू उर्फ विजय शंकर और सत्यप्रकाश पुत्रगण राज कुमार निवासी अंबारी ने साले को जान से मारने की नीयत से डंडा, बांका और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसमें साले विवेक यादव की मौत हो गई। पुलिस ने हत्याकांड में वांछित चल रहे दो आरोपितों को गंजडुंडवारा रोड अंडर पास के करीब से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपितों सत्य प्रकाश व चचेरे भाई मुकेश ने बताया की करीब एक वर्ष पूर्व विवेक ने उनके भाई की हत्या की थी। वह भाई की हत्या का बदला लेने की फिराक में था। विवेक और उसका परिवार अपने गांव अंबारी में जमीन बेचकर अपने बहनोई के यहां रहने लगे थे।

तारीख पर आने की सूचना आरोपित के साथी शिवचरण ने दी। दोनों आरोपियों ने अपने भाई के साथ मिलकर विवेक की हत्या कर दी। पूर्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस ने घटना में वांछित आरोपी टीटू उर्फ विजय शंकर उर्फ गिरिजा शंकर पुत्र राजकुमार निवासी अंबारी को घटना में प्रयुक्त बांका व कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा की जिला कार्यकारिणी गठित

**एटा, अमृत विचार :** इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा की जिला कार्यकारिणी गठन एवम स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान वारसी ने राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद इरफान एडवोकेट का स्वागत किया। प्रदेश यूथ अध्यक्ष रईस कादरी ने मोहम्मद रियाज अब्बास को यूथ महासभा का जिला अध्यक्ष बनाया। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि हम लोगों को अब्बासी समाज के साथ-साथ अन्य समाज के साथ भी मिलकर काम करना चाहिए। प्रदेश यूथ अध्यक्ष ने कहा कि गरीब बच्चों की शिक्षा, गरीब बेटियों की शादी, बेरोजगार के लिए रोजगार मुहैया कराने का भी जल्द कदम उठाए जाएंगे। मंडल अध्यक्ष जमील अब्बासी, कल्लू खां अब्बासी उपाध्यक्ष, फिरोज खां अब्बासी कोषाध्यक्ष, शान मोहम्मद अब्बासी नगर महासचिव टूंडला, मोहम्मद नफीस अब्बासी नगर महासचिव टूंडला, मोहम्मद इरफान वारसी, मोहम्मद रियाज अब्बास, इरफान वारसी, मोहम्मद साबिर अब्बासी, रईस अब्बासी उर्फ राजू ठेकेदार, अब्दुल जब्बार अब्बासी, शरीफ अब्बासी, फिरोज अब्बासी प्रचार, अखतर अब्बासी, मोहम्मद फरमान अब्बासी, कत मुनीश अब्बासी महा सचिव, हफीज मोहम्मद अब्बासी, दाऊद खां मौजूद रहे।

## सीडीओ ने वित्तीय कार्यों की समीक्षा की

**एटा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जून तिमाही 2024 के वित्तीय कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार बाजपेयी ने किया।एलडीएम एटा प्रीतम सिंह ने पिछली तिमाही में किए गए कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जनपद का सीडी अनुपात 78 प्रतिशत है, जो प्रदेश के औसत सीडी अनुपात से अधिक है। मुख्य विकास अधिकारी ने बैंकों और संबंधित विभागों की कार्यशैली की समीक्षा की। उन्होंने जिन बैंकों का सीडी अनुपात मानक से कम पाया गया, उन्हें तत्काल सुधार के निर्देश दिए। कहा कि जनपद की विकास योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित करने में बैंकों की अहम भूमिका है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकिंग संस्थानों को और अधिक सक्रिय होकर काम करना चाहिए। बैंक प्रतिनिधियों ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनपद के विकास में वे हर संभव योगदान देंगे।

## धारदार हथियार से पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

**एटा।** राजा का रामपुर थाना में दलवीर सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी गनला गुलाल ने ओमकार पुत्र सिकंदर सिंह समेत दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि 8 सितंबर को ओमकार आदि ने एकराय होकर लाठी-डंडा और धारदार हथियार से पीड़ित व उसके पिता पर हमला कर दिया। जानलेवा हमले में दोनों घायल हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## उधारी के जेवर और नगदी मांगने पर मारपीट

**अलीगंज।** अलीगंज कोतवाली में उपदेश कुमार पुत्र रामसनेही निवासी दालगार्डन ने हरिमोहन पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी इब्राहिम छिबरामऊ कन्नौज समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि हरिमोहन ने पीड़ित से सोने के जेवरात और 7 लाख रुपए उधार लिए थे। 4 जून को उसने अपने रुपए वापस मांगे। इस पर हरिमोहन ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म फर्म-मैसर्स रतनप्रिया ट्रांसपोर्ट, मोहल्ला परा, बरगद के पास फरीदपुर जिला बरेली यू.पी. 243503 (पंजीकरण संख्या : BAR/ 0012885) फर्म में 03 साझेदार ज्योति पाण्डेय, रामनिवास, मो0 सादाब खान थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 06.09.2024 को फर्म में दो नये साझेदार बल्विन्दर सिंह खैरा, विनोद साहू शामिल किये गये हैं तथा फर्म से दो साझेदार रामनिवास, मो0 सादाब खाँ स्वेच्छा से दिनांक 06.09.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म /साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 03 साझेदार ज्योति पाण्डेय, बल्विन्दर सिंह खैरा, विनोद कुमार साहू हैं। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकातायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।

ज्योति पाण्डेय साझेदार
मैसर्स रतनप्रिया ट्रांसपोर्ट, बरेली उ0प्र0

### पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयुषी गंगवार पत्नी श्री मनोज कुमार, निवासी ग्राम नदौसी, बरेली हाल निवासी मोहल्ला असदुल्लापुर मिलक रामपुर एक किता मकान नं0-294 रकबई 103.84 वर्ग मी0 बाकै असदुल्लापुर मिलक रामपुर को बण्डर होम फाईनेंस लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है, सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 29.06.2006 वही सं0-1 जिल्द संख्या-1873 क्रमांक 2192स0र0 मिलक रामपुर में हुई व पिछला एक रजिस्टर्ड इकरारनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 29.12.2005 वही सं0-1 जिल्द संख्या-1288 पृष्ठ सं0-337 से 354 क्रमांक 3694स0र0 मिलक रामपुर में हुई कहीं खो गये हैं। जिसकी सूचना दिनांक 10.09.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त पिछले मूल बैनामें की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा । **अमिताभ भंज, एडवोकेट कार्यालय:- चैम्बर नं0 11 बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली। 9319908378**

**बण्डर होम फाईनेंस लिमिटेड**

## सोने-चांदी के आभूषण चोरी, तहरीर दी

**जलेसर।** जलेसर कोतवाली में हाकिम सिंह पुत्र बाबूराम निवासी नगला राजाराम उर्फ वल्देव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 सितंबर को चोर उसके मकान में घुस गए।अलमारी आदि से सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

## कार पेड़ से टकराई, पिता की मौत, पुत्र घायल

**एटा।** कोतवाली नगर के मोहल्ला बैरूनगंज निवासी प्रशांत अग्रवाल (45) अपने बेटे कृष्ण अग्रवाल के साथ मंगलवार की शाम को आगरा गए थे। यह लोग रात्रि में एटा के लिए आ रहे थे। कोतवाली देहात क्षेत्र के ईशन नदी के पास पहुंचे थे कि अचानक कार पेड़ से टकरा गई। हादसे की आवाज सुन राहगीरों ने दोनों घायल पिता पुत्र को अस्तपाल में भर्ती कराया। इसमें चिकित्सकों ने प्रशांत अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर - पीलीभीत

पत्रांक: 896 (vi)/न.पा.परि.बी./2024-25 दिनांक: 07.09.2024

### निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से निम्नलिखित प्रस्तावित कार्य कराने हेतु दिनांक 27.09.2024 तक समय दोपहर 02 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन सायं 4 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष समस्त निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र / टेण्डर फार्म प्रकाशन की दिनांक 26.09.2024 तक नगर पालिका परिषद बीसलपुर में निर्धारित शुल्क जमा करके किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। तथा सीलबंद निविदाएं / टेण्डर नगर पालिका परिषद बीसलपुर में रखे गये टेण्डर बॉक्स में दिनांक 27.09.2024 तक सायं 02 बजे तक डाली जायेगी। अपरिहार्य स्थिति में निविदा तिथि पर आकस्मिक अवकाश / सरकारी अवकाश घोषित होता है तो ऐसी दशा में निविदा अगले दिन निश्चित समय तक डाली जायेगी एवं शर्ते कार्यालय दिवस में कार्यलय में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | प्रवेश वर्मा के मकान से रूपराम के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 06 | 385252.00 | 5600.00 | 500.00 | 03 माह |
| 02. | चरनजीत के मकान से एस.एम. पैथोलॉजी होते हुए राजीव की दुकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 17 | 291486.00 | 5000.00 | 350.00 | 03 माह |
| 03. | रनजीत के मकान से सुखलाल के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य वार्ड नं. 03 | 222012.00 | 3800.00 | 300.00 | 03 माह |
| 04. | सानू जायसवाल के मकान से ओमकार के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 04 | 174470.00 | 3000.00 | 250.00 | 03 माह |
| 05. | हरीश चन्द्र सक्सेना के मकान से शिवचरन दुबे के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 2 | 349387.00 | 6000.00 | 450.00 | 03 माह |
| 06. | प्लेटफार्म और बाउण्ड्री वॉल सती जी के थान पर वार्ड नं. 10 | 475719.00 | 8100.00 | 600.00 | 03 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर - पीलीभीत

पत्रांक: 848 (i)/न.पा.परि.बी./2024-25 दिनांक: 07.09.2024

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त / पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | राजेश की टाल से सोमपाल के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 06 | 601342.00 | 10200.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02. | अशोक मशीनरी से मनीष चन्द्र अग्रवाल के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 08 | 707483.00 | 12000.00 | 850.00 | 03 माह |
| 03. | सचिन के मकान से ब्रजपाल के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 03 | 859393.00 | 14600.00 | 1050.00 | 03 माह |
| 04. | अमरीश गुप्ता के मकान से पंचमुखी मंदिर एवं अभिषेक वकील के मकान से कल्लू की चक्की से जितेन्द्र पाठक एवं मुकेश की दुकान से मंदिर के थान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 17 | 2893817.00 | 49100.00 | 3450.00 | 03 माह |
| 05. | दीपक के मकान से डॉ. ए.के. भारद्वाज क्लीनिक से श्रीराम स्टोर से मुकेश के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 17 | 1212688.00 | 20600.00 | 1450.00 | 03 माह |
| 06. | बन्टू से रामसिंह, इन्द्रपाल, रामकिशोर मिश्रा के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 2 | 1300591.00 | 22100.00 | 1550.00 | 03 माह |
| 07. | अनुज की चक्की से अशोक कुमार अग्निहोत्री के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 02 | 820274.00 | 14000.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 08. | राजकीय दन्त चिकित्सालय से सामुदायिक शौचालय तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 02 | 659216.00 | 11200.00 | 800.00 | 03 माह |
| 09. | हेतराम के मकान से सुरेन्द्र के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 2 | 588997.00 | 10000.00 | 700.00 | 03 माह |
| 10. | छत्रपाल गंगवार के मकान से बृजपाल गंगवार के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 6 | 652617.00 | 11100.00 | 800.00 | 03 माह |
| 11. | गजेन्द्र मास्टर जी के मकान से मोहित मित्तल की दुकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 6 | 730041.00 | 12400.00 | 900.00 | 03 माह |
| 12. | श्रीकृष्ण के मकान से राजेश, इन्द्रपाल के मकान से होते हुए जैकी के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 04 | 641470.00 | 11000.00 | 800.00 | 03 माह |
| 13. | रामप्रताप वर्मा के मकान से शुभाकर, मैकू लाल एवं प्यारे लाल के मकान से होते हुए धर्मशाला तक शिवरानी के मकान से श्रीराम वर्मा के मकान तक, श्रीराम के मकान से शिवशंकर के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 4 | 1784202.00 | 30300.00 | 2150.00 | 03 माह |
| 14. | गुड्डी देवी के मकान से नगर पालिका परिषद के वाटर कूलर तक, श्रीकृष्ण के मकान से राजेश के मकान तक एवं ईशू तिवारी के मकान से राकेश अवस्थी के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण वार्ड नं. 4 | 1142782.00 | 19500.00 | 1400.00 | 03 माह |
| 15. | हरी शंकर शर्मा के मकान से राम किशोर के मकान तक, मनोज कुमार कोटेदार के मकान से वृजलाल शर्मा के मकान तक, शान्ति स्वरूप मास्टर के मकान से संजीव गंगवार के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 6 | 990605.00 | 16800.00 | 1200.00 | 03 माह |

1. वेसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 11.09.2024 को प्रात: 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि / समय 26.09.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 27.09.2024 को प्रात: 10:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC:- ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइड पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस. / एन. ई. एफ. टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर. / एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकॉपी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत

# करोड़ों की मालिक बन बैठी कल्पना तब मंत्री रेखा आर्य का माथा ठनका

- पूछताछ के बाद पुलिस ने कल्पना को छोड़ा, अब दस्तावेजों की जांच
- पहले से है शादीशुदा, पति से चल रहा है विवाद, एक बेटा होने की भी पुष्टि

## कई लग्जरी गाड़ियां भी गिरधारी पप्पू की मैनेजर कल्पना के नाम, काफी समय से था घर में क्लेश

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तराखंड सरकार में महिला एवं बाल कल्याण मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू उर्फ गिरधारी पप्पू की मैनेजर बनकर आई कल्पना मिश्रा उर्फ कल्पना चतुर्वेदी कब और कैसे करोड़ों की जमीन और कई लग्जरी कारों की मालकिन बन गई, किसी को पता ही नहीं चला। रेखा आर्य का माथा तब ठनका जब कल्पना ने दस्तावेजों में अपने पति के नाम की जगह उनके पति गिरधारी पप्पू का नाम दर्ज करा लिया। इस वजह से काफी समय गृह क्लेश की स्थिति रही। इसके बाद मंगलवार को रेखा आर्य ने कल्पना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी।

कल्पना को मंगलवार को थाने लाकर पुलिस ने लंबी पूछताछ की थी लेकिन देर शाम उसे छोड़ दिया गया। पुलिस अब जांच कर रही है कि उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्य की ओर से कल्पना पर लगाए गए आरोप सही हैं या नहीं। हालांकि अब तक की जांच के बाद पुलिस इस मामले को घरेलू विवाद के तौर पर ही देख रही है। छानबीन में यह भी पता चला है कि कल्पना भी पहले से शादीशुदा है। काफी समय पहले उसकी शादी आगरा में ही हुई थी, जहां की वह खुद मूल रूप से रहने वाली है। पति से उसका विवाद चल रहा है और कई साल से वह उससे अलग रह रही है। उसका एक बेटा भी बताया जा रहा है, हालांकि उसे कभी बरेली में उसके साथ नहीं देखा गया।

### सैकड़ों बीघा जमीन, करोड़ों का मैनेजमेंट हाथ में

प्रारंभिक जांच के बाद सामने आया है कि कल्पना को गिरधारी पप्पू ने मामूली तन्ख्वाह पर बतौर मैनेजर नौकरी पर रखा था लेकिन अब उसके नाम करोड़ों की जमीन के साथ कई लग्जरी कारें हैं और वह अपनी माली हैसियत से ज्यादा शानदार अंदाज से जिंदगी जी रही है। गिरधारी पप्पू की भी करोड़ों की संपत्तियों की देखभाल की उस पर जिम्मेदारी है। बताया जा रहा है कि कुछ ही समय पहले अहलादपुर के पास गिरधारी पप्पू ने सैकड़ों बीघा जमीन खरीदी है जहां एक बेहद आलीशान हवेली भी बनाई जा रही है। वहां का भी सारा कामकाज और करोड़ों का मैनेजमेंट कल्पना चतुर्वेदी के ही हाथ में है। कल्पना पर गिरधारी पप्पू का काफी भरोसा भी बताया जाता है।

### गिरधारी पप्पू से पूछताछ के बगैर सच तक पहुंच पाना मुश्किल

पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपों की पुष्टि के लिए पुलिस की मंशा गिरधारी पप्पू से भी पूछताछ करने की है, लेकिन अभी वह पूछताछ के लिए उपलब्ध नहीं हो पाए हैं। गिरधारी पप्पू से पूछताछ के बाद ही साबित हो पाएगा कि रेखा आर्य की ओर से कल्पना पर लगाए गए आरोप सच हैं या झूठ।

## फेसबुक पर अलग-अलग अंदाज में तस्वीरों की भरमार

**बरेली, अमृत विचार:** कल्पना की फेसबुक प्रोफाइल उसके अलग-अलग अंदाज की तस्वीरों से भरी हुई है। कई फोटो में वह उत्तराखंड कैबिनेट मंत्री और गिरधारी पप्पू की पत्नी रेखा आर्य के साथ भी दिख रही है। कई फोटो गिरधारी पप्पू उसके साथ हैं। अफसरों के साथ बैठकों और कार्यक्रमों की फोटो भी फेसबुक पर पड़ी हैं। मंगलवार को एफआईआर दर्ज करने के बाद बारादरी पुलिस ने कल्पना को बुलाकर पूछताछ की थी तो अपने मौसा डॉ. आरसी पांडेय की कार उत्तराखंड सरकार की प्लेट, हूटर और लालबत्ती लगाने पर भी सवाल किए थे। कल्पना ने सफाई दी थी कि यह कार गिरधारी पप्पू भी इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने कल्पना से कुछ और दस्तावेज लिए हैं जिनकी छानबीन की जा रही है।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म में 20 वर्ष कैद

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** पांच साल पहले नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट उमाशंकर कहार ने नवाबगंज थाना क्षेत्र निवासी सागर उर्फ शंकरलाल और छोटेलाल उर्फ भजनलाल को परीक्षण में दोषी पाया है। कोर्ट ने अभियुक्तों को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 12500-12500 रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माने से 15 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा दिए जाएंगे।

सरकारी वकील राजीव तिवारी और आलोक प्रधान ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर बताया था कि 23 दिसंबर 2019 की रात 11 बजे पुत्री पेशाब के लिए उठी थी तभी सागर और छोटेलाल उर्फ भजनलाल बेटी का मुंह दबाकर गन्ने के खेत में ले गये। दोनों ने बेटी से मारपीट की और चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया। घर पर बताने पर जान से मारने की धमकी दी। दो दिन बाद उदास होने पर मां के पूछने पर बेटी ने घटना बताई। पुलिस ने मारपीट, गैंगरेप, धमकी देना, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने कोर्ट से कठोर दंड की याचना की। शासकीय अधिवक्ता ने सात गवाह पेश किये थे।

विशेष लोक अभियोजक, पॉक्सो एक्ट कोर्ट राजीव तिवारी ने बताया कि न्यायालय से अभियुक्तों को कठोर दंड दिये जाने की याचना की थी, अदालत से पीड़िता को इंसाफ मिला है।

## तालीम के बिना बेहतर इंसान बनना नामुमकिन

**बरेली, अमृत विचार :** शाह सकलैन एकेडमी की ओर से मोहल्ला कांकर टोला में बुधवार रात जश्ने शाह शराफत मियां का आयोजन हुआ, जिसमें उलमा ने कहा कि बिना तालीम के बेहतर इंसान बनना नामुमकिन है। इसलिए मुसलमानों को दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम पर भी जोर देना होगा। कार्यक्रम की सरपरस्ती दरगाह शाह शराफत मियां के सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत इशा की नमाज के बाद हुई। प्रो. मेहमूद उल हसन ने कहा कि तालीम हासिल करना हर मर्द और महिला पर फर्ज है। मौलाना नफीस सकलैनी ने कहा कि शाह मौलाना शराफत मियां उर्दू और फारसी के बड़े आलिम थे। मजहर सकलैनी, आमिल ककरालवी, हसीब सकलैनी ने नात शरीफ के कलाम पेश किए।

# आवास प्लस के लिए 15 सितंबर को खुलेगी वेबसाइट

- प्रधानमंत्री की ओर से एप लांच करने के साथ शुरू होगा सर्वे
- पांच साल का इंतजार खत्म, दो महीने सर्वे के बाद बनेगी सूची

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** पांच साल से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाईजी) की वेबसाइट खुलने का इंतजार कर रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। तीन दिन बाद 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास प्लस एप लांच करने के साथ वेबसाइट खुल जाएगी और सर्वे शुरू हो जाएगा। दो महीने में सर्वे पूरा करके सूची तैयार की जानी इसके बाद वित्तीय वर्षवार लक्ष्य निर्धारित कर सूची में शामिल लोगों को आवास आवंटित किए जाएंगे।

केंद्र सरकार की ओर से सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस की शुरुआत के बाद छह महीने तक कराए गए सर्वे के आधार पर चुने गए पात्रों को 2019-20 से 2023-24 तक 22184 आवास दिए गए, मगर सभी पात्रों को लाभ मिलने से पहले ही लक्ष्य पूरा हो गया। अब पांच साल बाद सरकार ने फिर पीएमएवाईजी की वेबसाइट खोलने का निर्णय लिया है। पिछले दिनों आयुक्त ग्राम्य विकास गौरीशंकर प्रियदर्शी ने जिला ग्राम्य विकास विभाग को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। विभाग के मुताबिक 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास प्लस का एप लांच करेंगे। इसी के साथ वेबसाइट खोल दी जाएगी और फिर पात्रों का चयन करने के लिए सर्वे शुरू हो जाएगा। अधिकारियों के अनुसार पिछली बार सर्वे का समय छह माह रखा गया था, इस बार यह मियाद दो महीने की ही रखी गई है। इसी अवधि में सर्वे के बाद पात्रों की सूची तैयार की जाएगी जिसे वेबसाइट पर अपलोड कर वर्षवार लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।

पीडी डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए तैयारी जारी हैं। गांवों में लोगों को संशोधित मानक, सर्वेक्षण के बारे में बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री के 15 सितंबर को एप लांच करने के बाद वेबसाइट खोल दी जाएगी।

# हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ई-मेलः auction@hindujahousingfinance.com
प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

## ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV A) (नियम 8(6))

**हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएचएफएल)** जिसका कॉर्पोरेट कॉर्या : 167–169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट, सैदापेट, चेन्नई – 600015 और शाखा कार्यालयः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली–243001, को बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के तहत। जबकि एचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी (''एओ'') ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित ऋण खातों/संभाव्य सं. में निम्नलिखित संपत्ति को बेचने के अधिकार के साथ कब्जा कर लिया था। बकाया राशि की वसूली हेतु **'जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है** के आधार पर बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. और कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रो) का नाम/ | धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि और राशि / कुल बकाया दिनांक 02.09.2024 तक | अचल सम्पत्तियां /प्रतिभूति आस्तियों का विवरण | कब्जे की स्थिति और तिथि | आरक्षित मूल्य (आरपी) / जमा धरोहर राशि (ईएमडी) आरपी का 10 प्रतिशत / बोली वृद्धि राशि | ई–नीलामी की तिथि/समय: |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता संख्या UP/LKN/BRLY/A000000978<br>1. श्री देवेन्द्र यादव (उधारकर्ता)<br>2. श्रीमती नीतू यादव (सह–उधारकर्ता) | 11-07-2023<br>रु. 35,30,752/- (रु. पैंतीस लाख तीस हजार सात सौ बावन)<br>रु. 39,17,381 (रु. उनतालीस लाख सत्रह हजार तीन सौ इक्यासी) | संपत्ति खसरा सं. 75/1,75/2,77,78,79/1 का हिस्सा नगरिया परीक्षित तहसील एवं जिला बरेली मकान सं. 6 क्षेत्रफल 72.74 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर में – रास्ता 12 फीट चौड़ा, दक्षिण में – अन्य का मकान, पूरब में – मकान सं. 05, पश्चिम में – मकान सं. –07 | सांकेतिक कब्जा 29-09-2023 | ₹ 27,54,000/-<br>₹ 2,75,400/-<br>₹ 10,000/- | 10-10-2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक<br>ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 08-10-2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक<br>सम्पत्ति का निरीक्षण की तिथि : 07-10-2024 को दोपहर 02.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक |
| | भुगतान का प्रकारः– क्र.सं. 1 हेतु – सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बरेली में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। खातों का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः– हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नाम– एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA978, घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | | | |
| 2 | ऋण खाता संख्या UP/LKN/BRLY/A000000936<br>1. श्री मैराज खान (उधारकर्ता)<br>2. श्रीमती बानो बेगम (सह–उधारकर्ता) | 28-01-23<br>रु. 31,35,799 (रु. इकतीस लाख पैंतीस हजार सात सौ निन्यान्वे)<br>रु. 37,98,248 (रु. सैंतीस लाख अट्ठान्वे हजार दो सौ अडतालीस) | संपत्ति खसरा सं. 75/1,75/2,77,78,79/1 का हिस्सा नगरिया तहसील एवं जिला बरेली मौजा – नगरिया परीक्षित, पी.एस–एन.के.पी. क्षेत्रफल 74.74 वर्ग मी. चौहद्दीः पूरब में – मकान नं.–3, पश्चिम में – मकान नं. 05, उत्तर में – रास्ता 12 फिट चौड़ा, दक्षिण में – अन्य का प्लॉट मकान | सांकेतिक कब्जा 02-11-2023 | ₹ 27,54,000/-<br>₹ 2,75,400/-<br>₹ 10,000/- | 10-10-2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक<br>ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 08-10-2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक<br>सम्पत्ति का निरीक्षण की तिथि : 07-10-2024 को दोपहर 02.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक |
| | भुगतान का प्रकारः– क्र.सं. 2 हेतु – सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बरेली में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। खातों का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः– हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नाम– एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA936, घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | | | |
| 3 | ऋण खाता संख्या UP/LKN/BRLY/A000000675<br>1. श्री पलविंदर सिंह (उधारकर्ता)<br>2. श्रीमती राजविंदर कौर (सह–उधारकर्ता) | 29-11-2022<br>रु. 26,62,699/- (रु. छब्बीस लाख बासठ हजार छह सौ निन्यान्वे)<br>रु. 32,48,212/- (रु. बत्तीस लाख अडतालीस हजार दो सौ बारह) | संपत्ति जिसका क्षेत्रफल 103.67 वर्ग मी., खसरा नं. 102, रेवेन्यू गाँव फरीदपुर चौधरी, तहसील और जिला बरेली, मौजा रेवेन्यू गांव फरीदापुर, खसरा सं. 102 उप रजिस्ट्री जिला सदर बरेली, क्षेत्रफल 102.67 वर्ग मीटर, चौहद्दीः पूरब में – प्लॉट विक्रेता, पश्चिम में – प्लॉट मोरकाली, उत्तर में – प्लॉट, दक्षिण – 15 फीट रास्ता | सांकेतिक कब्जा 02-11-2023 | ₹ 19,50,000/-<br>₹ 1,95,000/-<br>₹ 10,000/- | 10-10-2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक<br>ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 08-10-2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक<br>सम्पत्ति का निरीक्षण की तिथि : 07-10-2024 को दोपहर 02.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक |
| | भुगतान का प्रकारः– क्र.सं. 3 हेतु – सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बरेली में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। खातों का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः– हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नाम– एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA675, घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | | | |
| 4 | ऋण खाता संख्या UP/LKN/BRLY/A000000202<br>1. श्री. विपिन सिंह चौहान (उधारकर्ता)<br>2. श्रीमती साधना सिंह (सह–उधारकर्ता) | 12-11-2022<br>रु. 11,18,750/- (रु. ग्यारह लाख अट्ठारह हजार सात सौ पचास)<br>रु. 12,40,607/- (रु. बारह लाख चालीस हजार छह सौ सात) | संपत्ति जोकि खसरा नं. 34 और 40 मिन, गाँव/मोहल्ला बाके – गाँव बरेली परगना और तहसील और जिला बरेली, यू.पी. में स्थित, क्षेत्रफल 87.79 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर में – रोड 6 मीटर चौड़ी फिर आराजी दीगर के बाद, दक्षिण में – नंदू का प्लॉट, पूरब में – राहुल सिंह का प्लॉट पश्चिम में – सुरेन्द्र सक्सेना का प्लॉट | सांकेतिक कब्जा 02-11-2023 | ₹ 13,45,000/-<br>₹ 1,34,500/-<br>₹ 10,000/- | 10-10-2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक<br>ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 08-10-2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक<br>सम्पत्ति का निरीक्षण की तिथि : 07-10-2024 को दोपहर 02.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक |
| | भुगतान का प्रकारः– क्र.सं. 4 हेतु – सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बरेली में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। खातों का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः– हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नाम– एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA202, घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | | | |
| 5 | ऋण खाता संख्या UP/LKN/BRLY/A000000824<br>1. श्री खालिद खान (उधारकर्ता)<br>2. श्री सनोबर खालिद (सह–उधारकर्ता) | 29-11-2022<br>रु. 22,76,021 (रु. बाईस लाख छिहत्तर हजार इक्कीस)<br>रु. 25,99,357/- (रु. पच्चीस लाख निन्यान्वे हजार तीन सौ सत्तावन) | संपत्ति जोकि प्लॉट भूमि नं. 112 का भाग, क्षेत्रफल 142 वर्ग गज, रेवेन्यू ग्राम घंगोरा पिपरिया, वीडियो खसरा नं. 1029, ओम एस्टेट तहसील एवं जिला बरेली मौजा घंगोरा पिपरिया खसरा नं. 112, क्षेत्रफल 103.67 वर्ग मीटर, चौहद्दीः उत्तर में – रास्ता प्लॉट 111, दक्षिण में – प्लॉट नं. 112 का हिस्सा, पूरब में – प्लॉट नं. 91, पश्चिम में – रास्ता 25 फिट | सांकेतिक कब्जा 02-11-2023 | ₹ 7,26,000/-<br>₹ 72,600/-<br>₹ 10,000/- | 10-10-2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक<br>ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 08-10-2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक<br>सम्पत्ति का निरीक्षण की तिथि : 07-10-2024 को दोपहर 02.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक |
| | भुगतान का प्रकारः– क्र.सं. 5 हेतु – सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बरेली में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। खातों का विवरण इस प्रकार हैः क) खाते का नामः– हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नाम– एचडीएफसी, ग) खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA824, घ) IFSC कोडः HDFC0004989 | | | | | |

ऑनलाइन ई–नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें –

1. संपत्ति को **''जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है और बिना किसी दायित्व रहित''** आधार पर बेचा जा रहा है। इस तरह की बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है।
2. संपत्ति / परिसंपत्तियों का विवरण (अर्थात् ई–नीलामी बिक्री नोटिस में निर्दिष्ट सीमा और माप को सुरक्षित लेनदार की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है और सुरक्षित लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत–बयान या चूक हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। वास्तविक मौजूदा और मापन अलग–अलग हो सकते हैं।
3. सुरक्षित लेनदार द्वारा जारी ई–नीलामी बिक्री नोटिस आम जनता को अपनी बोलियां जमा करने के लिए एक निमंत्रण है और इसे सुरक्षित लेनदार की ओर से कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं माना जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार के साथ शीर्षक विलेखों की प्रतियों का उपयोग करें और बोलियां प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति / परिसंपत्तियों और दावों / देय राशियों के स्वामित्व और वर्तमान स्थिति के बारे में स्वयं की स्वतंत्र पूछताछ / उचित परिश्रम करें जो संपत्ति को प्रभावित करते हैं।
4. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से ''ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड'' या सेवा प्रदाता **सी1 इंडिया प्रा. लि.** द्वारा प्रदान की गई नीलामी के माध्यम से होगी, जो नीलामी की पूर्ण प्रक्रिया को ई–नीलामी मंच द्वारा व्यवस्थित और समन्वयित करेगा।
5. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान से बोली लगाने के लिए ई–नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी खुद बोली लगाने वाले को सुनिश्चित करनी होगी। सुरक्षित लेनदार/सेवा प्रदाता को इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, स्वयं के सिस्टम क्रैश, बिजली की विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।
6. विवरण, सहायता, प्रक्रिया हेतु तथा ई–नीलामी पर ऑनलाइन बोली लगाने वाले संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., 605ए, पताः सी1 इंडिया प्रा. लि. तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 68 सेक्टर–44, गुड़गांव, हरियाणा–122003, (हेल्प लाइन नं. +91–124–4302000) सहायता ईमेल **support@bankeauctions.com**, (सहायता मोबाइल नं. **7291981124/1125/1126**) श्री मिथलेश कुमार मोबाइलः 7080804466. ईमेलः **Mithalesh.kumar@c1india.com, delhi@c1india.com** से संपर्क कर सकते हैं। ई–नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम **https://www.bankeauctions.com** पर पहले से पंजीकृत कर लेना चाहिए और यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सेवा प्रदाता से पासवर्ड प्राप्त करने के तुरंत बाद ही उसे बदल दें।
7. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को ''हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'' के पक्ष में Demand Draft/NEFT/RTGS/IMPS के माध्यम से आरक्षित मूल्य (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) का 10 प्रतिशत की वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) **08-10-2024** तक या उससे पहले जमा करना होगा।
8. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा हुआ बोली फॉर्म (**https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध प्रारूप), प्राधिकृत अधिकारी एचएचएफएल क्षेत्रीय कार्यालय हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 9वीं मंजिल, यूनिट नं – 910, प्लॉट नं 'टीसी/जी–2/2 और टीसी/जी–5/5, साइबर हाइट्स, विभूति खंड, गोमतीनगर, लखनऊ, यूपी – 226010 को संबोधित सीलबंद लिफाफे में ईएमडी प्रेषण के साथ डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। संपत्ति के लिए ऋण खाता नं. (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) में ई–नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए मुहरबंद कवर को बोली के साथ लिखा जाना चाहिए (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है)
9. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि की समाप्ति के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उसके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेगा और योग्य बोलीदाताओं के विवरण की पुष्टि करेगा (जिन्होंने आरक्षित मूल्य के ऊपर और ऊपर अपनी बोलियां उद्धृत की हैं और निर्दिष्ट ईएमडी का भुगतान सुरक्षित लेनदार) सेवा प्रदाता **सी1 इंडिया प्रा. लि.** को ई–नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित तिथि और समय पर केवल उन बोलीदाताओं को ऑनलाइन इंटर–से बोली/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने के लिए सक्षम बनाता है।
10. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से शुरू होगी। परस्पर बोली की प्रक्रिया के दौरान, प्रत्येक ''10'' मिनट का असीमित विस्तार होगा, अर्थात् ई–नीलामी का अंतिम समय स्वचालित रूप से प्रत्येक बार 10 मिनट तक बढ़ाया जाएगा यदि बोली अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर की जाती है।
11. एक बार की गई बोलियों को रद्द या वापस नहीं लिया जाएगा। बोलीदाता को दी गई यूजर आईडी से की गई सभी बोलियां उसके द्वारा अकेले की गई समझी जाएंगी।
12. सफल बोलीदाता बिक्री के उसी दिन बोली राशि (ईएमडी सहित) का 25% और शेष बोली राशि का 75% DD/Pay order/NEFT/RTGS/IMPS द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बिक्री की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करेगा।
13. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित समय के भीतर उपरोक्त निर्धारित राशि के भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
14. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से बोली राशि की शेष राशि जमा करने के लिए लिखित रूप में और समय दे सकता है।
15. सफल बोलीदाता टीडीएस (बिक्री से बाहर) के लिए बिक्री मूल्य का 1% का भुगतान करेगा और अधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करेगा और ईएमडी को समायोजित करते हुए बिक्री मूल्य की पूरी राशि (टीडीएस की ओर 1% की कटौती के बाद) जमा करेगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 कार्य दिवसों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त समझे जाने वाले ऐसे अन्य विस्तारित समय के भीतर, जिसके गिरने पर बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. नगरपालिका/पंचायत कर, बिजली देय (यदि कोई हो) और किसी अन्य प्राधिकरण देय राशि (यदि कोई हो) का भुगतान सफल बोलीदाता द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र जारी करने से पहले किया जाना है। संपत्ति से संबंधित सभी वैधानिक देय राशि को ध्यान में रखते हुए बोलियां लगाई जाएंगी।
17. सफल बोलीदाता के पक्ष में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र केवल संपूर्ण खरीद मूल्य / बोली राशि जमा करने और सभी करों / शुल्कों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जारी किया जाएगा।
18. कानूनी शुल्क, स्टांप ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और किसी भी प्रकार के अन्य आकस्मिक प्रभार नीलामी खरीदार द्वारा वहन किया जाएगा।
19. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही को स्थगित/रद्द कर सकता है। यदि निर्धारित ई–नीलामी बिक्री को बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 दिन पहले बाद की तारीख में स्थगित कर दिया जाता है, तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।
20. अधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद है।
21. बोली प्रस्तुत करने वाले सभी बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया गया माना जाएगा और वे उनके द्वारा बाध्य होंगे।
22. अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, प्राधिकृत अधिकारी श्री ब्रजेश अवस्थी (आरएलएम) – 9918301885 और दीपक सिंह (सीएलएम) – **9453220448** से संपर्क करें।
23. यह प्रकाशन प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उक्त ऋण खाते के ऋणी/बंधक/गारंटरों को उपरोक्त पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में 30 दिनों का नोटिस भी है। –उल्लिखित तिथि/स्थान

स्थान : बरेली
दिनांक 11-09-2024

प्राधिकृत अधिकारी,
हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**विशेष निर्देश/सावधानीः अंतिम मिनट/सेकंड में बोली लगाने वालों को अपने हित में बोली लगाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में बोलीदाता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली की विफलता, आदि) के लिए न तो हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जैसे बैक–अप बिजली की आपूर्ति और जो कुछ भी आवश्यक हो, ताकि वे ऐसी स्थिति से बचने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।**

## सार संक्षेप

### अपहृत होने से बची किशोरी, मां को बीमार बताकर ले जा रहा था युवक

**आगरा, अमृत विचार :** शाहगंज थाना क्षेत्र में 14 वर्ष की एक किशोरी अपहृत होने से बच गई। एक युवक उसे मां को बीमार बताकर ले जा रहा था। किशोरी को अपना भाई दिख गया तो वह कार से उतरकर दौड़ती हुई भाई के पास पहुंच गई और सारा वाकया बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बुधवार को किशोरी स्कूल से आ रही थी। रास्ते में एक युवक बोला तुम्हारी मां की तबियत खराब है। वह अस्पताल में भर्ती हैं। चूंकि इन दिनों उसकी मां घर पर नहीं हैं, इसलिए किशोरी को भरोसा हो गया और वह युवक के साथ चल दी। युवक उसे कार में बैठा ही रहा था कि तभी किशोरी को अपना भाई दिखाई दे गया। भाई को देखते ही किशोरी उसके पास पहुंच गई और सारी बात बताई। भाई ने युवक को पकड़ना चाहा, लेकिन युवक कार को दौड़ा ले गया। भाई, किशोरी को घर लेकर पहुंचा और परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी आशु पुत्र नसरु निवासी आजमपाड़ा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिशें दे रही है।

### खेत में मिला युवक का सिर कटा अर्धनग्न शव

**रामपुर/सैफनी, अमृत विचार :** सैफनी थाना क्षेत्र में रामगंगा पुल के पास गन्ने के खेत में बुधवार सुबह बिलारी के रहने वाले युवक का सिर कटा अर्धनग्न शव मिला है। परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते उसकी हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। मुरादाबाद के बिलारी के गांव राजा का सहसपुर में साबिर अली का परिवार रहता है। सोमवार शाम उनका बेटा सोनू (25) सैफनी थाना क्षेत्र के गांव जटपुरा में अपने मामा के यहां शादी में शामिल होने गया था लेकिन घर नहीं लौटा। परिजनों ने बिलारी कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुधवार सुबह 11 बजे सैफनी निवासी किसान कोमल सिंह अपने गन्ने के खेत पर पहुंचा तो शव पड़ा देखा। उसने इसकी जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष फैजान खान को दी। पालिका अध्यक्ष की सूचना पर थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह पहुंचे। इसके बाद एसपी, एएसपी और एसओसी की टीम ने मौके मुआयना किया। पिता ने प्रेम प्रसंग के चलते सैफनी की रहने वाली युवती के परिजनों पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक का सिर ढूंढने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिला। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने बताया कि पुलिस ने पूछताछ के लिए युवती, उसके भाई और पिता को उठाया है।

### पुष्पदंत नाथ के निर्वाण महोत्सव पर लाडू चढ़ाया



पुष्पदंत नाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव पर लाडू चढ़ाते हुए जैन समाज के लोग।

**अवागढ़, अमृत विचार :** पंचायती दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार को श्री 1008 पुष्पदंत नाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव पर लाडू चढ़ाया गया। नगर के जैन समाज ने भक्ति से सराबोर होकर लाडू चढ़ाया। प्रभु का प्रथम अभिषेक नितिन कुमार जैन, प्रथम शांतिधारा अरुण कुमार, तरुण कुमार परिवार, द्वितीय शांतिधारा निर्मल कुमार व विकास जैन परिवार द्वारा हुई। प्रभु की वेदिका पर नवीन बंधनवार सतेंद्र जैन, राहुल जैन परिवार द्वारा लगाई गई। दस लक्षण धर्म के चतुर्थ दिन उत्तम शौच धर्म की पूजा की गई। अंत में प्रभु का 101 किलो का भव्य निर्वाण लाडू भक्तों ने झूमते, भजन गाते हुए प्रभु को चढ़ाया। दोपहर को ललितपुर से पधारे विद्वान विकास जैन, अनिकेत भैया द्वारा उत्तम शौच धर्म का अर्थ पवित्रता तथा उज्ज्वलता बताया। रात्रि में भव्य 108 दीपों से आरती की गई। अंत में प्रभु के जीवन पर आधारित केबीसी प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। विपिन जैन, तरुण जैन, हर्ष कुमार जैन, विपनेश जैन, बासु जैन, लालजी जैन, सुनील जैन, सेठी जैन, रजत जैन, राकेश जैन, अंकित जैन, अभी जैन, अतिशय जैन, जतिन जैन, मयंक जैन, राजीव जैन, शरद जैन आदि थे।

### मानसिक चिकित्सालय में दी जाने वाली सिफेक्सिम एंटीबायोटिक अधोमानक

**बरेली, अमृत विचार :** मानसिक चिकित्सालय में दी जाने वाली सेफेक्सिम एंटीबायोटिक दवा का सैंपल अधोमानक पाया गया है। दवा में सक्रिय तत्वों की मात्रा मानकों से कम पाई गई है, इसकी वजह से दवा प्रभावी नहीं है। औषधि विभाग ने जून में दवा का अस्पताल से सैंपल लिया था। ड्रग इंस्पेक्टर राजेश ने बताया कि दवा का सैंपल जून में लिया गया था, जिसकी रिपोर्ट अब आई है। यह दवा जेनेरिक है और इसे उज्जैन की बोकेम हेल्थ केयर कंपनी ने बनाया था। अब इस मामले में जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जूनियर डॉक्टर ने बालिका से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

- एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने जांच कमेटी गठित की, सेवा से निलंबित किया

**आगरा, अमृत विचारः** एसएन मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में तैनात एक जूनियर डॉक्टर पर बालिका से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और कॉलेज प्रशासन ने निलंबित कर दिया है।

शाहगंज क्षेत्र की 11 साल की बालिका को टाइफाइड बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। मंगलवार की रात गर्मी अधिक होने के कारण बालिका मां के साथ टहल रही थी। उसे कुछ परेशानी हुई तो आरोपी जूनियर डॉक्टर वार्ड के पास अपने कमरे में ले गया। उसका ब्लड प्रेशर चेक करने लगा। बालिका की मां वार्ड में चली गई। कुछ देर बाद ही बालिका रोती हुई भागते हुए आई। परिजनों को बताया की डॉक्टर अंकल गंदी हरकत कर रहे थे। यह सुनते ही परिवार के लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस भी आ गई। कॉलेज के प्राचार्य तक मामला पहुंचा तो उन्होंने डॉक्टर को निलंबित कर दिया और जांच कमेटी गठित कर दी। आरोपी जूनियर डॉक्टर का नाम दिलशाद बताया गया है।

# कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दोई वि.खं. इस्लामनगर, बदायूँ

पत्रांक : मिमो/निविदा विज्ञप्ति/2024-25 दिनांक : 11.09.2024

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षे.पं. इस्लामनगर जनपद बदायूँ की उक्त ग्रामपंचायत में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.)/केंद्र वित्त आयोग, राज्य वित्त, मनरेगा, योजना अंतर्गत, सामुदायिक अंशदान से प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 ग्राम सभा द्वारा पारित/अनुमोदन से निम्न कार्य कराए जाना है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में सफाई कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2. | विभिन्न स्थानों पर नालियों के ऊपर स्लिप नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3. | पीलू सिंह के मकान से कल्लू सिंह के मकान तक सी.सी/नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 4. | लाला मौर्य के मकान से चक रोड तक मिटटी व नाली कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 5. | रामनगर मढियां में जमुना प्रसाद के मकान से विष्णु के मकान तक सी.सी./नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 6. | हैण्डपम्प मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 7. | हैण्डपम्प रिबोर कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 8. | सी.सी. रोड से लाईक खां के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 9. | शिवदयाल के मकान से वीर सिंह के मकान तक CC निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 10. | रामभरोसे मास्टर के घर से शिवदयाल धीमर के घर तक CC निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 11. | सजले खां के घर से फजले खां के घर तक CC/नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 12. | माली मोहल्ले के मन्दिर से जितेन्द्र जाट के घर तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 13. | सार्वजनिक बाजार में दुकानदारों हेतु पक्के चबुतरे का निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 14. | नाडेप से मुक्की पासी के खेत तक CC निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 15. | नाडेप से मुक्की पासी के खेत तक नाली/मिट्टी भराव कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 16. | नाली जाल पुलिया नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 17. | डस्टबीर के मकान से बाबू खां के मकान तक सी.सी. निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 18. | मुन्ने सिंह के मकान से कल्लू सिंह के मकान तक सी.सी. निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 19. | नीलू के घर से पीलू के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 20. | पिन्टू के मकान से नीलू के मकान तक सी.सी. निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 21. | अम्बेडकर पार्क में बेंच व पर्स नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 22. | गोशाला केटेकर मानदेय भुगतान | प्राक्कलन के अनुसार |
| 23. | प्रशासनिक व्यय | प्राक्कलन के अनुसार |
| 24. | मौर्य समाज के शमशान घाट का जीर्णाद्धार नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 25. | हैण्डपम्प मरम्मत कार्य-II | प्राक्कलन के अनुसार |
| 26. | हैण्डपम्प रिबोर-II | प्राक्कलन के अनुसार |
| 27. | गौशाला प्रांगण में मिट्टी भराव कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 28. | मेन सी.सी. से कोटेदार की दुकान तक खडण्जा और सी.सी./नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 29. | प्रा. विद्यालय प्रांगण में फर्स नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 30. | पीतमपासी के प्लाट से गप्पू कौरी के प्लाट तक सी.सी./नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 31. | बुद्धपाल माली के प्लाट से पीतम पासी के प्लाट तक सी.सी./नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 32. | सी.सी. रोड से विजय भान सिंह के घर तक सी.सी/नाली नि. कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 33. | ग्राम पंचायत में नाली, नाला, मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

उपरोक्त कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, ईट, रोड़ा, बजरफुट, पेंटिंग आईटम, गंगा रेता, मोरंग, सीमेंट, मिट्टी, बजरी, पत्थर, पालीथीन, टाईल, इण्टरलॉकिंग सीमेंट ईट, आयरन, पाईप मिक्सर मशीन, कंप्यूटर सिस्टम, मेज कर्जी, अल्मारी, सोलर पैनल, इन्वर्टर, बैटरी, फर्नीचर आदि सामग्री व प्राक्कलन के अनुसार मात्रा व दर समस्त सामग्री कार्य स्थल पर इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो को सूचित किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस तक कुटेशन/निविदाएं आंमत्रित की जाएंगी। निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है व निविदा अंतिम तिथि को 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में शीलबंद लिफाफे में जमा की जाएंगी व उसी दिन 4:00 बजे प्रधान/सचिव द्वारा निविदादाताओं एवं उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी समस्त अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित है।

श्रीमती अनुपम सिंह-प्रधान आस मोहम्मद-सचिव

# सात नए शहरों में चलाई जाएंगी इलेक्ट्रिक बसें

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- बंद होंगी सीएनजी, डीजल बसें बरेली, मुरादाबाद और शाहजहांपुर शामिल

**अमृत विचार:**प्रदेश के सात महानगरों में सिटी बसों का संचालन हो रहा है। सीएनजी, डीजल और इलेक्ट्रिक तीनों श्रेणियों की बसें संचालित हो रही हैं, लेकिन अब जिन अन्य सात शहरों में नगरीय परिवहन निदेशालय इलेक्ट्रिक बसें चलाएगा,उनमें सीएनजी और डीजल बसों का संचालन नहीं होगा। यह शहर गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, गोरखपुर, झांसी, अलीगढ़ और शाहजहांपुर होंगे।

यह जानकारी देते हुये सिटी बस के एमडी आर के त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में लखनऊ,आगरा, मथुरा,कानपुर, प्रयागराज, मेरठ और वाराणसी में सीएनजी, डीजल, इलेक्ट्रिक तीनों तरह की बसों का संचालन किया जा रहा है। अब अन्य शहरों में इलेक्ट्रिक सिटी बसों के संचालन से यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी जिससे वह अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकेंगे। जिन शहरों में अभी तक सिटी बस के रूप में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू नहीं हुआ है वहां पर भी जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू कराए जाने को लेकर नगरीय परिवहन निदेशालय तैयारी में जुटा है।

### आरपीएफ और रेलवे अधिकारियों के साथ डीजीपी ने की बैठक, बनेगी एसओपी

# रेलवे लाइनों पर खतरा देख सक्रिय हुई पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** रेलवे लाइनों पर मंडरा रहे खतरों को देख प्रदेश के पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। बुधवार को डीजीपी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में प्रदेश के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई और रेलवे लाइनों की सुरक्षा के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में अंबाला, दिल्ली और मुगलसराय के भी रेलवे अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में प्रशांत कुमार, एडीजी रेलवे प्रकाश डी, एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश, एडीजी अपराध एसके भगत की उपस्थिति में प्रदेश के सभी जोनल एडीजी, एडीजी आरपीएफ बड़ौदा हाउस एवं प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त दिल्ली के अलावा दिल्ली, अंबाला और मुगलसराय के एडीआरएम भी शामिल हुए। डीजीपी ने कहा कि रेलवे लाइनों को अवरुद्ध करने की घटनाओ को देखते हुए लाइनों की सुरक्षा के प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके अलावा लाइनों की सुरक्षा के लिए वाल-फेसिंग कराए जाने, वल्नरेबुल क्षेत्र को चिन्हित करने, संयुक्त पेट्रोलिंग कराने, मंडल स्तर पर समन्वय बैठक करने, रेलवे ट्रैक के आसपास हुए अवैध निर्माण को हटवाने एवं एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइनों की समुचित सुरक्षा के लिए उच्च तकनीकी का उपयोग, ट्रेन इंजन एवं कोचेज में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाए। डीजीपी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क उत्तर प्रदेश का है। विगत में रेलवे लाइनों के अवरूद्ध करने संबंधी घटनाओं में समन्वय रखते हुए घटनाओं को रोकने हेतु सभी स्टेक होल्डर्स को सम्मिलित कर एसओपी बनाकर कार्रवाई की जाएगी। आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से रेलवे लाइनों की पेट्रोलिंग कराई जाए तथा किसी प्रकार के प्राप्त इनपुट को शेयर किया जाए। ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया गया। कहा कि विगत 10 वर्षों में रेलवे लाइनों पर जो भी आपराधिक घटनाए हुई है उनका विश्लेषण कर लिया जो। रेलवे लाइनों के आसपास रहने वाले लोगो का वेरिफिकेशन कराया जाए।



- लाइनों के पास रहने वालों का होगा वेरिफिकेशन, फेंसिंग भी लगेगी

## सार-संक्षेप

### दुग्ध संघों में अपेक्षित परिणाम न देने पर अधिकारियों का रोका जायेगा वेतन : धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को यहां पीसीडीएफ कार्यालय में प्रदेश के सभी 19 दुग्ध संघों एवं पीसीडीएफ इकाईयों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में दुग्ध विकास मंत्री ने दुग्ध संघों के महाप्रबंधकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसानों को दुग्ध मूल्य का भुगतान एक माह के अंतराल पर हर हाल में प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। दुग्ध संघों द्वारा सुनियोजित प्रबंधन कार्य करते हुए अन्य खर्चों में कटौती की जाए और मितव्ययिता की नजर से सौर ऊर्जा का उपयोग इकाई के संचालन के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि पराग द्वारा डिस्ट्रीब्यूशन चैनल को मजबूत किया जाए और पराग मिल्क बूथों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को बैठक में तय कार्यों को समय से पूरा न करने और कार्यों में अपेक्षित परिणाम न देने पर वेतन रोकने की कड़ी चेतावनी दी।

### रैगिंग रोकने को केजीएमयू में तैनात होंगे बाउंसर

**लखनऊ, अमृत विचार :** बीते दिनों एरा मेडिकल कॉलेज में छेड़खानी व रैगिंग की घटना के बाद केजीएमयू और लोहिया संस्थान में रैगिंग रोकने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। हॉस्टल से कक्ष तक सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ बाउंसर भी तैनात किए जाएंगे। हॉस्टल से क्लास तक छात्र बाउंसर और सुरक्षा गार्डों के घेरे में जाएंगे। एमबीबीएस का नया बैच अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। केजीएमयू में एमबीबीएस की 250 और लोहिया संस्थान में 200 सीटें हैं प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। रैगिंग रोकने के लिए हॉस्टल से क्लास रूम आने वाले रास्ते में कैमरे लगाए गए हैं। खराब सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराया जा रहा है। केजीएमयू के चीफ प्रॉक्टर डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव ने बताया कि कक्षाएं शुरू होने से पहले नए छात्रों का विशेष प्रशिक्षण होगा। इसमें संस्थान की जानकारी देने के साथ रैगिंग से बचाव के उपाय बताए जाएंगे।

### जेल में बंद अतीक के बेटे अली पर लगेगा गैंगस्टर

**प्रयागराज,अमृत विचार :** नैनी सेंट्रल जेल की हाई सिक्योर्टी में बंद अतीक अहमद के बेटे अली पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी पुलिस कर रही है। इतना ही नहीं पुलिस उसके साथ 10 अन्य पर गैंगेस्टर लगाएगी। पुलिस के मुताबिक करैली थाने की पुलिस ने गैंग चार्ट तैयार कर पुलिस कमिश्नर को रिपोर्ट भेज दिया है। अतीक अहमद के बेटे अली अहमद, मो. असाद कालिया, आरिफ उर्फ कछौली, संजय सिंह, इमरान उर्फ गुड्डू, सैफ उर्फ मामा, अमन, कुल्लू अतीक अहमद खलेरा भाई, अली अब्बा समेत 15 अन्य के खिलाफ 2021 पांच करोड़ की रंगदारी व जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। उक्त केस माफिया अतीक अहमद के रिश्तेदार जीशान उर्फ जानू निवासी चकिया ने दर्ज कराया था। जिशान ने आरोप लगाया था कि अतीक के बेटे अली ने कनपटी पर पिस्टल लगाकर अतीक अहमद से बात भी कराई थी।

### रेरा ने स्थापित की खंड-पीठ, सुनेगी शिकायतें

**लखनऊ,अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने लखनऊ मुख्यालय में स्थायी खंड-पीठ स्थापित की है। जहां, परियोजनाओं संबंधित 10 या उससे अधिक शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी खंड-पीठ की अध्यक्षता करेंगे। अध्यक्ष ने बताया कि अगर किसी परियोजना में आवंटियों का संघ एओए, निवासियों के संघ आरडब्लूए तथा परियोजना के 10 या उससे अधिक आवंटियों द्वारा शिकायतें दायर की गईं तो उनकी सुनवाई नियमित रूप से अध्यक्ष द्वारा गठित खंड-पीठ करेगी। इसके अलावा यह निर्णय भी लिया गया कि प्रोमोटर्स द्वारा आवंटियों के विरुद्ध दायर की गई शिकायतें (क्रॉस-कम्प्लैन्ट/परस्पर शिकायत) की सुनवाई भी खंड-पीठ करेगी। रेरा मुख्यालय में स्थायी खंड-पीठ की स्थापना से शिकायतों के निर्णय में एकरूपता आएगी। साथ ही निस्तारण में तेजी आएगी।

# रिटायर्ड चिकित्साधिकारियों को सैद्धांतिक प्रोन्नति देने का आदेश

### याचियों में कुछ के सेवानिवृत्ति के हो चुके हैं 15 से लेकर 21 वर्ष

लखनऊ, विधि संवाददाता

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रिटायर्ड चिकित्साधिकारियों के प्रोन्नति से सम्बंधित याचिकाओं पर निर्णय सुनाते हुए, राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह याची चिकित्साधिकारियों को सैद्धांतिक प्रोन्नति (नोशनल प्रमोशन) देते हुए, उनके वेतन को दोबारा निर्धारित कर, वेतन बकाए का भुगतान करें।

न्यायालय ने कहा है कि यह कार्यवाही तीन माह में पूर्ण कर ली जाए। साथ ही इसी क्रम में याचियों को पेंशन, रिटायरल ड्यूज व ग्रेच्युटी उपलब्ध कराई जाए। न्यायालय ने चेतावनी भी दी है कि यह कार्यवाही यदि तीन माह में नहीं पूर्ण की जाते है तो याचियों को छह प्रतिशत ब्याज की दर से भुगतान करना होगा।



यह आदेश न्यायमूर्ति इरशाद अली की एकल पीठ ने डॉ. विनोद चंद्र जैन व अन्य, डॉ. फरीद इकबाल जुबेरी व अन्य तथा डॉ. महेश कुमार गुप्ता व अन्य की ओर से वर्ष 2019 व 2020 में दाखिल याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। याचियों ने शीर्ष अदालत द्वारा डॉ. चंद्र प्रकाश मामले में 4 दिसम्बर 2002 को दिये गए फैसले के आलोक में नोशनल प्रमोशन दिये जाने की मांग की थी। याचियों में से ज्यादातर को सेवानिवृत्त हुए, 15 से 21 वर्ष हो चुके हैं। याचियों ने सरकार के वर्ष 2005 व 2018 के आदेशों को भी चुनौती दी थी जिनमें याचियों को नोशनल प्रमोशन देने से इंकार करते हुए, कहा गया था कि उन्हें सभी लाभ पूर्व में ही दिये जा चुके हैं।

न्यायालय ने शीर्ष अदालत के डॉ. चंद्र प्रकाश मामले में दिये गए फैसले के आलोक में पारित अपने निर्णय में पाया कि याचियों को नोशनल प्रमोशन का अधिकार है, साथ ही सरकार को उन्हें अपर निदेशक व निदेशक के पदों पर उक्त प्रमोशन देने का आदेश दिया है।

## सुलतानपुर डकैती के चार और आरोपी गिरफ्तार किए

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चौक में सर्राफा व्यापारी से हुई डकैती के मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अयोध्या जिले की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और कोतवाली नगर सुलतानपुर की संयुक्त टीम ने बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि अब तक कुल 45,700 रुपये नगद, 20 किग्रा सफेद धातु, करीब सवा दो किग्रा पीली धातु बरामद की जा चुकी है। वहीं, पीड़ित व्यापारी भी पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट है और बरामद माल अपना बता रहे हैं। वहीं, डकैती के आरोपी मंगेश यादव के एनकाउंटर पर मानवाधिकार ने डीएम से रिपोर्ट मांगी है। रायबरेली के इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्री लिमिटेड के कमरा नंबर 404 में डकैती की साजिश रची गई थी।

# कई जिलों में आज और कल तेज बारिश का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बरेली और शाहजहांपुर में दो दिन का रेड अलर्ट

**अमृत विचारः** मथुरा और आगरा में आज भारी बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने दोनों जिलों के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बरेली, फर्रखाबाद समेत 12 से अधिक जिलों में गुरुवार और शुक्रवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के आलाधिकारियों को प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिये तैयार रहने के निर्देश हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए 'रेड' और 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में अगले 48 घंटों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। इसमें मथुरा और आगरा जिला 'रेड अलर्ट' में है, जो कि बुधवार से गुरुवार तक के लिये है। संबंधित अफसरों को प्राकृतिक आपदा से निपटने की तैयारी के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा, 12 से अधिक अन्य जिलों में 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया गया है।

इसके अलावा फर्रुखाबाद, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और शाहजहांपुर में गुरुवार और शुक्रवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने कहा प्रभावित जिलों में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। यह भी कहा है कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को आपात स्थिति से निपटने के लिये तैयार रखा जाये।

# 17 आईपीएस अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली के राहुल भाटी सेनानायक यूपीएसएसएफ लखनऊ बने

**अमृत विचारः** शासन ने फिर 17 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें कई अधिकारियों को प्रोन्नति देते हुए उसी जिले में तैनात किया गया है। प्रताप गोपेंद्र यादव को सेनानायक 04वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज से पुलिस अधीक्षक पीटीएस मुरादाबाद भेजा गया है। अवधेश सिंह को एसपी रेलवे गोरखपुर से एसपी भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, आरती सिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कानपुर को उसी जिले में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर को उसी जिले में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। चंद्रकांत मीना अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त वाराणसी को पुलिस उपायुक्त वाराणसी बनाया गया है। साद मिया खान को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर से वहीं पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। सूरज कुमार राय अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आगरा से यहीं पर पुलिस उपायुक्त, सैय्यद अली अब्बास अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त से डीसीपी आगरा बनाया,मनीष कुमार सांडिल्य अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त वाराणसी से सेनानायक 04वीं पीएसी वाहिनी प्रयागराज, राहुल भाटी अपर पुलिस अधीक्षक नगर बरेली से सेनानायक यूपीएसएसएफ लखनऊ, अनिल कुमार यादव अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर को पुलिस उपायुक्त लखनऊ, अभिषेक भारती अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रयागराज को यहीं पर पुलिस उपायुक्त बनाया गया। संदीप कुमार मीना एएसपी ग्रामीण मुरादाबाद को एसपी गोरखपुर रेलवे, संतोष कुमार मीना अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, को सेनानायक 02वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, लखन सिंह यादव अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर को पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर, ओमप्रकाश यादव सेनानायक यूपीएसएसएफ लखनऊ को एसपी पीटीसी सीतापुर, दयाराम सेनानायक 2वीं पीएसी सीतापुर को एसपी सीबीसीआईडी लखनऊ बनाया गया है।

### जल्द शुरु होगी रोडवेज बसों के माध्यम से कोरियर पार्सल सेवा की सुविधा

**लखनऊ, अमृत विचार :** जल्द ही रोडवेज बसों के माध्यम से कोरियर पार्सल सेवा की सुविधा शुरु हो जायेगा । ग्यारह हजार बसों में यह सुविधा दी जायेगी । प्रदेश में संचालित साधारण और एसी दोनों बसों में यह सुविधा मिलेगी। निगम ने आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयारी कर ली है। निर्धारित बस स्टेशन पर बस रोककर कोरियर पार्सल सेवा के प्रतिनिधि से पार्सल बुक कराएंगे और बुकिंग रसीद प्राप्त करेंगे। परिवहन निगम के जनसंपर्क अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन की तर्ज पर रोडवेज बस अड्डों पर भी कोरियर व पार्सल भेजने की जल्द सुविधा मिलेगी।

# आरक्षण पर राहुल गांधी का बयान छलावा : मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान छलावा है। कांग्रेस सरकार में पदोन्नति में आरक्षण बिल पारित न कराना इसका प्रमाण है।



- पदोन्नति में आरक्षण बिल पारित न कराना इसका प्रमाण

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि राहुल गांधी की ओर से आरक्षण पर दी गई सफाई गुमराह करने वाली बयानबाजी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 10 साल तक सरकार में रही कांग्रेस ने एससी-एसटी कर्मियों के पदोन्नति में आरक्षण संबंधी बिल को पारित नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि आरक्षण में पचास प्रतिशत सीमा बढ़ाने की बात भी छलावा है। कांग्रेस ने न तो ओबीसी आरक्षण लागू किया और न ही एससी-एसटी आरक्षण सही ढंग से लागू किया।

# अटल आवासीय विद्यालय का नया सत्र आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अटल आवासीय विद्यालय के नए सत्र का उद्घाटन गुरुवार से हो रहा हैं। मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में इस बार लखनऊ मंडल के साथ ही बरेली मंडल के छात्र भी नए सत्र से शिक्षा ग्रहण करेंगे।

इस बार 140 नए बच्चों का प्रवेश

सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि इस बार छठी और नवीं दोनों कक्षाओं में 140 छात्रों का दाखिला हुआ है। ऐसे ही बरेली मंडल के भी छठी और नवीं कक्षाओं में 140 बच्चों का दाखिला हुआ है। पुराने 80 छात्र है जो अब सातवीं कक्षा में प्रवेश कर चुके है। इस समय लखनऊ और बरेली मंडल को मिलाकर कुल 720 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। बरेली मंडल का भवन का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है जैसे ही पूरा हो जाएगा। बरेली मंडल के बच्चों को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

हर अटल आवासीय विद्यालय में 500 छात्र और 500 छात्राओं यानी कुल 1000 विद्यार्थियों को निशुल्क आवासीय सुविधा के साथ शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यालय में बच्चों को पौष्टिक आहार की भी व्यवस्था है। सभी अटल आवासीय विद्यालय सीबीएसई पैटर्न के साथ ही नई शिक्षा नीति (एनईपी) पर आधारित पाठ्यक्रम लागू हैं।



- लखनऊ और बरेली मंडल के छात्र पढ़ेंगे साथ

## वर्ग पहेली-189

**बाएं से दाएं**

1. शुभकारक, मंगलकारक।
4. मनोभावों की प्रधानता वाला गीत।
5. जलाशयों के किनारे पाया जाने वाला खजूर की जाति का एक ख़ूबसूरत पेड़।
7. उसी आकार या रूप का, उसी तरह का।

**ऊपर से नीचे**

1. तोता।
2. कृष्ण, वासुदेव।
3. किसी राज्य या देश के उन बालिग व्यक्तियों की सूची जिन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त हो, (वोटर्स लिस्ट)।
4. फ़सल का वह भाग जो मज़दूर को खलिहान की राशि में से मिलता है।
6. 1. हाथ की हथेली 2. मात्रिक छंदों में चार मात्राओं के गण का एक रूप 3. छप्पय छंद का एक भेद।




### वर्ग पहेली -188 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ | ह | 2 म | | 3 अ | |
| | | ह | | नु | |
| | | ल् | | 4 कं | 5 दु |
| 6 अ | भि | ले | ख | पा | ल |
| व | | दा | | | ख |
| दा | | री | | | ना |
| 7 ह | ठी | | 8 ध | नु | |

## सुडोकू -102

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 5 | | 2 |
| | | 3 | | | 5 | | 4 | |
| | | 6 | | 9 | | 7 | | 1 |
| | 4 | 2 | | 8 | | | 5 | |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 1 | | 2 | 8 | |
| 5 | | 9 | | 4 | | 3 | | |
| | 3 | | 2 | | | 8 | | |
| 1 | | 7 | 6 | | | 4 | | |

### सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 7 | 6 | 1 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 23 .32 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मूल 21 .53 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** – आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

**वृष** – आज आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। योग और प्राणायाम के लिए समय अवश्य निकालें। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है। रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। मन में निराशा का भाव न पनपने दें।

**मिथुन** – आज नया कार्य शुरू कर सकते हैं,लेकिन अत्यधिक अधीरता ठीक नहीं है। विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिए। प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करें। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** – आज अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन अवश्य लें। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है।

**सिंह** – आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों के साथ लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। व्यापार में परेशानी हो सकती है। अहम् की भावना के कारण नुकसान हो सकता है। दांपत्य संबंधों में आत्मीयता बढ़ेगी। गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान हो सकता है।

**तुला** – आज दोपहर के बाद कोई शुभ समाचार मिल सकता है। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा। रचनात्मक कार्यों में आपका नाम होगा। आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। बड़े भाई-बहनों को लेकर प्रसन्नता रहेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें।

**वृश्चिक** – आज नए घर या जमीन में निवेश कर सकते हैं। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। संतान के प्रति गौरवान्वित महसूस करेंगे। रिश्तों में प्रेम भावना का विकास होगा।

**धनु** – आज पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। काल्पनिक विचारों में खोए रहेंगे। काम रुक-रुक कर होंगे,लेकिन आपको सफलता मिलेगी। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**मकर** – आज अनावश्यक विचारों से आपको बचना चाहिए। मान-अपमान का भय रहेगा। बहुत से काम एक साथ करने का प्रयास न करें। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें।

**कुंभ** – आज अपने मन की बातें उनसे साझा कर सकते हैं। अपनी मनः स्थिति में शांत रखें। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें।

**मीन** – आज यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आग ही आग – सुबह : 09 .00
- विक्की डोनर – रात : 09 .00

&pictures
- केसरी – सुबह : 10 .55
- मदारी – रात : 08 .00

SONY PIX
- लाइट्स आउट – सुबह : 11 .11
- वेनम – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- शिवम – सुबह : 11 .01
- मंगलावरम – रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- गब्बर इज बैक – दोपहर : 12 .51
- खुदा गवाह – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी- यार तेरे घर से रोज हंसी की आवाज आती है। इस खुशहाल जिंदगी का राज क्या है?
पप्पू- वो क्या है न कि मेरी बीवी रोज मुझे जूतों से मारती है, लग जाए तो वो हंसती है और न लगे तो मैं हंसता हूं। बस ऐसे ही हंसी-खुशी जिंदगी गुजर रही है।
पड़ोसी बेहोश।

साइंस की टीचर क्लास में पढ़ा रही थी, टीचर ने पप्पू से कहा - तू बता जिंदा रहने के लिए क्या-क्या चीजें जरुरी हैं?
पप्पू - नहीं पता मैडम
टीचर - अरे जो आता है वही बता
पप्पू - जिंदा रहने के लिए तेरी कसम एक मुलाकात जरूरी है सनम...

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2300, राज श्री 1550, फॉर्चून कि. 1840, रविन्द्रा 2210, फॉर्चुन ली. 1690, जय जवान 1645, सचिन 1660, सूरज 1670, अवसर 1735, राग गोल्ड 1775, गृहणी ली 1685, क्लासिक (किलो) 1785, मोर 1790, चक्र टिन 2115, ब्लू 1805, आशीर्वाद मस्टर्ड 2130, स्वास्तिक 2270। किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 30000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900। चावल-(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950। दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 9700-10300, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13300, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 13700, अरहर पटका मोटा 14000, अरहर कोरा मोटा 14200, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100। चीनी -डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010, बहेड़ी 4020।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73900 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72900 |
| सिल्वर (पक्की) | 840 (अनुमानित) |

# देश को ग्रीन हाइड्रोजन का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे संस्करण का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- भारत स्वच्छ, हरित ग्रह के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो संदेश से ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया और जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में भारत को अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक स्वच्छ, हरित ग्रह के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

हम जी20 देशों में से पहले थे, जिन्होंने हरित ऊर्जा पर पेरिस समझौते को समय से पहले पूरा किया। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन ऐसी ही एक सफलता है, जिसमें रिफाइनरियों, उर्वरकों, इस्पात और भारी शुल्क वाले परिवहन जैसे कठिन-से-विद्युतीकरण क्षेत्रों को डीकार्बोनाइज करने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। 2023 में शुरू राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन इस महत्वाकांक्षा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नवाचार को बढ़ावा देगा, बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा, उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करेगा और हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करेगा। उन्होंने अक्षय ऊर्जा विकास में भारत के नेतृत्व पर जोर देते हुए कहा कि पिछले दशक में भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और इसी अवधि में 3000 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद वेंकटेश जोशी ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन पर कहा कि इसमें न केवल आठ लाख करोड़ के निवेश और छह लाख नौकरियां पैदा करने की क्षमता है, बल्कि आयातित प्राकृतिक गैस और अमोनिया पर निर्भरता को भी काफी कम करेगा।

# कंपनी की डेट समझें और करें शेयर का मूल्यांकन

किसी कंपनी की वित्तीय स्थिति को समझने के लिए उसकी उधारी (डेट) का विश्लेषण जरूरी है। उधारी, जिसे लायबिलिटीज भी कहते है, जो कंपनी के लिए उधार को दर्शाती है। इसके मुख्य प्रकार वर्तमान लायबिलिटीज (जिनका भुगतान एक वर्ष में) और दीर्घकालिक लायबिलिटीज (जिनका भुगतान एक वर्ष से अधिक समय में) होते हैं। उधारी के प्रबंधन को समझने के लिए, डेब्ट-टू-इक्विटी अनुपात, डेब्ट-टू-एसेट अनुपात, और इंटरेस्ट कवरेज अनुपात जैसे वित्तीय मानकों का विश्लेषण किया जाता है। ये मानक कंपनी की उधारी की मात्रा, ब्याज भुगतान की क्षमता और वित्तीय स्थिरता की स्थिति को स्पष्ट करते हैं। आईये इसके बारे में जानते हैं....

**बैलेंस शीट :** इसमें कंपनी की वित्तीय स्थिति की जानकारी होती है, जिसमें उधारी (लायबिलिटीज) भी होती है।

**आय विवरण :** इसमें कंपनी की आमदनी और खर्चे होते है। यह उधारी के भुगतान पर होने वाले ब्याज का विवरण देता है।

**वार्षिक रिपोर्ट :** कंपनियां वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय विवरण और स्थिति की जानकारी देती हैं। इसमें उधारी भी शामिल होती है।

**सेबी फाइलिंग्स :** कंपनी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध है तो सेबी या अन्य नियामक संस्थाओं के साथ उसकी फाइलिंग्स में उधारी के विवरण मिल सकते हैं।

**अन्य घोषणाएं :** कभी कंपनियां वित्तीय स्थिति का प्रेस रिलीज जारी करती हैं।

**क्रेडिट रिपोर्ट्स :** क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां (क्रिसिल, आईसीआरए) कंपनियों की उधारी की जानकारी देती हैं। ये कंपनी की स्थिति को समझने में मदद करती हैं।

### उधारी की मात्रा का आकलन

**डेब्ट-टू-इक्विटी अनुपात :** यह बताता है कि कंपनी की उधारी उसके शेयरधारकों की पूंजी की तुलना में कितनी है। सामान्यत:, कम अनुपात अधिक अच्छा है।

**डेब्ट-टू-एसेट अनुपात :** यह बताता है कि कंपनी की कुल संपत्तियों के मुकाबले कितनी उधारी है।

**ब्याज भुगतान :** यह बताता है कि कंपनी अपने ब्याज भुगतान को कितना आसानी से वहन कर सकती है। यह कंपनी की वित्तीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

**नकदी प्रवाह :** कंपनी के नकदी प्रवाह की निगरानी करें। यदि कंपनी के पास पर्याप्त नकदी प्रवाह नहीं है, तो वह उधारी का भुगतान करने में कठिनाई महसूस कर सकती है।

**कंपनी की वेबसाइट और निवेशक संबंध :** कंपनियां अपनी वेबसाइट पर निवेशक संबंध के पेज पर वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय विवरण, और अन्य दस्तावेज़ अपलोड करती हैं।

**संरचना :** क्या कंपनी के उधार की संरचना दीर्घकालिक है या तात्कालिक है और क्या इसमें उच्च ब्याज दर वाले ऋण हैं।

**योजनाएं :** कंपनी की मौजूदा वित्तीय योजनाओं और भविष्य की रणनीतियों की समीक्षा करें। यह समझने में मदद करेगा कि कंपनी अपनी उधारी को नियंत्रित करने के लिए क्या कर रही है।



# वाहन उद्योग ग्राहक, बिक्री के बाद की सेवाओं पर ध्यान दे : गडकरी

नई दिल्ली,एजेंसी



- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने फाडा के कार्यक्रम में कहा- वाहन डीलर का आत्मनिर्भर भारत के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग क्रांति के मुहाने पर है और इसे ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है। गडकरी ने वाहन डीलरों के निकाय फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश में कहा कि वाहन डीलर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के मिशन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गडकरी ने कहा कि वाहन उद्योग क्रांति के मुहाने पर है और जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, यह महत्वपूर्ण है कि यह क्षेत्र ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में नवाचार जारी रखे। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को आगे बढ़ाने में फाडा और उसके सदस्यों की भूमिका को बहुत महत्व देती है। उन्होंने वाहन खुदरा क्षेत्र को सरकार के हरसंभव समर्थन का आश्वासन दिया।

# निर्यात और आयात से जुड़ी हर जानकारी देगा व्यापार पोर्टल

- मंच सीमा शुल्क, नियमों समेत सभी सूचनाएं देगा पोर्टल : गोयल

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को निर्यात-आयात से जुड़ी सभी जानकारी देने के लिए व्यापार पोर्टल शुरू किया। ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत निर्यात-आयात बैंक, टीसीएस, वित्तीय सेवा विभाग और विदेश मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह मंच सीमा शुल्क, नियमों समेत सभी प्रकार की सूचनाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराएगा।

विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष सारंगी ने कहा कि यह निर्यातकों को महत्वपूर्ण व्यापार-संबंधी जानकारी रेगा। उन्हें विदेश में भारतीय दूतावास, वाणिज्य विभाग, निर्यात संवर्धन परिषद जैसी प्रमुख सरकारी संस्थाओं और विशेषज्ञों से जोड़ेगा।

# 6जी सेवा पेटेंट में देश की नजर 10% पर : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन को दूरसंचार मंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि सबसे तेज 5जी सेवा लाने के बाद भारत छठी पीढ़ी की मोबाइल सेवाओं में दुनियाभर में हुए पेटेंट का 10वां हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है। वह एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

सिंधिया ने कहा कि जहां हमारे पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी नेटवर्क है, 22 महीनों में 4.5 लाख 4जी टावर का निर्माण किया गया है, बीएसएनएल के लिए खुद की 4जी तकनीक का निर्माण किया गया है, हम भारत 6जी अलायंस को स्थापित कर 6जी की ओर भी बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य आने वाले दिनों में इस भारत 6जी अलायंस से 6जी में भारत के लिए 10 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट सुनिश्चित करना है। मंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक और सामाजिक उथल-पुथल के बीच भारत आशा और स्थिरता की किरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने अस्तित्व में पहली बार अपना स्वयं का 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा विकसित किया है, जिसे अगले वर्ष तक स्थापित दिया जाएगा। सिंधिया ने कहा कि न केवल प्रौद्योगिकी को लागू करना महत्वपूर्ण है, बल्कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी को डिजाइन और विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। हमने अपने लिए तीन लक्ष्य तय किए हैं। पहला लक्ष्य परिपूर्णता सुनिश्चित करना है हमारे देश के हर हिस्से को डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़ना चाहिए। हर व्यक्ति को डिजिटल क्रांति के माध्यम से हर अवसर का लाभ उठाने में सक्षम होना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि देश में साढ़े चार लाख टावर लगाए हैं। 20,000 और टावर लगाए जाने है और इस पहल के लिए 44,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### चार दोषियों की मृत्युदंड की सजा कारावास में बदली

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने 2013 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में चार दोषियों की मृत्युदंड की सजा को बुधवार को 30 वर्ष के कारावास में बदल दिया। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली के दौरान गांधी मैदान में विस्फोट हुए थे। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार और जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने एनआईए की विशेष अदालत द्वारा दो अन्य दोषियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा। 2021 में अदालत ने कुल नौ लोगों को दोषी ठहराया था, जिनमें से चार को मृत्युदंड, दो को आजीवन कारावास और दो को 10 साल की कैद और एक को सात साल की जेल की सजा और एक अन्य को सात साल की जेल की सजा सुनाई थी जबकि एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था।

### फर्जी खबर प्रसारित करने में एक पर मामला दर्ज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति पर भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर फर्जी खबर प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। बंगाल पुलिस ने बुधवार को एक्स पर कहा कि सोशल मीडिया पर अविश्वास पैदा करने तथा सार्वजनिक शांति भंग करने के इरादे से प्रधान न्यायाधीश को बदनाम करने तथा उच्चतम न्यायालय की गरिमा पर प्रहार करने के लिए फर्जी खबर प्रसारित की गयी। कृष्णगंज पुलिस थाने में फूलबाड़ी के सुजीत हलदार के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।

### हौद खोदने के दौरान मिट्टी में दबने से तीन की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर जिले के दांतारामगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार को एक हौद खोदने के दौरान मिट्टी ढह जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक जाकिर अख्तर ने बताया कि राजनपुरा गांव में मकान में हौद की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह गई, जिसमें दबने से किशन सिंह (40), उनके दो भतीजे राहुल (16) और विक्की उर्फ विकास (15) की दम घुटने से मौत हो गई।

### छह किलो हेरोइन मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने छह किलो हेरोइन मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी हरकमलप्रीत सिंह खख ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान मनवीर सिंह निवासी थत्थे गांव सरहाली, तरनतारन जिले के रूप में हुई है। वह सदर नकोदर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के संबंध में वांछित था।

# शिमला मस्जिद विवाद में अवरोधक तोड़े, पुलिस से झड़प

## प्रदर्शन के दौरान पथराव, पुलिस ने भीड़ हटाने को पानी की बौछारें मारी और किया लाठीचार्ज, 10 लोग घायल

- विरोध के लिए निषेधाज्ञा का किया उल्लंघन, प्रशासन की चेतावनियों की अनदेखी कर शुरू किया मार्च

शिमला, एजेंसी



शिमला के संजौली इलाके में मस्जिद में अवैध ढांचे को गिराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा अवरोधक को हटाते लोग।

शिमला के संजौली क्षेत्र में मस्जिद के अवैध हिस्से को ध्वस्त करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों की बुधवार को सुरक्षाकर्मियों से झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के लगाए अवरोधकों को तोड़ दिया और पथराव किया, जबकि पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं और लाठीचार्ज किया। इस दौरान पुलिस और महिलाएं सहित करीब 10 लोग घायल हो गए।

सैकड़ों प्रदर्शनकारी सब्जी मंडी ढल्ली पहुंचे। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए उन्होंने प्रशासन की चेतावनी की अनदेखी कर संजौली की ओर मार्च शुरू कर दिया। उन्होंने ढल्ली सुरंग के पास लगाए अवरोधक तोड़ दिए। कुछ हिंदू समूहों के आह्वान पर लोगों ने संजौली में प्रवेश किया और मस्जिद के पास लगे दूसरे अवरोधक को तोड़ दिया तो पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और पानी की बौछारें छोड़ीं। पुलिस ने हिंदू जागरण मंच के सचिव कमल गौतम सहित कुछ लोगों को हिरासत में लिया तथा मस्जिद के पास अवरोधक लगा दिए, लेकिन लोगों ने वहां से हटने से इनकार करते हुए नारेबाजी जारी रखी। झड़प से संजौली, ढल्ली और आसपास के इलाकों के बच्चे स्कूलों में फंसे रहे। लोगों ने बताया कि कई स्कूल प्रबंधन बच्चों को घर वापस भेजने के लिए जिला प्रशासन के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं। लाठीचार्ज के विरोध में व्यापार मंडल ने गुरुवार को 10 बजे से अपराह्न एक बजे बंद का आह्वान किया है। पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा ने बताया कि झड़प और पथराव में कम से कम छह पुलिसकर्मी घायल हुए हैं जबकि चार प्रदर्शनकारियों को भी चोटें आई हैं।

### सरकार स्थिति के बिगड़ने पर गंभीर रूप से चिंतित

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार स्थिति के बिगड़ने पर गंभीर रूप से चिंतित है और सभी घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि हम केंद्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के संपर्क में हैं और मैंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी प्रभारी राजीव शुक्ला से बात की है। वे भी चिंतित हैं कि कानून व्यवस्था की स्थिति में कोई गिरावट नहीं आए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिंदू समुदाय को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का अधिकार है, लेकिन किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# कांग्रेस ने 40 और नाम किए घोषित सुरजेवाला के पुत्र को मिला टिकट

**हरियाणा विस चुनाव**

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव के लिए बुधवार को 40 और उम्मीदवार घोषित किए। इनमें प्रमुख नाम पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला के पुत्र आदित्य का है जिन्हें कैथल से टिकट मिला है। कांग्रेस ने अब तक 81 नाम घोषित किए हैं। कांग्रेस ने पंचकूला से चंद्र मोहन, हिसार से रामनिवास रारा, बवानी खेड़ा से प्रदीप नरवाल, अंबाला शहर से निर्मल सिंह, ऐलनाबाद से भरत सिंह बेनीवाल और आदमपुर से चंद्रप्रकाश को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर चुनाव के लिए भी पांच नाम घोषित किए। पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचंद को छंब से टिकट दिया गया है।

### भाजपा ने की अंतिम सूची में रामबिलास को टिकट नहीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा ने बुधवार देर शाम अपनी तीसरी और अंतिम सूची जारी की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता रामबिलास शर्मा को महेंद्रगढ़ से टिकट नहीं दिया। साथ ही भाजपा ने सभी 90 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने महेंद्रगढ़ से कंवर सिंह यादव को मैदान में उतारा है। रामबिलास शर्मा को इसका एहसास था कि उन्हें टिकट नहीं मिलेगा, इसलिए उन्होंने पार्टी के उम्मीदवार घोषित किए जाने से पहले ही अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। भाजपा ने सिरसा से रोहताश जांगड़ा को, फरीदाबाद एनआईटी सीट से सतीश फागना को उम्मीदवार बनाया गया है। सिरसा का प्रतिनिधित्व गोपाल कांडा कर रहे हैं, जो भाजपा सहयोगी हरियाणा लोकहित पार्टी के प्रमुख हैं।

# केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ाई गई

- आप नेता दुर्गेश पाठक को अदातल ने दी जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आबकारी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में न्यायकि हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ा दी है। वहीं आप नेता दुर्गेश पाठक को जमानत दे दी है। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रही है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने ने 3 सितंबर को केजरीवाल, पाठक और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए कहा था कि उनके खिलाफ जांच आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। उन्होंने न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल के लिए पेशी वारंट जारी किया था और पाठक को 11 सितंबर को (आज) तलब किया था। सीबीआई ने कुछ सप्ताह पहले केजरीवाल, पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर और शरत रेड्डी के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दायर किया था।

# सजा निर्धारित करना दोषी का अधिकार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**मृत्युदंड का अनुरोध**

- पत्नी की हत्या में 30 साल से जेल में बंद व्यक्ति ने मौत को बताया बेहतर

पत्नी की हत्या में 30 साल से जेल में बंद व्यक्ति के जीवन पर्यन्त आजीवन कारावास को मृत्युदंड से कहीं अधिक बदतर बताने पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि आप चाहते हैं कि आपकी सजा फांसी में बदल दिया जाए।

स्वामी श्रद्धानंद उर्फ मुरली मनोहर मिश्रा (84) ने रिहाई का अनुरोध करते हुए कहा कि वह बिना किसी पैरोल या छूट के कारावास में है और जेल में रहने के दौरान उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल मामला दर्ज नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने रिहाई की याचिका रद कर दी। हालांकि पीठ 2008 के फैसले की समीक्षा के लिए अलग याचिका पर सुनवाई को सहमत है, जिसमें निर्देश दिया गया था कि उसे उसके शेष जीवन तक जेल से रिहा नहीं किया जाएगा।

# आप ने 30 और नामों की सूची की जारी

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** आप ने हरियाणा चुनाव के लिए 30 और उम्मीदवारों की सूची बुधवार को जारी की, जिसमें जुलाना से कविता दलाल को कांग्रेस की विनेश फोगट और भाजपा के योगेश बैरागी के खिलाफ उतारा गया है। वहीं, जजपा-आसपा गठबंधन ने भी 28 नामों की घोषणा की है। आप ने दोपहर में 21 नाम जारी करने के बाद शाम को एक और सूची जारी की हैं। आप ने जोगा सिंह को लाडवा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के खिलाफ उतारा है, जबकि निशा देशवाल को सफीदों से प्रत्याशी बनाया गया है। आप ने अब तक 70 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

# एनएमसी से निष्पक्ष काम करने की अपेक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाईकोर्ट को चुनौती देने वाली याचिकाएं रद कर याचिकाकर्ताओं पर 10 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) सरकार का एक अंग है और उससे निष्पक्ष तथा तर्कसंगत तरीके से काम करने की अपेक्षा की जाती है। साथ ही, शीर्ष अदालत ने केरल हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाएं रद कर दी और याचिकाकर्ताओं पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ मेडिकल कॉलेज को शिक्षण वर्ष 2023-24 के लिए सीट की संख्या 150 से बढ़ाकर 250 करने की दी गई मंजूरी वापस लेने संबंधी मामले में एनएमसी और अन्य की याचिकाओं पर विचार कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि किसी पक्ष को मंजूरी के लिए एक अदालत से दूसरी अदालत का चक्कर लगवाना, खासतौर पर जब संस्थान 18 वर्षों से संचालित है, केवल उस संस्थान को परेशान करने का प्रयास है। पीठ ने नौ सितंबर को पारित आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया लगता है कि एनएमसी का रवैया आदर्श याचिकाकर्ता का नहीं है। एनएमसी सरकार का अंग है और उससे निष्पक्ष कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। पीठ ने कहा कि विशेष अनुमति याचिकाएं कानून का दुरुपयोग हैं और इसलिए इन्हें रद किया जाता है तथा 10 लाख का जुर्माना भी लगाया जाता है, जिसका भुगतान चार सप्ताह में किया जाना चाहिए।

# मणिपुर में छात्रों और पुलिस में झड़प के बाद स्थिति तनावपूर्ण

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में एक दिन पहले राजभवन की ओर कूच करने का प्रयास कर रहे छात्रों और सुरक्षाबलों में झड़प होने के बाद बुधवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कर्फ्यू आज सुबह भी जारी रहा, जबकि अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिसकर्मी इंफाल में गश्त कर रहे हैं।

### प्रदर्शन के बाद विवि की परीक्षाएं स्थगित

**इंफाल।** छात्रों की सुरक्षा बलों से झड़प के एक दिन बाद राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य बुधवार को गुवाहाटी रवाना हो गए। मणिपुर विश्वविद्यालय ने भी अगले आदेश तक सभी स्नातकोत्तर (पीजी) और स्नातक स्तर (यूजी) की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे असम के राज्यपाल आचार्य सुबह 10 बजे गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए।

# मंत्रियों के फोन टैप के आरोपों पर मांगी रिपोर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वाम मोर्चे के विधायक पीवी अनवर के उन आरोपों के संबंध में मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन से रिपोर्ट मांगी है कि पुलिस ने मंत्रियों के फोन टैप कराए थे और कुछ पुलिस अधिकारी अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। सूत्र ने खुलासा किया कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सरकार की कार्रवाई पर जानकारी मांगी है। राजभवन पुलिस द्वारा मंत्रियों के फोन टैप कराने पर उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों का उल्लंघन मानता है।

# डॉक्टरों के सशर्त बातचीत के प्रस्ताव को बंगाल सरकार ने किया खारिज

कोलकाता, एजेंसी

- सरकारी अस्पतालों में काम फिर से शुरू करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश की दिलाई याद

प. बंगाल सरकार ने बुधवार शाम को आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों के सशर्त बातचीत के प्रस्ताव को खारिज कर दिया और उन्हें सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की याद दिलाई जिसमें डॉक्टरों को सरकारी अस्पतालों में काम फिर से शुरू करने के लिए कहा गया था।

कनिष्ठ स्वास्थ्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने राज्य सचिवालय नबन्ना में कहा कि सरकार अस्पतालों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सकारात्मक समाधान निकालने के लिए डॉक्टरों के साथ खुली और स्पष्ट चर्चा करने को तैयार है। हालांकि अधिकारी सशर्त बातचीत के मूड में नहीं थे। उन्होंने मुख्य सचिव मनोज पंत और डीजीपी राजीव कुमार के साथ संयुक्त मीडिया सम्मेलन में कहा कि डॉक्टरों की सशर्त बातचीत की मांग राजनीति से प्रेरित थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैं डॉक्टरों से आग्रह करती हूं कि वे किसी राजनीतिक दल के जाल में न फंसे और चर्चा की मेज पर आएं क्योंकि सरकार जूनियर डॉक्टरों को काम फिर से शुरू करने के लिए कहने वाले सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महिला आरोपी को अदालत ने जमानत देने से किया इनकार

**संसद सुरक्षा का उल्लंघन**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा के उल्लंघन में गिरफ्तार एकमात्र महिला आरोपी नीलम आजाद को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने कहा कि यह मानने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि आजाद के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सत्य हैं। इसलिए, इस अदालत को नहीं लगता कि यह नीलम को नियमित जमानत देने का उपयुक्त मामला है और मौजूदा जमानत याचिका रद की जाती है। न्यायाधीश ने कहा कि आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत को आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा संसद को निशाना बनाने की धमकी के बारे में पहले से जानकारी थी।



# रोहित, कोहली और पंत होंगे बड़े खिलाड़ी : लियोन



- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू होगी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला

मुंबई, एजेंसी

अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन का कहना है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत का प्रदर्शन देखने लायक होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रही है जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है।

लियोन ने यह भी चेतावनी दी है कि मेहमान टीम के पास इन बड़े खिलाड़ियों के अलावा एक शानदार लाइन-अप है जिससे मेजबान टीम के लिए चीजें काफी चुनौतीपूर्ण होंगी। उन्होंने कहा रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत शायद तीन बहुत बड़े खिलाड़ी होंगे। लेकिन फिर भी आपके पास यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रविंद्र जडेजा हैं। मुझे नहीं पता कि और अन्य पांच खिलाड़ी कौन होंगे, हालांकि लियोन को भरोसा है कि अगर ऑस्ट्रेलियाई टीम लंबे समय तक गेंदबाजी इकाई के रूप में प्रदर्शन करती है तो यह उनके लिए फायदेमंद होगा, लेकिन उनके पास एक बेहतरीन लाइन-अप है इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होगी। जैसा कि मैंने कहा कि अगर हम एक गेंदबाजी ग्रुप के तौर पर लंबे समय तक अच्छे रहे तो उम्मीद है कि हम उनके डिफेंस को चुनौती दे सकते हैं।

2014-15 में घरेलू मैदान पर अपनी आखिरी श्रृंखला में जीत के बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला जीतने में विफल रही है। तब से भारतीयों ने लगातार चार मौकों पर श्रृंखला जीती है जिसमें से दो बार उन्होंने घरेलू मैदान और दो बार प्रतिद्वंद्वी के मैदान पर जीत दर्ज की है जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली एकमात्र एशियाई टीम भी बन गई और टीम ने कई मौकों पर खिताब जीता। कुल मिलाकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की बात करें तो भारत सबसे सफल टीम है जो 10 बार इसे जीत चुकी है और उसने एक बार खिताब भी बरकरार रखा है।



# भारत में एसजी गेंद का सामना करना मुश्किल होगा : लिटन

**ढाका।** लिटन दास पाकिस्तान में हुई टेस्ट श्रृंखला में मिली ऐतिहासक 2-0 की जीत के दौरान बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी रहे और उनका मानना है कि भारत में लाल रंग की एसजी टेस्ट गेंद का सामना करना टीम के लिए पूरी तरह से अलग होगा जो काफी मुश्किल परीक्षा होगी।

लिटन ने दो टेस्ट में 56 और 138 रन की पारी खेली। वह 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान कप्तान नजमुल हुसैन शांटो, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन और युवा शादमान इस्लाम के साथ एक बार फिर बांग्लादेश के बल्लेबाजी लाइन के अहम खिलाड़ी होंगे। पाकिस्तान में टेस्ट मैच कूकाबुरा गेंद से खेले गए थे जो श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका द्वारा घरेलू मैदानों पर इस्तेमाल की जाती है। लिटन ने कहा भारत में गेंद अलग होगी। एसजी गेंद के खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल होता है। हम टेस्ट में सुधार कर रहे हैं, इसलिये हमें इस प्रारूप में थोड़ा और निरंतर होना चाहिए।

## खेल डायरी

### अमेरिका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, कनाडा और बेल्जियम ने डेविस कप फाइनल्स में पहले दौर के मुकाबले जीते

**वालेंशिया (स्पेन)।** जर्मनी ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बिना भी स्लोवाकिया को 3-0 से हराया जबकि 2023 के उपविजेता आस्ट्रेलिया ने फ्रांस को डेविस कप फाइनल्स के पहले मुकाबले में मात दी। चारों ग्रुप के मुकाबले चार अलग अलग शहरों में शुरू हुए। अंतिम आठ चरण के मुकाबले नवंबर में स्पेन के मालागा में खेले जाएंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप सी में जर्मनी ने स्लोवाकिया को हराया। चीन के जुहाइ में इस ग्रुप के एक अन्य मैच में 32 बार के विजेता अमेरिका ने चिली को 2-0 से हरा दिया। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप बी में फ्रांस को 2-1 से मात दी। ग्रुप डी में कनाडा ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया जबकि ग्रुप ए में बेल्जियम ने नीदरलैंड को इसी अंतर से मात दी।

### युनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को किया रिटेन, कई भारतीय भी

**फ्लोरिडा।** युनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के तीसरे सत्र के शुरू होने से पहले टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। नवंबर में फ्लोरिडा के ब्रावर्ड काउंटी स्टेडियम में खेली जाने वाली लीग से पहले पांचों फ्रेंचाइजी एनजे टाइटंस, न्यूयार्क काउबायज, मैरीलैंड मैवरिक्स, कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने अपनी कोर टीम को बनाए रखने के लिए रणनीतिक फैसले लिए हैं। एनजे टाइटंस ने आलराउंडर हरमीत सिंह, विस्फोटक बल्लेबाज एंड्रीस गौस और अमेरिका के पूर्व कप्तान सौरभ नेत्रावल्कर समेत छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। आक्रामक खेल के लिए प्रसिद्ध न्यूयार्क काउबायज ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जलाध दुआ, मुख्तार अहमद और तजिंदर सिंह ढिल्लों शामिल हैं। वहीं, मैरीलैंड मैवरिक्स ने अनुभवी आलराउंडर ड्वेन स्मिथ, अमेरिकी खिलाड़ी नास्थुश केनजिगे, उभरते सितारे साईतेजा मुक्कामल्ला और नील ब्रूम को रिटेन किया है।

### आईसीसी के अलार्डिस ने कहा- भारत में वनडे विश्व कप कराने से 1.39 अरब डॉलर का हुआ आर्थिक लाभ

**दुबई।** आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2023 में हुए एकदिवसीय विश्व कप से 1.39 अरब डॉलर का आर्थिक प्रभाव पैदा हुआ जिसमें सबसे अधिक लाभ पर्यटन क्षेत्र को हुआ। नीलसन द्वारा आईसीसी के लिए किए गए आर्थिक प्रभाव आकलन में दावा किया गया है कि पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में आयोजित यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय विश्व कप था। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ अलार्डिस ने कहा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने क्रिकेट की महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन किया है जिससे भारत को 1.39 अरब डॉलर (11,637 करोड़ रुपये) का आर्थिक लाभ हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया है, मेजबान शहरों में पर्यटन क्षेत्र में 86 करोड़ 14 लाख डॉलर का राजस्व सृजन हुआ जिसमें आवास, यात्रा, परिवहन और खाद्य एवं पेय पदार्थ शामिल हैं मैचों के लिए बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटक पहुंचे।

### दक्षिण अमेरिका विश्व कप क्वालीफायर में कोलंबिया ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया, खली मेस्सी की कमी

**बोगोटा (कोलंबिया)।** जेम्स रौड्रिगेज के पेनल्टी पर किये गए गोल की मदद से कोलंबिया ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। अर्जेंटीना को लियोनेल मेस्सी की कमी खली जो चोट के कारण कोपा अमेरिका फाइनल के बाद से नहीं खेल रहे हैं। कोलंबिया के लिए येरसोन मोस्केरा ने 25वें मिनट में पहला गोल किया लेकिन निको गोंजालेस ने 48वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। रौड्रिगेज ने 60वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके कोलंबिया को जीत दिलाई। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना ने जुलाई में कोलंबिया को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका खिताब जीता था। अन्य मुकाबलों में बोलिविया ने चिली को 2-1 से हराया जबकि इक्वाडोर ने पेरू को एक गोल से मात दी। वेनेजुएला और उरूग्वे का मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर से शीर्ष छह टीमें 2026 विश्व कप में सीधे जगह बनाएंगी।

# भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : राजकुमार की हैट्रिक से मलेशिया को 8-1 से दी शिकस्त

- सेमीफाइनल में पहुंची टीम, आज कोरिया से होगा सामना
- 14 को पाकिस्तान से होगा भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर



मलेशिया के खिलाफ गोल दागने के बाद जश्न मनाते भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी

युवा स्ट्राइकर राजकुमार पाल की हैट्रिक के दम पर गत विजेता भारत ने मलेशिया को 8-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत के साथ बुधवार को यहां हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। राजकुमार (तीसरा, 25वां और 33वां मिनट) के अलावा अराइजीत सिंह हुंदल (छठा और 39वां मिनट), जुगराज सिंह (सातवां मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (22वां मिनट) और उत्तम सिंह (40वां मिनट) ने गोल दागे। मलेशिया के लिये अखिमुल्लाह अनवर (34वां मिनट) ने एकमात्र गोल किया। भारत तीन मैच जीतकर नौ अंक के साथ शीर्ष पर है।

छह टीमों का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर खेला जा रहा है जिसमें शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। भारत ने इससे पहले मेजबान चीन को 3-0 से और जापान को 5-1 से हराया था। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का सामना गुरुवार को कोरिया से और शनिवार को पाकिस्तान से होगा। भारत और मलेशिया के बीच 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम हाफटाइम तक 1-3 से पीछे थी जिसके बाद वापसी करके 4-3 से जीत दर्ज करके खिताब जीता। भारतीय स्ट्राइकरों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पांच फील्ड गोल किए जबकि जुगराज, हरमनप्रीत और उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पहले ही क्वार्टर में लगातार हमले बोले।

राजकुमार ने तीसरे ही मिनट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले दम पर गेंद को गोल के भीतर डाला। तीन मिनट बाद अराइजीत ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। एक मिनट बाद जुगराज ने पेनल्टी कॉर्नर भुनाकर भारत को पहले ही क्वार्टर में 3-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में मलेशिया ने आक्रामक शुरूआत की और पेनल्टी कॉर्नर भी बनाया लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को 22वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से एक पर हरमनप्रीत ने गोल किया। कुछ मिनट बाद राजकुमार ने अराइजीत और उत्तम के शानदार मूव पर अपना दूसरा गोल किया। दूसरे हाफ के तीसरे ही मिनट में राजकुमार ने सीनियर स्तर पर अपनी पहली हैट्रिक पूरी करते हुए विवेक सागर प्रसाद के पास पर तीसरा गोल किया। मलेशिया के लिए इस बीच अनवर ने एक गोल दागा। भारत के लिए अराइजीत ने नीलाकांता के पास पर गोल किया जबकि उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड के जरिए गोल दागा। इससे पहले एक अन्य मैच में पाकिस्तान ने जापान को 2-1 से हराया।

# शुक्रिया श्रीजेश : प्रधानमंत्री ने लिखा श्रीजेश को पत्र

**नई दिल्ली।** हॉकी को अलविदा कह चुके महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला पत्र सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें प्रधानमंत्री ने खेल में उनके योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वह नये राष्ट्रीय जूनियर कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावी होंगे।



तोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस में कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने हॉकी से विदा ली। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत भी जीत चुके हैं। हॉकी इंडिया ने उन्हें जूनियर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा मुझे विश्वास है कि नई भूमिका में भी आपका काम उतना ही प्रभावी और प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने 16 अगस्त को लिखे पत्र में कहा आपने खेल से विदा लेने का फैसला किया है और मैं भारतीय हॉकी में आपके अपार योगदान की ह्रदय से सराहना करता हूं। श्रीजेश ने प्रधानमंत्री मोदी का पत्र साझा करते हुए एक्स पर लिखा मेरे संन्यास पर नरेंद्र मोदी सर का पत्र मिला। हॉकी मेरा जीवन है और मैं खेल की सेवा करता रहूंगा। भारत को हॉकी की महाशक्ति बनाने के लिए काम करता रहूंगा जिसकी शुरूआत 2020 और 2024 ओलंपिक पदकों से हो गई है । मुझ पर विश्वास जताने के लिये धन्यवाद प्रधानमंत्री सर।

# तीसरे दिन बारिश ने धोया टेस्ट

- गीली आउटफील्ड के चलते अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच मुश्किल ही होगा ये टेस्ट मैच



ग्रेटर नोएडा के मैदान पर लगातार तीसरे दिन बिछे रहे कवर। ● एजेंसी

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट पर बारिश की गाज लगातार गिर रही है और तीसरे दिन का खेल भी बुधवार को भारी बारिश के कारण रद होने से मैच के पूरी तरह धुलने के आसार है। पहले दो दिन भी गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी । मौसम को देखते हुए मैच अधिकारियों ने बुधवार का खेल रद्द करने में देर नहीं लगाई। अभी तक मैच का टॉस भी नहीं हो सकता है।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे दिन का खेल भारी बारिश के कारण रद हो गया है। आसमान साफ होने पर मैच कल होगा और 98 ओवर फेंके जाएंगे। बीसीसीआई मैच को शुरू कराने के लिये हर संभव मदद कर रहा है। मंगलवार की शाम अरूण जेटली स्टेडियम से अतिरिक्त कवर मंगवाये गए लेकिन जिन जगहों को ढका नहीं जा सका, वहां पानी जमा हो गया। न्यूजीलैंड टीम ने मंगलवार को अभ्यास किया लेकिन बुधवार को टीमें मैदान पर नहीं आई। अफगानिस्तान टीम के कोच जोनाथन ट्रॉट को छोड़कर कोई खिलाड़ी नहीं आया।

अगले दो दिन और बारिश की आशंका है और लगता नहीं कि मैच आगे हो सकेगा। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक सात ही मैच ऐसे हुए हैं जो एक भी गेंद फेंके बिना रद किये गए हों। अफगानिस्तान इस मैच की मेजबान है जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता।

### 18 वर्ष से कम उम्र वाले मुफ्त में लेंगे टी-20 विश्व कप का मजा

**दुबई।** तीन अक्टूबर से शुरु होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप लिए आईसीसी ने किफायती मूल्य वाले टिकटों की घोषणा की। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने तीन से 20 अक्टूबर तक चलने वाले टूर्नामेंट में पांच दिरहम से शुरू होने वाले टिकटों और 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) बोर्ड के सदस्य जैद अब्बास के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम आयोजन की विरासत पर ईसीबी और दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ भी काम करेंगे। हम 500 से अधिक लड़कियों को खेल में शामिल होने और क्रिकेट का पहला मजेदार अनुभव देने का मौका देने के लिए क्रियो फेस्टिवल आयोजित करेंगे।

# महिला टी-20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की संभावनाएं प्रबल

वेलिंगटन, एजेंसी

- न्यूजीलैंड के सहायक कोच मैकमिलन ने कहा- बेट्स और डिवाइन के लिए सुनहरा मौका

न्यूजीलैंड के सहायक कोच क्रेग मैकमिलन का मानना है कि अगले महीने यूएई में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में उनकी टीम की संभावनाएं प्रबल हैं। न्यूजीलैंड ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। टीम में युवा जोश और अनुभव का संगम है।

बेट्स और डिवाइन न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में कितना अच्छा प्रदर्शन करते हैं, यह कीवी टीम की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह जोड़ी टूर्नामेंट की शुरुआत से ही टूर्नामेंट के हर संस्करण में शामिल रही है। यह जोड़ी दो बार न्यूजीलैंड (2009,2010) के साथ प्रतियोगिता में उपविजेता रही और अन्य दो मौकों (2012,2016) में सेमीफाइनल तक पहुंची। मैकमिलन ने कहा जब वे (डिवाइन और बेट्स) रिटायर हो जाएंगे, तो वे न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बन जाएंगे। मुझे हमारे पास मौजूद अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने वाले युवाओं के साथ संतुलन पसंद है, लेकिन हमें जो चाहिए वह है कि हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार अपना काम करे और अगर ऐसा होता है, तो आप कभी नहीं जान सकते कि विश्व कप के समय क्या हो सकता है।

## बॉलीवुड हलचल



# सिद्धांत की फिल्म युध्रा का एक्शन-पैक्ड ट्रेलर लॉन्च

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म युध्रा का एक्शन-पैक्ड ट्रेलर 2 लॉन्च किया। एक्सेल एंटरटेनमेंट अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म युध्रा के साथ एक अनोखा एक्शन अनुभव लेकर आ रहा है। हाई-एनर्जी वाले ट्रेलर और कैची गानों के बाद, सिद्धांत चतुर्वेदी और राघव जुयाल की फिल्म युध्रा का एक्शन-पैक्ड ट्रेलर 2 लॉन्च कर दिया है। सिद्धांत ने मुंबई के गेयटी गैलेक्सी में हजारों फैंस और मीडिया के सामने एक्शन से भरपूर ट्रेलर 2 को लॉन्च किया है। यह एक जोशीला और रोमांचक पल था, जिसमें सिद्धांत चतुर्वेदी की मौजूदगी ने फैंस को दीवाना बना दिया। एक्शन और एक्साइटमेंट से भरपूर, युध्रा का ट्रेलर 2 सिद्धांत चतुर्वेदी द्वारा निभाए गए निडर और तेज युध्रा और राघव जुयाल द्वारा निभाए गए खतरनाक विलेन शफीक के बीच एक खतरनाक लड़ाई दिखाता है। एक बड़े शो डाउन और दमदार डायलॉग्स के साथ, ट्रेलर यह साफ करता है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिद्धवानी और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस, युध्रा 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इसमें गजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन और राघव जुयाल जैसे टैलेंटेड सपोर्टिंग कास्ट हैं।

# संजय दत्त ने किया एलान, मीना कुमारी और कमाल अमरोही के जीवन पर बनेगी फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड की ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी और उनके पति फिल्मकार कमाल अमरोही के जीवन पर फिल्म बनाई जाएगी। मीना कुमारी और कमाल अमरोही के जीवन पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका निर्माण कमाल अमरोही के पोते बिलाल अमरोही कर रहे हैं। संजय दत्त ने कमाल और मीना नाम की इस अपकमिंग फिल्म का एलान किया है। कमाल और मीना फिल्म के मोशन वीडियो को संजय दत्त ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में मीना कुमारी और कमाल अमरोही की प्रेम कहानी से संबंधित किस्सों को दिखाया जा रहा है। बैकग्राउंड में फिल्म पाकीजा का चलते-चलते सॉन्ग भी सुनाई देगा। अंत में कमाल और मीना टाइटल सामने आता है। इसके कैप्शन में संजय ने लिखा है- डियर साची और बिलाल, नए वेंचर के लिए आपको शुभकामनाएं। ये सफल हो, संजय मामू का प्यार आप पर हमेशा रहेगा। ये फिल्म जरूर देखें।



# देवरा में जान्हवी ने सर्वश्रेष्ठ काम किया : करण

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर का कहना है कि फिल्म देवरा में जान्हवी कपूर ने अपना सर्वश्रेष्ठ काम किया है। करण जौहर, ने फिल्म देवरा के नार्थ इंडिया के वितरण के अधिकार हासिल किए हैं। करण जौहर ने हाल ही में देवरा ट्रेलर लॉन्च में जूनियर एनटीआर, जान्हवी कपूर और सैफ अली खान की उनके अभिनय की प्रशंसा की। फिल्म देवरा में जान्हवी कपूर के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, करण जौहर ने कहा और मैं अपनी बेटी (जान्हवी) के बारे में क्या कहूँ जो सचमुच सोने में चमक रही है, हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही है। मुझे अभी भी वह पल याद है जब तारक और मैंने जान्हवी को देवरा में कास्ट करने के बारे में बात की थी और मेरे लिए, जब उसने वास्तव में प्रदर्शन करना शुरू किया तो मैं एक गौरवान्वित पिता की तरह महसूस कर रहा था। और तारक के साथ कदम मिलाना कोई आसान काम नहीं है, उसने वास्तव में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। करण जौहर ने जूनियर एनटीआर के साथ अपनी दोस्ती, सैफ अली खान के प्रति अपनी प्रशंसा और जान्हवी कपूर के प्रदर्शन पर अपने गर्व को उजागर किया। करण जौहर ने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत ब्रह्मास्त्र की सफलता का श्रेय जूनियर एनटीआर को दिया। जब ब्रह्मास्त्र को दक्षिण में रिलीज मिल रही थी। फिल्म आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली के प्रचार में मदद की थी ।मुझे याद है जब उन्होंने हैदराबाद में सभी के सामने ब्रह्मास्त्र प्रस्तुत किया था। यह हमारे लिए एक बड़ा क्षण था, इतने बड़े मेगास्टार ने एक और फिल्म के बारे में बात करने के लिए अपनी सीमा से बाहर जाकर काम किया। इससे दक्षिण भारत में फिल्म के व्यवसाय में मदद मिली, और उन्होंने वास्तव में ब्रह्मास्त्र के बॉक्स ऑफिस पर प्रभाव डाला।



## देवरा पार्ट 1 से तेलगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं सैफ अली खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के छोटे नवाब सैफ अली खान फिल्म देवरा पार्ट 1 से तेलगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। देवरा पार्ट 1 से सैफ अली खान तेलगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। देवरा- पार्ट 1 में सैफ अली खान एक खूंखार विलेन की भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म में वह जूनियर एनटीआर से टक्कर लेते दिखाई देंगे। इस फिल्म में सैफ भैरा के नेगेटिव किरदार में नजर आएंगे। सैफ अली खान ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो, जैसा कि मैंने कहा, मैं बहुत एक्साइटेड था कि मुझे साउथ में इतने बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिला है ।साउथ इंडस्ट्री ने हमें कई फिल्में दी हैं और मुझे लगता है कि फ्यूचर में और भी ब्लॉकबस्टर फिल्में हमें मिलेंगी। निर्देशक कोराताला शिवा ने ओमकारा जैसी फिल्मों में उनके पिछली परफॉर्मेंस के आधार पर मुझे यह भूमिका ऑफर की। ओमकारा के लिए मैं विशाल जी का शुक्रगुजार हूँ। देवरा के लिए मैं बहुत रोमांचित था, यह बहुत बड़ी फिल्म है। भैरा एक एंटी-हीरो, एक सीधा-सादा विलेन है। इसे निभाना वाकई बहुत बढ़िया था। भैरा के किरदार में आपको यंग वर्जन, ओल्ड वर्जन देखने को मिलेंगे। जूनियर एनटीआर एक बेहतरीन कलाकार, बहुत मिलनसार इंसान हैं। पहले दिन हमने खूब हंसी-मजाक किया और जब मैं शॉट का इंतजार कर रहा था, तब वह मेरी वैन में आए और उन्होंने मुझे बहुत अच्छा महसूस कराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

